news@group5.in | group5news | group5news

www.group5news.com

www.group5news.com/epaper

हिन्दी दैनिक

# ग्रुप-5 समाचार

सदैव आपके साथ...

लखनऊ || मंगलवार || 8 अप्रैल , 2025 वर्षः 17 || अंकः 109 || पृष्ठः 12 || मूल्यः 2/-





अंदर पढ़ें

» 08 सिराज के 100 विकेट पूरे, जहीर खान की बराबरी...

» 07 टैरिफ वारः समझदारी से बाजार में उठाएं फायदा...

» 11 तारा सुतारिया ने सीफूड सैटरडे का लुत्फ ...


# हिमालय में उड़ने वाला जानवर मिला, देख दुनिया हैरान...

● क्या हरी दीवार बनाने में फेल हैं देश? ● क्या है जैव विविधता का संकट, जिससे धरती परेशान ● 10 लाख प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा क्यों

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में हाल ही में एक उड़ने वाला जानवर मिला है, जिससे देश और दुनिया के वैज्ञानिक हैरान हैं। यह जानवर हिमाचल के लाहौल-स्पीति में मिला है। यह खोज वैज्ञानिकों को बेहद खुशी दे सकता है, क्योंकि इस तरह के पशुओं से भारत की अंतरराष्ट्रीय साख बढ़ती है। वन विभाग के वन्यजीव प्रभाग द्वारा ने जिला की मियार घाटी में इसकी खोज की है। यहां कैमरा टैपिंग सर्वेक्षण के दौरान उड़ने वाली गिलहरी मिली है, जिसे यूपेटॉरस सिनेरेउस (woolly flying squirrel) कहा जाता है। जानते हैं भारत समेत दुनिया के कई देश जैव विविधता के लिए ग्रीन वॉल बनाने में क्यों फेल हो रहे हैं?

सात दशकों तक विलुप्त रही है यह प्रजाति- दरअसल, उत्तर-पश्चिम हिमालय की इस विलक्षण और दुर्लभ प्रजाति को लगभग सात दशकों तक विलुप्त माना जाता था, जब तक कि 1994 में इसकी पुनः खोज नहीं हुई। हिमाचल प्रदेश में इसकी मौजूदगी देश और दुनिया की जैव विविधता के लिए अहम है। दरअसल, यह सर्वेक्षण हिम तेंदुए की संख्या आकलन के लिए भारत सरकार के एक प्रोजेक्ट के तहत किया जा रहा था, जब यह गिलहरी मिली।

**हिम तेंदुआ, लाल लोमड़ी और हिमालयी भेड़िया भी मिला-** कैमरा ट्रैप्स ने ऊनी उडने वाली गिलहरी के अलावा कई अन्य महत्त्वपूर्ण वन्यजीवों जैसे हिम तेंदुआ, लाल लोमड़ी, हिमालयी भेड़िया और नेवले की मौजूदगी भी देखी गई। ये प्रजातियां




आमतौर पर पहाड़ों के ऊपर के क्षेत्रों और चट्टानी ढलानों वाले पारिस्थितिकी तंत्र में पाई जाती हैं। यह खोज न केवल मियार घाटी की जैविक विविधता को दर्शाती हैं, बल्कि हिमालयी पारिस्थितिक तंत्र की समृद्धता और संरक्षण की जरूरत को भी बताती हैं।

**क्या होती है जैव विविधता, इनकी दुनिया क्या है-** जैव विविधता का मतलब है पृथ्वी पर जीवन की विविधता, जिसमें सभी तरह के पौधे, जानवर, सूक्ष्मजीव और उनके द्वारा बनाए गए पारिस्थितिक तंत्र शामिल हैं। जैव विविधता प्रकृति में हर उस चीज का समर्थन करती है जिसकी हमें जीवित रहने के लिए आवश्यकता होती है, जैसे भोजन, स्वच्छ पानी, दवा और आश्रय। हम जिस जैव विविधता को जानते हैं, उसे मोटे तौर पर 4 हिस्सों में बांटा जा सकता है-आनुवंशिक विविधता, प्रजाति विविधता, पारिस्थितिकी तंत्र विविधता और कामकाज के हिसाब से विविधता।

**10 लाख प्रजातियों के विलुप्त होने का मंडरा रहा खतरा-** डिफेंडर्सडॉटओआरजी पर छपी एक रिपोर्ट के अनुसार, यह एक चौंकाने वाली सच्चाई है कि अगर हम जैव विविधता संकट को दूर करने के लिए अभी से कदम नहीं उठाते हैं तो आने वाले दशकों में दुनिया भर में दस लाख प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा है। इतनी बड़ी मात्रा में नुकसान का न केवल प्रजातियों पर बल्कि हमारे अपने स्वास्थ्य और कल्याण पर भी अकल्पनीय नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

**उत्तरी अमेरिका से कहां चले गए 300 करोड़ पक्षी-** 1970 के बाद से उत्तरी अमेरिका से तीन अरब पक्षी गायब हो गए हैं और पिछले 40 वर्षों में अमेरिका में भृंगों की संख्या में 83 प्रतिशत की कमी आई है। अमेरिका के 41 प्रतिशत पारिस्थितिकी तंत्र पहले से ही व्यापक रूप से ढहने के जोखिम में हैं।

## काबिल टीचर्स के लिए कोर्ट का फैसला अन्यायपूर्ण : ममता

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को उन शिक्षकों और स्टाफर्स से मुलाकात की, जिनकी भर्ती सुप्रीम कोर्ट ने निरस्त कर दी है। ममता बनर्जी ने कहा कि हम कोर्ट के



आदेश से बंधे हुए हैं। यह फैसला उन कैंडिडेट्स के लिए अन्याय है, जो काबिल शिक्षक थे। ममता ने यह मुलाकात कोलकाता के नेताजी इनडोर स्टेडियम में की। इस दौरान उन्होंने कहा, आप लोग यह मत समझिए कि हमने फैसले को स्वीकार कर लिया है। हम पत्थरदिल नहीं हैं। मुझे ऐसा कहने के लिए जेल भी डाल सकते हैं, लेकिन मुझे फर्क नहीं पड़ता है। वहीं, शिक्षकों ने कहा कि घोटाले में सीएम,उनका मंत्रिमंडल और आयोग सभी शामिल हैं। नौकरियों के बदले रिश्वत ली गई है। सीएम ने आज हमें 'लॉलीपॉप' दिया है कि मामले की जांच कराएंगी।

## आसाराम को फिर 1 जुलाई तक अंतरिम जमानत




**जोधपुर (एजेंसी)।** जोधपुर के आश्रम में नाबालिग से रेप के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को गुजरात के बाद अब राजस्थान हाईकोर्ट से भी राहत मिली है। कोर्ट ने उसकी अंतरिम जमानत 1 जुलाई तक बढ़ा दी है।

## युवक ने बीच सड़क लड़की को गलत तरीके से छुआ

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बेंगलुरु के एक वायरल वीडियो में युवक सड़क पर दो लड़कियों के पास जाकर उन्हें गलत तरीके से छूकर भागता हुआ दिखाई दे रहा है। वीडियो बेंगलुरु के बीटीएम लेआउट इलाके का है। घटना 3 अप्रैल की है।



सोमवार को जब कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर से इस पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा- इस तरह की घटनाएं बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों में होती रहती हैं। हालांकि उन्होंने मामले को लेकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही। साथ ही उन्होंने पुलिस को गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया। छेड़छाड़ के बाद आरोपी भागता दिखा। बेंगलुरु पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज कर लिया है।

वर्ल्ड हेल्थ डे पर -पीएम मोदी ने दिया

# 'आरोग्यम परमं भाग्यम' का संदेश



● कहा- अच्छा स्वास्थ्य समृद्ध समाज की नींव रखता है

● मोटापे को लेकर जताई चिंता, दी सलाह, फिट रहने के लिए तेल का प्रयोग करें कम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 'आरोग्यम परमं भाग्यम' यानी सेहतमंद होना परम सौभाग्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ल्ड हेल्थ डे के अवसर पर इस श्लोक के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। उन्होंने कहा, 'विश्व स्वास्थ्य दिवस के इस मौके पर, हम एक स्वस्थ दुनिया के निर्माण की अपनी प्रतिबद्धता को फिर से संकल्पित करें।'

मोदी ने स्वास्थ्य क्षेत्र पर निरंतर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा, 'हम हेल्थ सैक्टर में निवेश करेंगे, क्योंकि अच्छे स्वास्थ्य से ही समृद्ध समाज की नींव रखी जा सकती है।

**जीवनशैली में बदलाव ने भारतीयों के स्वास्थ्य को चुनौती दी**

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने मोटापे की बढ़ती समस्या पर चिंता व्यक्त की और लोगों से अपने खाने में तेल का इस्तेमाल 10 प्रतिशत तक कम करने की अपील की।

उन्होंने स्वास्थ्य को सबसे बड़ी पूंजी और भाग्य बताते हुए कहा, 'जीवनशैली में बदलाव ने भारतीयों के स्वास्थ्य को चुनौती दी है, और मोटापे की समस्या एक गंभीर खतरे के रूप में उभरी है।

प्रधानमंत्री ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 2050 तक भारत में 440 मिलियन से अधिक लोग मोटापे से प्रभावित होंगे।'

● संघ प्रमुख भागवत बोले

## औरंगजेब को न मानने वालों का संघ में स्वागत

कहा-भारतीयों की पूजा पद्धति अलग, संस्कृति एक, काशी से दिए 4 बड़े मैसेज

**वाराणसी (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने काशी में कहा-औरंगजेब को आदर्श न मानने वाले भारतीयों का संघ में स्वागत है। शाखा में शामिल होने वाले सभी लोग भारत माता की जय बोलें और भगवा ध्वज के प्रति सम्मान प्रकट



करें। उन्होंने कहा- भारतीयों का रहन-सहन, पूजा पद्धति अलग हो सकती है, लेकिन संस्कृति एक है। भागवत मलदहिया में संघ की शाखा में शामिल हुए। वहां स्वयं सेवकों के सवालों के जवाब दिए।

इससे पहले, 30 मार्च को नागपुर में पीएम मोदी ने भागवत से मुलाकात की थी। अपनी 5 दिवसीय काशी यात्रा में भागवत ने हिंदुत्व पर संदेश दिया। कहा- हिंदू समाज के सभी पंथ, जाति, समुदाय साथ आएं। श्मशान, मंदिर और पानी सब हिंदुओं के लिए एक होना चाहिए। इसमें भेदभाव क्यों ?

भागवत ने 4 बड़े मैसेज दिए। पहला- हिंदू जातियों में नहीं बंटना चाहिए। दूसरा- गांवों में संघ की गतिविधियां बढ़ेंगी। तीसरा- गांव से लेकर शहर तक पढ़े-लिखे युवाओं को संघ से जोड़ा जाएगा। चौथा- 2027 से पहले भाजपा और संघ एक होगा। काशी के बाद 7 अप्रैल को मोहन भागवत लखनऊ में थे, आज 8 अप्रैल को कानपुर जाएंगे। यहां भी जातियों में बंटे समाज को एक करने की कोशिश करेंगे। 30 अप्रैल को एक बार फिर वह काशी आएंगे। यहां होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होंगे।

बिहार में राहुल बोले-

## ट्रंप की वजह से शेयर बाजार में गिरावट

● पटना में कहा- देश में गरीब, आदिवासी सेकंड सिटीजन, मोदी जी माय एक्सपेरिमेंट विथ लाइज लिखेंगे



**बेगूसराय,पटना (एजेंसी)।** सोमवार को बिहार दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार और आरएसएस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी ने माय एक्सपेरिमेंटस् विथ ट्रूथ लिखा था। मोदी जी शायद माय एक्सपेरिमेंटस् विथ लाइज लिखेंगे।

शेयर बाजार में भारी गिरावट पर राहुल ने कहा, अमेरिकी प्रेसिडेंट ट्रम्प ने शेयर बाजार की धज्जियां उड़ी दी है। आज मार्केट धराशाई हो गया है।

आरएसएस पर हमला बोलते हुए कहा, देश के संविधान में सावरकर की सोच नहीं है। इसमें महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू और अंबेडकर जैसे लोगों की सोच है।

**बेगूसराय में कांग्रेस की पलायन रोको यात्रा में शामिल हुए-** राहुल गांधी पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन में पहुंचे थे। इससे पहले उन्होंने बेगूसराय में कांग्रेस की पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा में हिस्सा लिया। कन्हैया कुमार के साथ एक किलोमीटर पैदल यात्रा की।

## बाजार पर भारी पड़ा 'ट्रंप टैरिफ'

● सेंसेक्स 2227 अंक टूटा, निफ्टी 22000 से नीचे फिसला,19 लाख करोड़ डूबे

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** सोमवार, 7 अप्रैल को शेयर मार्केट में साल की दूसरी सबसे बड़ी गिरावट आई। इसके कारण निवेशकों के करीब 19 लाख करोड़ रुपए डूब गए। जापान, हॉन्गकॉन्ग समेत अन्य एशियाई बाजारों में भी बड़ी गिरावट देखी गई है। ऐसे में इस दिन को 'ब्लैक मंडे' कहा जा रहा है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह ट्रम्प का रेसिप्रोकल टैरिफ है। अनुमान लगाया जा रहा है कि 2025 के आखिर तक अमेरिका में आर्थिक मंदी आ सकती है।

**अमेरिकी एक्सपर्ट बोले- 1987 जैसा होगा हाल-** फाइनेंशियल कॉमेंटेटर और सीएलबीसी के शो मैड मनी के होस्ट जिम क्रैमर की चेतावनी के बाद भारतीय बाजार 4 प्रतिशत गिरकर कारोबार कर रहे हैं। क्रेमर ने दो दिन पहले कहा था कि अमेरिकी बाजार में 1987 जैसा 'ब्लैक मंडे' आ सकता है। क्रेमर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से दुनियाभर के देशों पर लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ को इसकी वजह बताया है। क्रेमर ने कहा- अगर ट्रम्प नियमों का पालन करने वाले देशों को राहत नहीं देते हैं, तो 1987 जैसे हालात बन सकते हैं। तब तीन दिन की गिरावट के बाद सोमवार को बाजार 22 प्रतिशत गिर गया था।

आज भारतीय बाजार का इंडेक्स सेंसेक्स 3000 अंक (4 प्रतिशत) गिरकर करीब 72,300 के स्तर पर है। निफ्टी में 900 अंक (4.50 प्रतिशत) की गिरावट है। ये 22,000 से नीचे कारोबार कर रहा था।

## ताइवान पर 6 महीने में चीनी हमला...

ड्रैगन के मंसूबों पर अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट में बड़ा खुलासा, एशिया में छिड़ सकता है भीषण युद्ध

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन की ओर से ताइवान पर हमले का प्लान बनाया जा रहा है। चीन ने इसके लिए तैयारी कर ली है और इसी साल ये हमला हो सकता है। खुफिया सूत्रों से बातचीत के आधार पर की गई अपनी रिपोर्ट में 19 फोर्टीफाइव ने ये दावा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन अगले छह महीनों में ताइवान पर कब्जा करने की कोशिश



कर सकता है। ये ऐसा समय हो रहा है जब चीनी सत्ता के गलियारों में ताइवान पर हमले की मांग बढ़ रही है। बीजिंग में सवाल हो रहा है कि अगर ताइवान को अब नहीं तो कब चीन का हिस्सा बनाया जाएगा।

अमेरिका ने लगातार ताइवान को अपना समर्थन देने के संकेत दिए हैं। हालांकि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के नेता मानते हैं कि अमेरिका के लिए ताइवान पर चीनी आक्रमण को रोकना मुमकिन नहीं होगा। चीनी सेना और सरकार ताइवान को अपने में मिलाने के विकल्पों पर विचार कर रहा है। इनमें नाकाबंदी, सैन्य हमले और दूसरे विकल्प शामिल हैं। चीन, ताइवान के साथ जो कर रहा है। उसमें इंटरनेट और संचार के केबलों को काटना, चुनावों में हस्तक्षेप करना और गलत सूचनाएं फैलाना शामिल है। सूत्रों का ये भी मानना है कि अमेरिका इसमें दखल से सकता है और चीन की ये कोशिश ताइवान में बड़ी जंग की वजह बन सकता है।

## घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 50 रुपए बढ़े

● नई कीमतें आज से लागू होंगी, दिल्ली में अब 853 रुपए का मिलेगा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** घरेलू गैस सिलेंडर 50 रुपए महंगा हो गया है। आज यानी, सोमवार 7 अप्रैल को पेट्रोल मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इसकी जानकारी दी। अभी दिल्ली में गैस सिलेंडर 803 रुपए में मिलता है। दाम बढ़ने के बाद कीमत 853 रुपए हो जाएगी। वहीं उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के गैस सिलेंडर की कीमत 500 से बढ़कर 550 रुपए हो जाएगी।

**पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 2 रुपए बढ़ी पर आम लोगों के लिए दाम नहीं बढ़ेंगे-** सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 2 रुपए प्रति लीटर बढ़ा दी है। हालांकि, आधे घंटे बाद ये भी साफ किया कि इससे पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे। इसे कच्चे तेल की घटी कीमतों से एडजस्ट किया जाएगा।अभी सरकार पेट्रोल पर 19.90 रुपए लीटर और डीजल पर 15.80 रुपए लीटर एक्साइज ड्यूटी वसूल रही है। इस बढ़ोतरी के बाद पेट्रोल पर 21.90 रुपए लीटर और डीजल पर 17.80 रुपए लीटर ड्यूटी लगेगी।

## अगले 11 दिन देश में भीषण गर्मी का अनुमान

बाड़मेर में 26 साल का रिकॉर्ड टूटा, एमपी में हीटवेव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 10 अप्रैल तक राजस्थान, मध्य प्रदेश के कुछ जिलों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री से ऊपर जा सकता है। राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। आज सोमवार को 14 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। बाड़मेर-जैसलमेर में पारा 45 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। पिछले 26 साल में बाड़मेर में अप्रैल के पहले हफ्ते में यह सबसे ज्यादा तापमान है। अगले कुछ दिन गर्म से राहत मिलने की संभावना नहीं है।



मध्य प्रदेश में भी भीषण गर्मी ने समय से पहले ही दस्तक दे दी है। रविवार सोमवार को भोपाल का तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इस सीजन में यह सबसे ज्यादा है। प्रदेश के 13 जिलों में तापमान 40 से 42.2 डिग्री के बीच रहा। मौसम विभाग के अनुसार, आज नीमच, मंदसौर, भिंड, मुरैना, श्योपुर और रतलाम में लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने 11 दिन तक देश के अधिकतर राज्यों में लू चलने और अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास रहने अनुमान लगाया है। 10 अप्रैल तक राजस्थान, गुजरात के कुछ जिलों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री से ऊपर जा सकता है। उत्तर प्रदेश में इस साल अप्रैल से जून तक तापमान सामान्य से ज्यादा रहने और हीटवेव चलने की आशंका है। दिन का तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहने का अनुमान है। रात का तापमान भी सामान्य से ज्यादा रह सकता है। बीते दिन दिल्ली का अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 3.1 डिग्री ज्यादा है, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री कम 18.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

# चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में दुकानदार से प्रसाद ना लेने पर श्रद्धालुओं को पीटा

- एफआईआर दर्ज, चार हिरासत में
- 11 नामजद और पांच अज्ञात के खिलाफ लिखी रिपोर्ट
- सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई पूरी घटना




**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** राजधानी के बीकेटी स्थित चंद्रिका देवी मंदिर में दर्शन करने आए श्रद्धालुओं के लिए दुकानदार से प्रसाद ना लेना महंगा पड़ गया। प्रसाद ना लेने पर दुकानदारो ने श्रद्धालुओं की जमकर पिटाई कर दी। मनबढ़ दुकानदारों ने श्रद्धालुओं पर चलाएं बेल्ट व लात घूसे बरसा दिए। पिटाई से कई लोग घायल हो गए। चंद्रिका देवी मंदिर में लगे सीसीटीवी में श्रद्धालुओं से मारपीट की पूरी घटना कैद हुई है। पुलिस ने शिकायत पर श्रद्धालुओं से मारपीट का मामले में बीकेटी पुलिस ने 16 लोगों जिनमे 11 नामजद और 5 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इस घटना से मन्दिर में तैनात पुलिसकर्मियों की पोल खुल गई है। चंद्रिका देवी मंदिर में दुकानदारों द्वारा श्रद्धालुओं के साथ मारपीट में चंद्रिका देवी मंदिर में तैनात पुलिस कर्मियों के सुरक्षा की पोल खोल कर रख दी है। वही चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में नवरात्रि के दिनों में लगातार पुलिस तैनात रहती है। मगर घटना के समय दूर-दूर तक पुलिस कहीं पर नहीं देखी गई। साथ ही पूरे मामले में मेला प्रशासन की भी लापरवाही देखने को मिली है। एडीसीपी जितेंद्र कुमार दुबे ने बताया पीयूष शर्मा पुत्र रामकुमार शर्मा निवासी-60 फीता रोड त्रिवेणी नगर तृतीय थाना अलीगंज जनपद लखनऊ अपने परिवारीजनों के साथ मां चंद्रिका देवी मंदिर दर्शन करने गए थे। जहां पर प्रसाद बेचने वाले दुकानदारों द्वारा अपने-अपने दुकान पर सामान लेने के लिए दबाव बनाया गया, जिससे पीड़ित पक्ष द्वारा मना करने पर इनके साथ वाद विवाद के बाद मारपीट की गई। पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। एडिसीपी मध्य जितेन्द्र कुमार दुबे ने बताया कि आज चंद्रिका देवी मंदिर दर्शन करने गए श्रद्धालुओं से परिसर में दुकान लगाए हुए दुकानदारों ने प्रसाद न लेने पर मारपीट की शिकायत पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से मारपीट का मामले में बीकेटी पुलिस ने 16 लोगों जिनमे 11 नामजद और 5 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मारपीट में महिला और पुरुष श्रद्धालु घायल हुए थे।

### एडीसीपी जितेंद्र कुमार दुबे ने दी जानकारी

एडीसीपी जितेंद्र कुमार दुबे ने बताया पीयूष शर्मा पुत्र रामकुमार शर्मा निवासी-60 फीता रोड त्रिवेणीनगर तृतीय थाना अलीगंज जनपद लखनऊ अपने परिवारीजनों के साथ मां चंद्रिका देवी मंदिर दर्शन करने गए थे, जहां पर प्रसाद बेचने वाले दुकानदारों द्वारा अपने-अपने दुकान पर सामान लेने के लिए दबाव बनाया गया, जिससे पीड़ित पक्ष द्वारा मना करने पर इनके साथ वाद विवाद के बाद मारपीट की गई।

## मारपीट कर रहे तीन जगहों से पुलिस ने छह लोगों को किया गिरफ्तार

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** सोमवार को थाना सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस ने लड़ाई कर रहे तीन जगहों से लड़ाई कर रहे छह लोगों को गिराफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक उ0नि0प्र0 प्रतीक कुमार शर्मा मय पुलिस टीम के रवाना होकर सूरज यादव व शुभम यादव निवासी शाहखेड़ा अर्जुनगंज थाना सुशान्त गोल्फ सिटी जनपद लखनऊ, 2. शुभम यादव पुत्र ओमप्रकाश यादव निवासी शाहखेड़ा अर्जुनगंज थाना सुशान्त गोल्फ सिटी नोटिस तामिल कराने पर पूछताछ करने पर अचानक उग्र होकर जोर जोर से चिल्लाने लगना और पिछ्ली बार बच गये थे लेकिन अब नही बचेगे होने जान से मारने की धमकी देने लगे राहगीरो की काफी भीड़ इक्ट्ठा होने लगी कारणवश असहज स्थिति उत्पन्न हो गयी। वही दूसरी ओर नितिन गौतम निवासी अहमामाऊ थाना सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ दस्तरखान होटल के पास दूसरे व्यक्ति से झगडा कर रहे है जब पुलिस टीम द्वारा की एक भी बात न मानकर और तेज तेज आवाज में बोलने लगा तथा पुलिस से ही लड़ाई पर उतारू हो गया।

# लखनऊ में ईडी ने पूर्व विधायक को किया गिरफ्तार



**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** लखनऊ में ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने सपा नेता विनय शंकर तिवारी को गिरफ्तार किया। उनके साथ गंगोत्री इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के जीएम अजीत पांडेय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ईडी ने सुबह पूर्व विधायक के लखनऊ, गोरखपुर और मुंबई स्थित दफ्तरों पर छापा मारा था। ये कार्रवाई विनय शंकर तिवारी से जुड़ी गंगोत्री इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड और उससे संबद्ध कंपनियों के दफ्तरों पर की गई। इस दौरान बैंक धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित दस्तावेजी सबूत, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और वित्तीय रिकॉर्ड जब्त किए थे। गंगोत्री इंटरप्राइजेज पर आरोप है कि उसने बैंक ऑफ इंडिया सहित कई बैंकों से लिए गए लोन का दुरुपयोग किया। लोन की रकम का इस्तेमाल निर्धारित प्रोजेक्ट में न कर दूसरी जगह निवेश किया गया, जिससे बैंकों को भारी नुकसान हुआ। बैंक ऑफ इंडिया की शिकायत पर पहले सीबीआई ने एफआईआर दर्ज किया था। जिसकी जांच के आधार पर ईडी ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू की।

### कौन हैं विनय शंकर तिवारी

विनय शंकर तिवारी पूर्व मंत्री हरिशंकर तिवारी के बेटे हैं और विधायक भी रह चुके हैं। उनकी कंपनी गंगोत्री इंटरप्राइजेज पहले भी कई बार विवादों में रही है। वर्ष 2023 में बैंक ऑफ इंडिया ने आरोप लगाया था कि कंपनी ने 200 करोड़ से अधिक की लोन राशि हड़प ली, जिसे अन्य कंपनियों में ट्रांसफर कर दिया गया था। तभी से गंगोत्री ग्रुप पर सीबीआई और ईडी की नजर बनी हुई थी।

# सम्मानित किए गए रेलकर्मी



**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** सुरक्षित एवं संरक्षित रेल संचलन में अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह्न एवं कर्मठ व अमूल्य योगदान प्रदान करने के लिए संरक्षा से जुड़े मण्डल के परिचालन, इंजीनियरिंग, सिगनल एवं दूरसंचार तथा यॉत्रिक एवं विद्युत विभाग के 29 रेलवे कर्मचारियों को सोमवार पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल ने मण्डल कार्यालय सभागार में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि यात्री सुरक्षा तथा संरक्षित ट्रेन परिचालन को सुनिश्चित करने के लिए हमारे रेल कर्मियों द्वारा प्रतिकूल परिस्थितियों में भी निष्ठा पूर्वक ड्यूटी की जाती है। उनकी कर्तव्यनिष्ठा को और बल प्रदान करने की दिशा में उनके योगदान को आज सम्मानित किया गया है। उन्होंने कर्मचारियों को ड्यूटी के प्रति उनकी कर्तव्य निष्ठा, सतर्कता, लगन व परिश्रम के लिए उनका आभार व्यक्त किया तथा बधाई दी। इस अवसर पर अपर मण्डल रेल प्रबंधक (इंफ्रा0) भुवनेश सिंह तथा वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी डा0 शिल्पी कन्नौजिया, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर/समन्वय गौरव गुप्ता, वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक प्रसन्न कात्यायन, वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर वैभव श्रीवास्तव, वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर व परिचालन अनिल कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ मण्डल यॉत्रिक इंजीनियर व फ्रेट राहुल पाण्डेय एवं वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर व टीआरडी धनंजय मिश्रा व अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## गौतमपल्ली चौराहे पर टप्पेबाजी, कार पर लात मारकर रुकवाई गाड़ी

### शीशा पीटकर बातों में उलझाया, मोबाइल-पर्स उड़ाया

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** गोतमपल्ली चौराहे पर टप्पेबाजों ने कार सवार को बातों में उलझाकर मोबाइल व पर्स गायब कर दिया। कार सवार शुक्रवार को ऑफिस से घर की तरफ जा रहे थे। तभी लोरेटो के गेट नंबर- 2 के पास एक लड़का गाड़ी के पास आया और शीशा पीटने लगा। तभी दूसरी तरफ से आया लड़का भी चिल्लाने लगा। कार सवार को बातों में उलझाकर घटना को अंजाम देकर फरार हो गए।।सेक्टर- आई एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड निवासी संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 8:30 बजे अपनी कार से ऑफिस से आशियाना घर जा रहे थे। लोरेटो स्कूल के गेट नंबर- 3 के सामने ट्रैफिक के बीच एक लड़का पैदल रोड क्रॉस करने लगा, जिसे बचाने के लिए कार का ब्रेक लगाया। पीड़ित ने बताया कि शीशा पीटकर बातों में उलझाया फिर की टप्पेबाजी। उस लड़के ने पीछे के दरवाजे में जोर से लात मारी। इस पर संतोष ने गाड़ी रोक दी, तभी दूसरी तरफ से एक लड़का शीशा पीटने लगा। उससे बात करने के शीशा खोला, तभी दूसरी तरफ से दूसरे युवक ने शीशा पीटना शुरू कर दिया। बातचीत में उलझाकर दोनों लड़कों ने कार की सीट पर रखा सैमसंग का मोबाइल तथा पर्स गायब कर दिया। बहस के दौरान संतोष ने ध्यान दिया। इतने में एक ने बोला कि गाड़ी आगे जल्दी आगे बढ़ाओ पीछे जाम लग रहा है। चौराहा क्रॉस करके कुछ दूर आगे गए तो मोबाइल और पर्स पर ध्यान गया। दोनों गायब था। पर्स में 8 हजार नकद व बैंक का क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस था। इंस्पेक्टर गौतमपल्ली का कहना है कि मुकदमा दर्ज करके सीसीटीवी की मदद से अज्ञात लड़कों की तलाश की जा रही है।

# वाटर वेंडिंग मशीनें, वाटर कूलर बढ़ेंगे, टंकियों की होगी सफाई



**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** गर्मियां शुरू होते ही लखनऊ के रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के लिए पेयजल की समस्या दूर करने की कवायद तेज कर दी गई है। दोनों स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीनें और वाटर कूलर बढ़ाए जाएंगे। पानी की टंकियों की रेगुलर सफाई के निर्देश दिए गए हैं। लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन व लखनऊ जंक्शन पर प्रतिदिन 60 हजार लीटर रेलनीर की खपत है। इसके अलावा पेयजल के लिए नल लगे हुए हैं, जिनकी आपूर्ति टंकी से होती है। वाटर वेंडिंग मशीनें लगी हुई हैं। यहां सस्ता व किफायती मिनरल वाटर मिलता है। पांच रुपये प्रति लीटर की दर से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, लेकिन यात्रियों की तुलना में ये संख्या काफी कम है। ऐसे में रेलवे प्रशासन अब रेलवे स्टेशनों पर इनकी संख्या दोगुना करने की तैयारी कर रहे हैं। इससे यात्रियों को सस्ता मिनरल वाटर मिलने का संकट खत्म हो जाएगा। चारबाग के हर प्लेटफॉर्म पर तीन-तीन वाटर वेंडिंग मशीनें इंस्टॉल की जाएंगी। यात्रियों को ठंडा पानी उपलब्ध कराने के लिए वाटर कूलर लगाए जाएंगे। प्लेटफॉर्म के दोनों छोर पर वाटर कूलर लगने से गर्मी में यात्रियों को ठंडा पानी मिल सकेगा।

### पंखे शुरू, एसी चलाने की तैयारी

15 अप्रैल से रेलवे स्टेशनों पर पंखों को चलाना शुरू किया जाता है, लेकिन यात्रियों की मांग को देखते हुए पंखे पहले ही चालू कर दिए गए हैं। लाउंज के एसी मेंटेन की जा रही है जिससे यात्रियों को असुविधाओं का सामना न करना पड़े।

### क्या कहते हैं अधिकारी

रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं में उत्तरोत्तर वृद्धि की जा रही है। पेयजल से लेकर बैठने की बेहतर व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं। इससे गर्मी में परेशानियां नहीं होंगी।

# बसपा के कई बड़े जमींनी नेता अपने समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी में हुए शामिल




**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** समाजवादी पार्टी की नीतियों और राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व पर आस्था जताते हुए सोमवार को बसपा के कई बड़े जमींनी नेता बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी में दद्दू प्रसाद, जगन्नाथ कुशवाहा, देव नागर तथा बसपा छोड़कर आने वाले सभी साथियों का स्वागत है। समाज में जमीनी स्तर पर सम्मान से काम करने वाले और कठिन परिस्थितियों से निकलने वाले दद्दू प्रसाद सहित इन सभी को समाजवादी पार्टी में शामिल होने की बधाई। हमें उम्मीद है कि ये सब पीडीए की लड़ाई और संघर्ष को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में अन्य दलों से बड़े नेता समाजवादी पार्टी में आ रहे है। उनके आने से कानून व्यवस्था, संविधान बचाने की लड़ाई में पीडीए को बल मिलेगा। ये दलित, पिछड़े, शोषित, अल्पसंख्यकों और किसानों को सम्मान दिलाने तथा महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ जंग में हमारे साथ आए हैं। बहुजन समाज पार्टी के प्रमुख नेता पूर्व मंत्री दद्दू प्रसाद, बसपा के कोआर्डिनेटर सलाउद्दीन, तरन्नुम सिद्दीकी के अलावा बसपा के संस्थापक सदस्य मास्टर रामाधीन अहिरवार आज समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। इनके अलावा शामिल होने वालों में ललित चौधरी, जगन्नाथ कुशवाहा और अनिरूद्ध सिंह, विवेक भोजला प्रमुख है। दद्दू प्रसाद 5 बार के विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री तथा सामाजिक परिवर्तन मिशन के राष्ट्रीय संयोजक है। उनके साथ पूर्व मंत्री बशीरूद्दीन खां के पुत्र शफीरूद्दीन और पूर्व लोकसभा प्रभारी हमीरपुर श्री कमलापति राठ भी शामिल हुए। श्री देवरंजन अहिरवार आज की राजनीतिक स्थितियां और तकनीक के विशेष जानकार हैं। उन्होंने कांग्रेस छोड़कर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली है। इस अवसर पर नारायण दास अहिरवार सांसद, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, अरविन्द कुमार सिंह पूर्व सांसद, रविदास मेहरोत्रा विधायक, सुरेश यादव विधायक, जासमीन अंसारी एमएलसी, रामवृक्ष सिंह यादव पूर्व एमएलसी, प्रो0 बी. पाण्डेय राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षक सभा, मौलाना इकबाल कादरी राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी अल्पसंख्यक सभा, डॉ0 इमरान राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी छात्र सभा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### किसानों की पुलिस से झड़प, हंगामा

## भूमि अधिग्रहण के खिलाफ आवास विकास दफ्तर के बाहर प्रदर्शन

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** वृंदावन योजना सेक्टर-9 स्थित आवास विकास कार्यालय के बाहर भारतीय किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन के बैनर तले किसानों ने अधिग्रहण के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। प्रदर्शनकारी किसान गोसाईंगंज ब्लॉक के थे। उन्होंने भूमि विकास और गृह स्थान योजना संख्या एक और तीन के तहत प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण का विरोध किया। यूनियन के जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश रावत ने आरोप लगाया कि आवास विकास परिषद बहू फसली सिंचित भूमि का अधिग्रहण करना चाहती है। किसानों का कहना है कि प्रस्तावित अधिग्रहण लोक प्रयोजन के बजाय व्यवसायिक उद्देश्य से प्रेरित है। किसानों अपनी भूमि देने के लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा- लैंड पुलिंग योजना का भी विरोध करेंगे। इस दौरान किसानों ने गृह स्थान योजना को रद्द करने और जमीनों की रजिस्ट्री पर लगी रोक हटाने की मांग की। किसानों ने प्रशासन को 30 दिन का समय दिया है। अगर इस दौरान उनकी मांगों पर कोई निर्णय नहीं लिया गया, तो वे परिषद के मुख्य कार्यालय की ओर कूच कर आमरण अनशन की घोषणा करेंगे। किसानों का यह आंदोलन भूमि अधिग्रहण के खिलाफ उनका दृढ़ संघर्ष और उनकी मांगों की ओर एक मजबूत कदम माना जा रहा है।

## विपक्ष अपने देश की जनता के साथ धोखा कर रहा : अग्रवाल

ग्रुप 5 संवाददाता



**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष व्यापार रोहित अग्रवाल ने अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ पर विपक्ष पर हमला करते हुए कहां की विपक्ष अपने देश की जनता के साथ धोखा कर रहा है और उसको गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। देश का विपक्ष अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ को जनता के सामने ऐसे प्रस्तुत कर रहा है जैसे सीधे तौर पर जनता को 27प्रतिशत टैक्स देना पड़ेगा। पहली बात कोई भी देश अपने देश के अंदर कितना टैक्स लगाएगा यह उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता और विवेक है इसमें हमारा आपका कोई लेना देना नहीं है यह टैरिफ सिर्फ भारत के लिए नहीं बल्कि पूरे विश्व के लिए लगा है। रोहित अग्रवाल ने कहा कि मैं यहां पर यह नहीं कहना चाहता कि विपक्ष अपनी अनपढ़ता के कारण यह नहीं समझ पा रहा कि इसका आम जनमानस से कोई लेना-देना नहीं है, जिस अंबानी और अडानी और देश के बड़े उद्योगपतियों को पानी पी पी के विपक्ष कोसता है सीधा नुकसान उनका ही होने वाला है। जब विश्व मंदी के दौर से गुजर रहा था तब भारत का शेयर मार्केट ऊंचाई के शिखर पर था परंतु अब विश्व में घटित घटनाओं के कारण शेयर मार्केट में गिरावट आई है और विपक्ष निवेशकों को गुमराह करके उनको नुकसान पहुंचने की नीयत से गलत तथ्यों को प्रस्तुत कर रहा है। विपक्ष का सिर्फ एक काम रह गया है देश की जनता को गुमराह करो झूठ बोलो और किसी भी तरीके से सत्ता की कुर्सी तक पहुंचाना।

## तीन दर्जन से ज्यादा रेलवे क्रासिंग पर चलेगा रेलवे का हथौड़ा

### फुट ओवरब्रिज और अंडरपास से जनता को दी जाएंगी सहूलियतें

**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** उत्तर रेलवे लखनऊ डिवीजन में अभी भी तीन दर्जन से ज्यादा स्थानों पर लेवल क्रॉसिंग चल रही हैं। जो ट्रेनों की स्पीड पर ब्रेक लगाती हैं। इससे समय पर ट्रेनें अपनी मंजिल तक नहीं पहुंच पातीं, साथ ही इन क्रॉसिंग पर जनता को भी अपना समय बर्बाद करना पड़ता है। अब उत्तर रेलवे प्रशासन ने फैसला लिया है कि उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के दायरे में आने वाली सभी 40 लेवल क्रॉसिंग को पूरी तरह से समाप्त किया जाएगा और उनके स्थान पर फुट ओवरब्रिज और अंडरपास बनाए जाएंगे, जिससे ट्रेनों की स्पीड पर ब्रेक नहीं लगेगा और जनता को भी लेवल क्रॉसिंग की वजह से रुकने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। अंडरपास व फुट ओवर ब्रिज ट्रेनों को रफ्तार देंगे। उत्तर रेलवे प्रशासन ने ट्रेनों की गति में रोड़ा बनने वाली लेवल क्रॉसिंग को बंद करने का निर्णय लिया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल 40 लेवल क्रॉसिंग बंद करेगा। इन स्थानों पर फुटओवर ब्रिज या अंडरपास बनाने पर मंथन चल रहा है। क्रॉसिंग बंद होने के कारण जनता के समय की काफी बर्बादी होती है। फुट ओवरब्रिज या अंडरपास बनने से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सचिंद्र मोहन शर्मा ने बताया कि अयोध्या-कानपुर रूट पर 19 और सुलतानपुर रूट पर तीन रेलवे क्रॉसिंग हैं। इन्हें इस साल हरहाल में समाप्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लेवल क्रॉसिंग उसे कहा जाता है जहां पर ट्रैक को पार करते हुए गुजरना पड़ता है। हालांकि इन स्थानों पर क्रॉसिंग होती है, लेकिन कई बार तकनीकी समस्याओं के चलते लोगों को लंबे समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है। जब तक ट्रेन गुजर नहीं जाती तब तक उन्हें वहीं पर रुकना पड़ता है। इससे समय की बर्बादी होती है। डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा ने बताया कि सदर अंडरपास का निर्माण भी शुरू किया जाएगा। इससे पुराना किला और सदर बाजार के बीच दूरी कम होगी। लगभग 70 हजार आबादी को इस काम के संपन्न होने के बाद राहत मिलेगी। दुकानदारों का व्यापार भी बढ़ेगा। लखनऊ शहर को कैंट क्षेत्र से जोड़ने वाले सदर रेलवे फाटक स्थाई तौर पर बंद होने से कैंट और पुराना किला निवासियों को लम्बी दूरी तय करनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों की समस्या को देखते हुए देश के रक्षामंत्री व लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह ने रेलवे अधिकारियों को अंडरपास के निर्माण का निर्देश दिया था। इसके बाद रेलवे ने सर्वे कर यहां आने और जाने वालों के लिए अलग-अलग अंडरपास का प्रस्ताव बनाया था। अब इस पर अमल हो रहा है।

# अपने कार्यकर्ताओं के त्याग व तपस्या से बनी भाजपा : धर्मपाल सिंह

ग्रुप 5 संवाददाता




**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दूसरे दिन सोमवार को भी प्रदेश में बूथ स्तर आयोजित किये गए। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने मुरादाबाद, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य अलीगढ, ब्रजेश पाठक लखनऊ महानगर और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने लखनऊ जिला में स्थापना दिवस पर पार्टी पदाधिकारियों, स्थानीय नागरिकों, कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। इसके साथ ही प्रदेश में पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता और पार्टी के कार्यकर्ता बूथ पर आयोजित कार्यक्रमों में पहुंचे और पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने लखनऊ के बक्शी का तालाब के चिनहट ग्रामीण मंडल के बूथ क्रमांक 299 पर आयोजित पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम को सम्बोधित किया। धर्मपाल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ एक दल नहीं बल्कि एक विचार है जो राष्ट्र की आराधना, मां भारती की साधना और सबके कल्याण की कामना के साथ काम करती है। भाजपा हर क्षेत्र, हर भाषा, हर संप्रदाय और हर देशवासी को जोड़कर आगे बढ़ रही है। भाजपा आज राष्ट्रहित की भी पार्टी है और क्षेत्रीय आकांक्षाओं की भी पार्टी है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने मूल्यों, सिद्धातों, नेतृत्व और कार्यकर्ताओं की वजह से आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। हमारे पास 18 करोड़ से ज्यादा समर्पित कार्यकर्ता है। देश की आबादी में 13 फीसदी से ज्यादा लोग हमारे सदस्य हैं। देश के 21 राज्यों में हमारी या हमारे गठबंधन की सरकार है। भारतीय जनता पार्टी आज जिस मुकाम पर खड़ी है उसमें असंख्य कार्यकर्ताओं का संघर्ष, हमारे नेताओं का बलिदान, त्याग और समर्पण शामिल है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के तत्कालीन सरसंघ चालक गुरु जी से मिलने के बाद डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय व प्रोफेसर बलराज मधोक के साथ मिलकर 21 अक्टूबर 1951 को दिल्ली में भारतीय जनसंघ की स्थापना की। देश आजादी के बाद भी ब्रिटिश औपनिवेशिक मानसिकता पर चल रहा था। ऐसे में पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने कहा कि पूंजीवाद हो या समाजवाद दोनों ही भारतीय भूमि की उपज नहीं हैं। हमारी संस्कृति से मेल नहीं खाते। दीन दयाल ने कहा कि हमें विवाद या संघर्ष नहीं समन्वय का रास्ता चुनना है जहां व्यक्ति का व्यक्ति से संघर्ष न हो बल्कि एकात्मता का भाव हो। पंडित दीनदयाल के इसी एकात्म मानववाद और अंत्योदय को लेकर भारतीय जनसंघ की यात्रा शुरू हुई और आज भाजपा रूपी विशाल वृक्ष के रूप में हमारे और आप सबके सामने खड़ी है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि हमारे मुद्दे थे समान नागरिक संहिता, गोहत्या पर प्रतिबंध और जम्मू-कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति। एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान के विरोध में डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर कूच करने का फैसला किया। जहां प्रवेश के लिए परमिट की आवश्यकता होती थी। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखण्डता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया।

## मुख्यमंत्री योगी ने पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

# पांच सौ खिलाड़ियों को पुलिस की नौकरी दी

» मुख्यमंत्री थे मुख्य अतिथि, किया प्रोत्साहित

» 35वीं पीएसी वाहिनी में हुआ उद्घाटन समारोह

ग्रुप 5 संवाददाता



**लखनऊ।** प्रथम पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता 2024-25 का हुआ भव्य-शुभारंभ। सोमवार को उत्तर प्रदेश पुलिस के स्पोर्ट कंट्रोल बोर्ड के तत्वावधान में 35 वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ के प्रागण में प्रथम पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता 2024-25 का उद्घाटन समारोह अत्यंत गरिमामयी वातावरण में हर्षोंउल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। प्रथम पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में किया गया। प्रतियोगिता में देश के 29 राज्य, अर्द्धसैनिक बल की 75 टीमें के 1341 खिलाडी प्रतिभाग कर रहे है। जिसमें हैण्डबाल प्रतियोगिता में पुरूष खिलाड़ियो की 25 टीम व महिला खिलाड़ियो की 12 टीम कुल 37 टीम एवं बास्केटबाल प्रतियोगिता में पुरूष खिलाड़ियो की 27 टीम व महिला खिलाड़ियो की 11 टीम 38 टीमे प्रतिभाग करेगी। प्रतियोगिता में हैण्डबाल का आजोयन 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ, रिजर्व पुलिस लाइन लखनऊ, 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ, केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में और बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) लखनऊ एवं लॉ मार्टिनियर गर्ल्स, ब्वायज कालेज लखनऊ में किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य पुलिसकर्मियों में आपसी समन्वय, उत्साहवर्धन एवं खेल-कौशल के माध्यम से सशक्त व सुदृढ़ पुलिस प्रणाली का निर्माण करना है। लखनऊ स्थित पीएसी मुख्यालय पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखिल भारतीय पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर 2025 प्रतियोगिता का उद्घाटन करने के मौके पर कहा कि हमने पिछले 5 सालों में उत्तर प्रदेश पुलिस बल में 500 से अधिक राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके खिलाड़ियों को नौकरी दी है। उन्होंने बताया- इस आयोजन में देशभर के केंद्रीय बलों और राज्यों की पुलिस से जुड़ी 75 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें 1341 खिलाड़ी शामिल हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागी टीमों का उत्तर प्रदेश में हार्दिक स्वागत और अभिनंदन है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा गया कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, अपितु अनुशासन, सौहार्द और सामूहिकता की जीवंत अभिव्यक्ति है। उत्तर प्रदेश पुलिस बल इस प्रकार का आयोजन निःसंदेह प्रशंसनीय एवं प्रेरणादायक है, जो बल के शारीरिक सुदृढ़ता के साथ-साथ मानसिक नवोन्मेष को भी प्रोत्साहित करता है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी सुजीत पाण्डेय, पुलिस महानिरीक्षक पीएसी मध्यजोन प्रितिन्दर सिंह सहित गणमान्य व्यक्ति, वरिष्ठ अधिकारीगण, खेल संरक्षक एवं प्रतिभागी खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### डीजीपी ने सभी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया

पुलिस महानिदेशक ने प्रथम अखिल भारतीय पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर (बास्केटबॉल-हैंडबॉल) 2024-25 प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर अपने स्वागत भाषण में कहा गया कि मुख्यमंत्री की 'कुशल खिलाडी योजना' जैसी दूरदर्शी पहल के माध्यम से उप्र ने खेलो के क्षेत्र में एक नई पहचान बनाई है। जिससे प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। यह आयोजन केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का उत्सव है। पुलिस महानिदेशक ने अपने सम्बोधन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश पुलिस स्पोर्ट कंट्रोल बोर्ड द्वारा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन एवं कुशल प्रशिक्षकों के माध्यम से उत्तर प्रदेश पुलिस में खेल संस्कृति, खेल कौशल और बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों से आह्वान करते हुए कहा गया कि खेल को खेल की भावना से खेले तथा अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और उत्तर प्रदेश से मधुर स्मृतियां अपने साथ अपने प्रदेश में लेकर जाएं। अन्त में सभी प्रतिभागियों, आयोजकों और अधिकारियों को इस प्रतियोगिता की सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आयोजन नई प्रतिभाओ के लिए एक सशक्त मंच साबित होगा।

## अधिशासी अभियंता के आवास का लॉकर तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात किए चोरी

**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** विद्युत प्रशिक्षण केंद्र में तैनात अधिशासी अभियंता के आवास पर रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखें लाखों रुपए के जेवरात पार कर दिया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर पीड़ित से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया है। सरोजनीनगर क्षेत्र के हाइडिल गेट स्थित स्थापित विद्युत प्रशिक्षण केंद्र में अधिशासी अभियंता के पद पर मयंक मौर्य तैनात हैं साथ ही साथ परिसर में ही आवास आवंटित है। जिसमें वह निवास करते हैं। मयंक मौर्य ने पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए कहा है कि बीते 5अप्रैल को अलमारी का लॉकर खोला तो उसमें रखे घड़ी सोने चांदी के कई लाख के जेवरात गायब मिले। जबकि श्री मौर्य का कहना है कि 7 मार्च को लाकर खोलकर देखा था तो सब कुछ उसमें मौजूद था। मयंक मौर्य ने अपने विभागीय वाहन चालक व घर में काम करने वाली नौकरानी कुसुम पर शक के आधार पर चोरी का आरोप लगाया है। उनका कहना है इस दौरान यही दोनों लोगों का आना-जाना था, मगर अचानक नौकरानी कुसुम 21 मार्च को काम छोड़कर चली गई। अधिशासी अभियंता मयंक मौर्य ने खाना बनाने वाली कुसुम पर चोरी का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

## एयरफोर्स में तैनात जीडी नायक ने किशोरों को दिखाया अश्लील वीडियो

» पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा सलाखों के पीछे

» आरोपी चाहता था अप्राकृतिक यौन संबंध



**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** बंथरा क्षेत्र में नाबालिक लड़कों को जीडी नायक ने अश्लील वीडियो दिखाया। मेमोरा छावनी में तैनात एयरफोर्स सुरक्षा कर्मी ने तीन नाबालिक लड़कों को अश्लील वीडियो दिखाने के साथ-साथ ही लड़कों के साथ अश्लील हरकत की। यह बात लड़कों को ना गवारा गुजरी और इसकी शिकायत परिजनों से की। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बंथरा पुलिस के मुताबिक उत्तराखंड प्रांत के देहरादून जिले में पटेलनगर थाना क्षेत्र निवासी चंद्रमणि मोड़ भीमतल निवासी केवल कृष्ण मेमोरा छावनी एयरफोर्स स्टेशन पर सुरक्षा कर्मी है। उसने बीते दिनों छावनी परिसर में अपने परिजनों के साथ रहने वाले 13 से 14 वर्षीय तीन लड़कों को अलग अलग तिथियों में अकेला पाकर उन्हें मोबाइल पर अश्लील फिल्में दिखाई और उनके साथ अश्लील हरकत भी की। तब इसमें से एक किशोर ने आरोपी से परेशान होकर अपने परिजनों को इसकी पूरी जानकारी दी। इसके बाद पीड़ित लड़कों ने अपने पिता से बताकर बीती 4 मार्च को आरोपी के खिलाफ बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर घटना की गहनता से जांच पड़ताल कर रही थी। तभी उसकी जांच में मामला सही पाया गया। इसके बाद बंथरा पुलिस ने सोमवार को आरोपी केवल कृष्ण को मौके से गिरफ्तार कर लिया और उसे जेल भेज दिया।

# पटाखा फैक्ट्री में धमाका दीवार के नीचे दबा कारीगर

» गांव के बाहर खेत में बनाया था कारखाना

» सूचना पर पहुंची पुलिस और दमकल की टीम

» कई फीट ऊंचा उड़ा शेड, दीवार गिरी



**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं.)।** राजधानी के गोसाईंगंज कोतवाली क्षेत्र के जौखंडी गांव की में पटाखा कारखाने में सोमवार दोपहर धमाका हो गया। इससे कारखाने का टीन शेड कई फीट ऊंचा उड़ गया और दीवारें गिर गईं। धमाके से इलाके में दहशत फैल गई। आवाज सुनकर लोग पटाखा कारखाने की तरफ दौड़े। लोगों ने गांव के ही कारीगर सलमान को कारखाने के मलबे में गंभीर रूप से घायल अवस्था में दबा पड़ा देखा। उसे किसी तरह निकालकर अस्पताल भेजा। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। बताया जा रहा है कि कारखाना घायल के चचेरे भाई निसार के नाम पर था। यहां खेत में टेंपरेरी कारखाने में पटाखे बनाए जा रहे थे। जौखंडी गांव का रहने वाला निसार गांव के बाहर पटाखा बनाने का कारखाना चलाता है। ग्रामीणों के मुताबिक, सोमवार दोपहर 12:30 बजे निसार का भाई सलमान पटाखा बना रहा था। इसी बीच विस्फोट हो गया। विस्फोट होने पर कारखाने में रखे पटाखे और बारूद में विस्फोट होने लगे। धमाके की गूंज सुन गांव वाले घटना स्थल पर पहुंच गए। लोगों ने देखा सलमान कारखाने के मलबे में दबा था। किसी तरह से उसे निकाला। हादसे में सलमान का एक पैर टूट गया। उसे अस्पताल भेजा गया है।सूचना मिलने पर दमकल और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। टीमों ने सुलग रही आग को बुझाया। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रजेश त्रिपाठी के मुताबिक, घायल सलमान का इलाज चल रहा है। पटाखा कारखाना सलमान के चचेरे भाई निसार का था। उनके पास लाइसेंस था। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तेज धमाके के साथ लगी आग, एक घायल

गोसाईगंज क्षेत्र के जौखंडी गांव में स्थित पटाखा के कारखाने में सोमवार की दोपहर तेज धमाके के साथ आग लग गई जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। जबकि कारखाने को दीवारें गिर गई और उनपर रखी टीने उड़कर दूर गिरी। जौखंडी में गांव के बाहर खेतों में निसार का पटाखे बनाने का कारखाना है जिसमे दीवारें बनी थी और छत की जगह टीने रखी हुई थी।सोमवार को सलमान कारखाने में काम कर रहा था तभी दोपहर लगभग 12.30 बजे अचानक तेज धमाका हुआ जिससे कारखाने की दीवारें गिर गई और ऊपर रखा टीन शेड लगभग 20 फीट ऊंचा उड़ गया और कुछ दूर जाकर गिरा।

### इंस्पेक्टर ने कहा वैध लाइसेंस है, जो 2026 तक है

दीवारें गिरने से वहां काम कर रहा सलमान उसी के निचे दब गया। धमाके की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो देखा सलमान उसी में दबा था जिसे लोगों ने बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया और घटना की जानकारी पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जॉच पड़ताल की। वहीं मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने सुलग रही आग को बुझाया। इस सम्बंध में इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि घटनास्थल की जॉच की गई जहाँ सारे मानक पूरे मिले और कारखाने में बनाने व भंडार करने का लाइसेंस है जो मार्च 2026 तक वैध है।

## लखनऊ में युवक से 99500 की ठगी

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं.)।** लखनऊ के दुबग्गा इलाके में साइबर जालसाज ने ब्लिंकिट ऐप का सहारा लेकर ठगी की। उसने ब्लिंकिट का कस्टमर केयर कर्मचारी बनकर कॉल किया। 10 रुपए पेमेंट करने का झांसा देकर 99 हजार 500 रुपए खाते में ट्रांसफर करा लिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नौबस्ता के रहने वाले रवि कुमार मौर्य ने बताया कि 18 मार्च दोपहर करीब 12 बजे ब्लिंकिट ऐप पर कुल्फी सर्च कर रहे थे। कुल्फी नहीं मिली तो ऐप बंद कर दिया। इसके 10 मिनट बाद ब्लिंकिट कस्टमर केयर से कॉल आया। कॉलर ने कहा कि गूगल पे से 10 रुपए की पेमेंट करने के बाद दिखने लगेगी। पेमेंट न होने पर कॉल को हेडऑफिस बताकर ट्रांसफर कर दी। दूसरे व्यक्ति ने बातचीत करने के बाद डिस्कनेक्ट कर दी। 5 मिनट बाद फिर ब्लिंकिट कस्टमर केयर से कॉल आया बताया कि दोनों खातों से 1 लाख 99 हजार 500 रुपए कट गए हैं। इसके बाद कॉल कट गई। आरोप है कि फोन-पे एक्टिव न करने पर गाली देने लगा। कुछ देर फिर कॉल करके बोला कि फोन पे एक्टिव करिए सारा पैसा वापस आ जाएगा। रवि ने डर की वजह से फोन पे एक्टिव नहीं किया। फिर कॉल करके धमकी देने लगा कि अगर एक्टिव नहीं करोगे तो बाकी पैसा भी कट जाएगा। इसके बाद गाली देने लगा। उसकी हरकतों से परेशान होकर रवि ने नाम पूछा तो अपना नाम दया शंकर त्रिपाठी बताया। इंस्पेक्टर दुबग्गा अभिनव कुमार वर्मा ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर, दो व्यावसायिक निर्माण सील



**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं.)।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शहर में अवैध निर्माण व प्लाटिंग के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को प्रवर्तन टीम ने बड़ी कार्यवाही की। इस दौरान गोसाईगंज में लगभग 50 बीघा व सैरपुर में 02 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही दो अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। वहीं, काकोरी में अवैध रूप से किये जा रहे 02 व्यावसायिक निर्माण सील किये गये। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि राजेन्द्र निषाद, उमेश कनौजिया व अन्य द्वारा किसान पथ पर गोमती बंधे के पास नूरपुर बेहटा में लगभग 50 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही उक्त अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में प्रवर्तन टीम द्वारा प्राधिकरण पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करायी गयी। इस दौरान डेवलपर द्वारा स्थल पर विकसित की गयी सड़क, नाली, बाउन्ड्रीवॉल आदि को ध्वस्त कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि देशराज सिंह, मोहर्रम अली, जमील व अन्य द्वारा सैरपुर में रैथा रोड पर ग्राम-भौली एवं पूरब गांव में जनता मेडिकल स्टोर के सामने लगभग 02 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा रहा था। जिसके विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे। सोमवार को प्रवर्तन टीम द्वारा पुलिस बल के सहयोग से उक्त अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करायी गयी। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि मोहम्मद हमाद, आदाब व अन्य द्वारा काकोरी में शिवरी वंश धर्मकांटा के सामने लगभग 100 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण करवाया जा रहा था। इसके अलावा तोशिक व अन्य द्वारा काकोरी में हरदोई रोड मोड़ के पास लगभग 450 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इन दोनों अवैध निर्माण के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में प्रवर्तन टीम द्वारा उक्त अवैध निर्माणों को सील कर दिया गया।


# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
# ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-लखनऊ

पता:-ए ब्लाक सर्वोदयनगर, इन्दिरानगर लखनऊ।

## मैन्यूवल निविदा की प्रेस सूचना

पत्रांक–18 /ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्राली/पत्रावली सं0–1/अनु0सहायक/2025–26/दिनांक 03.04.2025

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड लखनऊ के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी,डी एवं ई श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से मैन्यूवल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् हैः–
2.

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | योजना का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | बिड सिकुरिटि (इ0एम0डी0) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी एवं जी0एस0टी0 सहित (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित | कार्यदायी अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | जिला धिकारी का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | कन्हैया लाल पुरवा सेक्टर–3 विकास नगर, लखनऊ में डा0 आर0के0 सिंह के दुकान से श्री राम सिंह के घर इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण। | 1.53 | 0.08 | 680 | 03 माह | कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रा0अ0वि0 प्रखण्ड लखनऊ | कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रा0अ0वि0 परिमण्डल लखनऊ | कलैक्ट्रेट, लखनऊ |
| 2 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | राजाजीपुरम वार्ड के लेखराज हीरा मार्केट से डाक्टर विजय पाण्डेय की क्लीनिक के सामने इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 2.11 | 0.11 | 770 | 03 माह | | | |
| 3 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | राजाराम मोहन राय वार्ड में बालू अड्डा स्थित अमित थापा के घर से याकूब अली के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण। | 2.13 | 0.11 | 770 | 03 माह | | | |
| 4 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | न्यू कालोनी माधवपुर में शकुन्तला मिश्रा के घर से दिलीप गुप्ता के मकान की ओर इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 3.18 | 0.16 | 770 | 03 माह | | | |
| 5 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | न्यू कालोनी माधवपुर में संदीप लोधी के घर से लल्लू रावत के मकान की ओर इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 3.18 | 0.16 | 770 | 03 माह | | | |
| 6 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | विक्रमादित्य वार्ड के कैबिनेट गंज में श्री सुरेश जी के घर से श्री सुनील वर्मा की दुकान तक सड़क निर्माण। | 3.37 | 0.17 | 770 | 03 माह | | | |
| 7 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | 2/11 से 2/15 की ओर इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 3.71 | 0.19 | 770 | 03 माह | | | |
| 8 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | सुरेन्द्र विहार कालोनी में परपत खेड़ा पारा अन्तर्गत श्री आर0एस0 दोहरे के घर से सी0एस0 महोबिया के मकान तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 3.84 | 0.20 | 770 | 03 माह | | | |
| 9 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | न्यू कालोनी में मनीष द्विवेदी के मकान से गड्डू कश्यप के मकान की इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 3.96 | 0.20 | 770 | 03 माह | | | |
| 10 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | चौधरी शिवराज मकान नं. 8 से मकान नं. 13 की ओर राजेश चतुर्वेदी के मकान की ओर जैन मंदिर मार्ग डालीगंज में सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 4.16 | 0.21 | 770 | 03 माह | | | |
| 11 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | मड़ियांव गांव में बृजेन्द्र लोधी के घर से सामेन्द्र पाण्डेय के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 4.28 | 0.22 | 770 | 03 माह | | | |
| 12 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | साहभाऊ कालोनी में सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 4.60 | 0.23 | 770 | 03 माह | | | |
| 13 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | राजाराम मोहन राय वार्ड में बालू अड्डा स्थित श्यामा यादव के घर से विजय विश्वकर्मा के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण। | 4.62 | 0.24 | 770 | 03 माह | | | |
| 14 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | सेखूपुर कसैला में लवकुश के घर से सकील के घर – डा0 वर्मा के घर तक सी.सी. रोड़ नाली निर्माण कार्य। | 4.73 | 0.24 | 770 | 03 माह | | | |
| 15 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | विक्रमादित्य वार्ड में रेलवे कालोनी में विद्या के घर से गिरिजा के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण। | 4.79 | 0.24 | 770 | 03 माह | | | |
| 16 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | बादशाहखेड़ा गांव में राजू लोधी के मकान से गोपाल लोधी के मकान तक सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 5.24 | 0.27 | 680 | 03 माह | | | |
| 17 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | भवानीगंज वार्ड स्थित पुराना टिकैतगंज स्थित मोहल्ला टिकैतगंज में असलम के घर से शिवमन्दिर तक इण्टरलाकिंग का कार्य। | 5.41 | 0.28 | 680 | 03 माह | | | |
| 18 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | भपटामऊ में विनय कुमार के आवास वाली गली में सड़क निर्माण कार्य। | 5.81 | 0.30 | 680 | 03 माह | | | |
| 19 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | शंकरपुरवा वार्ड में श्री नरेन्द्र चतुर्वेदी के मकान से श्री रूपनारायण श्रीवास्तव के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण। | 5.82 | 0.30 | 680 | 03 माह | | | |
| 20 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | गांधी ग्राम में रीतेश श्रीवास्तव के सामने राधेश्याम–विवेक के सामने, महबूब के घर तक सी.सी. सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 6.03 | 0.31 | 680 | 03 माह | | | |
| 21 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | कृष्णलोक कालोनी में शंकर जी के मंदिर से लेकर बब्लू के मकान की ओर इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 6.30 | 0.32 | 680 | 03 माह | | | |
| 22 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | इन्दिरा प्रियदर्शिनी वार्ड में मयूर बिहार स्थित सी–ब्लाक में पार्क नं0–1 'बृन्दावन पार्क' में पाथवे एवं पार्क के चारों ओर इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण का कार्य । | 6.45 | 0.33 | 680 | 03 माह | | | |
| 23 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | कल्याण सिंह वार्ड में श्री पुत्तीलाल जी के घर से श्री रामलखन के घर तक इण्टरलॉकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य । | 6.64 | 0.34 | 680 | 03 माह | | | |
| 24 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | शंकरपुरवा द्वितीय वार्ड में अचल मेहता जी के मकान से ट्रांसफार्मर की ओर सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 6.72 | 0.34 | 680 | 03 माह | | | |
| 25 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | जानकीपुरम प्रथम वार्ड में नेवादा गांव में अर्जुन पार्क के सामने से प्रेम लाल लोधी के मकान तक सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 7.03 | 0.36 | 680 | 03 माह | | | |
| 26 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | आदर्श विहार कालोनी में गोपीचन्द्र मौर्य के घर से रबीकेश दीक्षित के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 7.32 | 0.37 | 680 | 03 माह | | | |
| 27 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | लक्ष्मी विहार में सरोज राज दुबे के निवास के पीछे से रवीन्द्र कुमार से विमला देवी तक सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 7.74 | 0.39 | 680 | 03 माह | | | |
| 28 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | जानकीपुरम प्रथम वार्ड में एम.आई.जी बी–14 से बी–18 तक से0–एफ, जानकीपुरम लखनऊ में इण्टरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य। | 7.75 | 0.39 | 680 | 03 माह | | | |
| 29 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | भवानीगजं वार्ड में फातिमा स्कूल से फेसल के घर से होते हुए होटल तक इण्टरलाकिंग का कार्य। | 7.76 | 0.39 | 680 | 03 माह | | | |
| 30 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | राजीव गांधी वार्ड 2, विनय खण्ड में बूथ अध्यक्ष वीरेन्द्र जी के घर के सामने मकान सं. ई 4/741 से मकान सं. ई 4/765 की ओर सी.सी. सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 7.89 | 0.40 | 680 | 03 माह | | | |
| 31 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | शंकरपुरवा द्वितीय वार्ड में जाफर के मकान से मुख्तार के मकान की ओर सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 8.02 | 0.41 | 680 | 03 माह | | | |
| 32 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | गढ़ीपीर खां वार्ड मोहल्ला रामनगर के अन्तर्गत चेतन सिंह के घर से कमला देवी के घर तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 8.03 | 0.41 | 680 | 03 माह | | | |
| 33 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | बुद्धेश्वर विहार कालोनी में आजाद डेरी से महेश साहू के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 8.28 | 0.42 | 680 | 03 माह | | | |
| 34 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | सुरेन्द्र विहार कालोनी में नरपत खेड़ा पारा में श्री रामहित यादव के घर से श्री पी0 लाल यादव के घर तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 9.20 | 0.46 | 680 | 03 माह | | | |
| 35 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | ताजी खाना मेवा परोस सी.सी. सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 9.21 | 0.47 | 680 | 03 माह | | | |
| 36 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | राजाराम मोहनराय वार्ड में बालू अड्डा स्थित सिंचाई विभाग कालोनी के गेट से लल्लू जी एण्ड सन्स के संस्थान तक डामर का निर्माण कार्य। | 9.28 | 0.47 | 680 | 03 माह | | | |
| 37 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | हैदरगंज 3 में गायत्री विहार कालोनी में नरपत खेड़ा पारा गली नं0 5 से श्रीमती उषा के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 9.60 | 0.48 | 680 | 03 माह | | | |
| 38 | लखनऊ | त्वरित आर्थिक विकास योजना | रवि जनरल स्टोर के सामने पेवर द्वारा सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 9.78 | 0.49 | 680 | 03 माह | | | |

3. निविदा सूचना में अंकित कार्यालयों में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः– 10.04.2025
4. निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि, समय व स्थानः– 01.05.2025 प्रखण्ड लखनऊ को दोपहर 4.00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड.लखनऊ, अधीक्षण अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग परिमण्डल.लखनऊ, एवं जिलाधिकारी जनपद.लखनऊ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–01.05.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे।

अधिक जानकारी के लिए कृपया नियोक्ता कार्यालय अर्थात अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–लखनऊ में सम्पर्क करें।

www.upidadv.gov.in
UPID : 231982 Dt. : 07/04/2025

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड लखनऊ।
मो0 9455771557

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 13 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया



**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि भारत एक वैश्विक नेता के रूप में उभर रहा है क्योंकि उसकी विकास दर किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक मजबूत है। उन्होंने यहां मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) में 91 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 13 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में खुद को उभरते देखा है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कभी भारत ने शिक्षा और तकनीक में दुनिया का मार्गदर्शन किया था और हम विश्व गुरु भी कहलाए। उन्होंने कहा कि 10वीं शताब्दी तक दुनिया के सकल घरेलू उत्पाद में भारत का योगदान 50 प्रतिशत से अधिक था। उन्होंने कहा, 1600 के दशक तक भी वैश्विक जीडीपी में हमारी हिस्सेदारी 30 प्रतिशत से अधिक थी। यह स्थिति तब थी जब भारत काफी नुकसान झेल चुका था। मुख्यमंत्री ने कहा कि औपनिवेशिक शोषण ने भारतीय अर्थव्यवस्था को बुरी तरह से नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा, अंग्रेजों ने भारत के संसाधनों को लूटा, देश को कच्चे माल का केंद्र बना दिया और व्यवस्थित रूप से हमारे आर्थिक आधार को नष्ट कर दिया। आजादी के बाद से भारत की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए, आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 तक भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया था, पर वहां पहुंचने में इसे 65 से 70 साल लग गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लेकिन पिछले दस सालों में भारत हर क्षेत्र में नए आयाम पर पहुंचा है। उन्होंने कहा कि भारत अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और अगले दो सालों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। उन्होंने कहा, भारत एक वैश्विक नेता के रूप में उभर रहा है क्योंकि आज हमारी विकास दर किसी भी अन्य देश की तुलना में मजबूत है। हर क्षेत्र में भारत एक नई पहचान बना रहा है। नेतृत्व के प्रभाव को रेखांकित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, देश, संसाधन, व्यवस्था- सब पहले एक जैसे थे। लेकिन पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के साथ, एक बदला हुआ भारत अब नई ऊंचाइयां छू रहा है जिसे दुनिया उत्सुकता से देख रही है। बाद में जारी एक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा, जब तकनीकी महंगी होगी तो आम लोगों की पहुंच से दूर हो जाएगी। आज जन सरोकार से जुड़े विषयों जैसे आवास, पर्यावरण, स्वच्छता आदि के लिए सस्ती और टिकाऊ तकनीकी समय की मांग है। उन्होंने कहा कि ऐसी तकनीकी आनी चाहिए जिससे आम जन सस्ता और टिकाऊ आवास बना सकें। एक उदाहरण के साथ मुख्यमंत्री ने सवाल किया कि सरकार ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाने के लिए एक लाख 20 हजार रुपए देती है, क्या हम ऐसी तकनीकी अपने स्तर पर विकसित कर सकते हैं कि इसी धनराशि के अंदर ही गरीब अपना मकान बना सके? इसी तरह उन्होंने ईंट भट्ठे से भूमि की उर्वरता और पर्यावरण पर पडने वाले प्रभाव की चर्चा करते हुए कहा कि ईंट का विकल्प खोजने के लिए नई तकनीकी खोजने तथा सॉलिड-लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए देसी पद्धतियों में समय के अनुरूप नवाचार करने की अपेक्षा जताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सस्ती और टिकाऊ तकनीकी की आवश्यकता इसलिए भी है कि सरकार कोई भी पैसा अपने जेब से नहीं देती है, बल्कि यह पैसा समाज के लोगों से ही प्राप्त होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन सुगमता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर व्यक्ति तक सस्ती और टिकाऊ तकनीकी की पहुंच आवश्यक है, पर, यह भी ध्यान रखना होगा कि तकनीकी हमसे संचालित हो, हम तकनीकी से संचालित न हों। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन वितरण की पारदर्शी व्यवस्था में भी तकनीकी का ही योगदान है। **(भाषा)**

## सरकार का संकल्प, किसी के साथ नहीं होगा अन्याय : योगी आदित्यनाथ

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को भरोसा दिया कि सरकार का संकल्प है कि किसी के भी साथ अन्याय न हो। योगी ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन, सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा, किसी को भी घबराने या परेशान होने की जरूरत नहीं है। हर पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर सुनिश्चित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान कराया जाएगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा, सरकार का संकल्प है कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि चूंकि लोगों की समस्याओं का निस्तारण उनकी सरकार की विशेष प्राथमिकता है, इसलिए वे उनकी समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से सुनिश्चित कराएं। बयान में कहा गया कि जनता दर्शन के दौरान गोरखनाथ मंदिर परिसर में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, सबकी समस्या का समाधान हरहाल में किया जाएगा। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों से संबंधित प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं। कुछ की शिकायत थी कि दबंग उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जमीन कब्जाने के पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू माफिया के रूप में चिन्हित कर सख्ती की जाए, किसी भी गरीब की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करें जो नजीर बने। **(भाषा)**

# गंगा-जमुनी के तहजीब एवं भाई-चारे का शहर, अफ़वाहों पर ध्यान ना दें: जिलाधिकारी



**अंबेडकरनगर, (ग्रुप 5 सं.)।** कलेक्ट्रेट सभागार में वक्फ संशोधन बिल को लेकर जिलाधिकारी अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की उपस्थिति में मुस्लिम धर्म गुरुओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने धर्म गुरुओं से कहा कि वक्फ संशोधन बिल को लेकर किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। अंबेडकर नगर गंगा-जमुनी तहजीब एवं आपसी भाई-चारे का शहर है, जनपद में हमेशा सभी के त्योहारों को सांप्रदायिक सद्भाव एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया है। इसलिए ऐसा कोई कार्य न करें जिससे जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था प्रभावित हो उन्होंने सभी धर्म गुरुओं से समाज, परिवार, बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं उत्थान हेतु बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा सभी बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने को कहा। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन बिल सहित किसी भी प्रकार की भ्रांति पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या अथवा सुझाव हेतु सीधे मिलकर के संवाद स्थापित कर अथवा लिखित रूप में उपलब्ध करा सकते हैं, आपकी प्रत्येक समस्या, सुझाव को उचित माध्यम से सक्षम स्तर पर पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने वक्फ संशोधन बिल के संबंध में लोगों को भ्रामक पोस्टों एवं भ्रांतियों से बचने को कहा। उन्होंने कहा कि अपने अंबेडकर नगर में हमेशा शांति और सौहार्द कायम रहा है और आगे भी शांति व्यवस्था कायम रहनी चाहिए। कोई भी बात हो तो 24 घंटे कभी भी मिल सकते हैं और खुले दिल से अपनी बातों को रख सकते हैं। प्रत्येक समस्या एवं सुझाव को गंभीरता से लिया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा वक्फ संशोधन बिल के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## बस और मोटरसाइकिल की टक्कर, दो लोगों की मौत

**बलिया।** जिले में सोमवार सुबह बस और मोटरसाइकिल की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना फेफना थाना क्षेत्र में रसड़ा-फेफना मार्ग पर सिंहपुर गांव के समीप की है जब एक निजी बस और मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई। थाना प्रभारी अजय त्रिपाठी ने बताया कि हादसे में मोटरसाइकिल पर सवार दीपक भारती तथा उसकी मौसी पूनम गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया जहां चिकित्सको ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। **(भाषा)**

## करंट लगने से श्रमिक की मौत

**अमेठी।** कमरौली थाना क्षेत्र में एक निजी कंपनी में काम करने वाले श्रमिक की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार रात की है जब चिलौली गांव का निवासी रमन तिवारी ड्यूटी के दौरान बिजली के तार के संपर्क में आ गया। कमरौली थाना प्रभारी अभिनेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि तिवारी जगदीशपुर के बीएचईएल के रोड संख्या-चार के सामने स्थित एक निजी कंपनी में काम करता था। मृतक के चाचा प्रवेश कुमार तिवारी ने गंभीर आरोप लगाया कि कंपनी ने घटना को छिपाने का प्रयास किया। उन्होंने आरोप लगाया, परिवार को कई घंटों तक जानकारी नहीं दी गई। जब हमारे फोन का जवाब नहीं मिला, तो हम कंपनी पहुंचे और तब हमें बताया गया कि रमन की मौत करंट लगने से हुई है।**(भाषा)**

## संक्षिप्त समाचार

### अनियंत्रित कार आइसक्रीम के ठेले से टकराई, हादसे में घायल व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ा

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले में थाना बीटा-दो क्षेत्र में बीती रात एक अनियंत्रित कार आइसक्रीम के ठेले से टकरा गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि बीटा-दो थाना क्षेत्र में बीती रात एक कार अनियंत्रित होकर सडक़ के किनारे खड़े आइसक्रीम के ठेले से टकरा गई। इस हादसे में बिहार के रोहतास का रहने वाला अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन और लोगों की मौत हो गई। थाना फेस-वन प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मान ने बताया कि क्षेत्र में बीती रात एक सड़क हादसे में राहुल कुमार (28) की मौत हो गई। वह न्यू अशोक नगर का निवासी था। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सेक्टर-113 के प्रभारी निरीक्षक कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि रविवार को थाना क्षेत्र में सडक़ हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान रंजीत (26) के रुप में की गई। मामले में जांच जारी है। थाना नॉलेज पार्क के प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में दीपक कुमार राघव (26), निवासी बुलंदशहर की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।**(भाषा)**

### मुठभेड़ के बाद हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार, गोली लगने से एक हेड कांस्टेबल घायल

**मेरठ।** हस्तिनापुर क्षेत्र में मुठभेड़ के बाद पुलिस ने हत्या के मामले के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और इस दौरान बदमाशों की गोली से एक पुलिसकर्मी को भी घायल हो गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस की गोली लगने से बदमाश भी घायल हुए हैं और उनके पास से एक पिस्तौल, तमंचा, कारतूस और हत्या की घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपियों की पहचान हस्तिनापुर के गांव किशनपुर के निवासी छंगा उर्फ बलवीर (27) और फौता उर्फ मनमीत (27) के रूप में हुई है जो दो अप्रैल को परमजीत सिंह उर्फ गुल्ला की हत्या में संलिप्त थे। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों पर 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। अधिकारी ने बताया कि हस्तिनापुर थाने की पुलिस रविवार रात जम्बूदीप चौराहे पर वाहनों की जांच कर रही थी तभी एक मोटसाइकिल पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखे जिन्हें रुकने का इशारा किया गया लेकिन वे जंगल की तरफ भागने लगे। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम के पीछा करने दौरान बदमाशों की मोटरसाइकिल फिसल गई और पुलिस ने जब आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया तो उन्होंने गोली चला दी जिससे हेड कांस्टेबल तरुण मलिक घायल हो गया। मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दोनों बदमाशों के पैर में गोली मार दी और उन्हें पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि हेड कांस्टेबल के हाथ में गोली लगी है। पुलिसकर्मी और घायल आरोपियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**(भाषा)**

### गवाही वापस लेने से इनकार करने पर एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**मुजफ्फरनगर।** जिले के छपार थाना क्षेत्र के बिजोपुरा गांव में हत्या के मामले में एक मुख्य गवाह पर कथित रूप से पांच लोगों ने गोलियां बरसा दीं जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सलमान (35) के रूप में हुई है जो अपने भाई जैद की हत्या के मामले में मुख्य गवाह था। चार साल पहले मेरठ में जैद की हत्या कर दी गई थी और यह मामला मेरठ की ही एक अदालत में लंबित है। पुलिस क्षेत्राधिकारी देवव्रत बाजपेई ने संवाददाताओं को बताया कि इरफान और उसके चार साथी कालिया, मोहम्मद अली, नैमुद्दीन और फाजिल के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। ये सभी मेरठ जिले के निवासी हैं। अधिकारी ने बताया कि फिलहाल सभी आरोपी फरार हैं और उनकी तलाश की जा रही है। सलमान के भाई नौशाद द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार आरोपी, सलमान पर गवाह के तौर पर अपना नाम वापस लेने का दबाव बना रहे थे लेकिन उनके भाई ने ऐसा करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने बताया कि शनिवार को उसे बिजोपुरा गांव के जंगल में ले जाया गया, जहां उस पर गोलियां बरसा दी गईं। पुलिस ने बताया कि शव बरामद किए जाने के बाद रविवार को उसकी पहचान की गई।**(भाषा)**

### बच्चों को फंदे पर लटकाने के बाद महिला के खुदकुशी करने के मामले में दो लोगों पर मामला दर्ज

**नोएडा।** जिले के बिसरख थाना क्षेत्र में बच्चों को कथित रूप से फंदे पर लटकाने के बाद महिला द्वारा खुदकुशी किए जाने के मामले में उसके पति और जेठानी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि मृतका आरती के भाई दिलीप कुमार की शिकायत पर महिला के पति राजकुमार तथा जेठानी सावित्री के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना) तथा 85 (किसी महिला के पति या उसके रिश्तेदार द्वारा क्रूरता किया जाना) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। दिलीप ने शिकायत में आरोप लगाया कि राजकुमार उनकी बहन को पसंद नहीं करता था तथा आए दिन उसके साथ मारपीट करता था। प्रवक्ता ने शिकायतकर्ता के हवाले से बताया, राजकुमार के अपनी भाभी सावित्री के साथ अवैध संबंध थे जिसका आरती को पता चल गया था। इसके बाद राजकुमार, आरती को प्रताड़ित करने लगा। उन्होंने बताया कि तीन अप्रैल को आरती ने अपनी छह वर्षीय बेटी सोहनी और चार वर्षीय बेटे रोहन को कथित तौर पर छत की रेलिंग पर फंदे से लटका दिया और स्वयं भी खुदकुशी कर ली। **(भाषा)**

## किशोर की तालाब में डूबने से मौत

**बलिया।** जिले में उभांव थाना क्षेत्र के बिल्थरारोड नगर में 15 वर्षीय किशोर की तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बिल्थरारोड नगर के जहीरगंज मोहल्ले में पशुहारी मार्ग पर एक स्कूल के पीछे अल्तमस (15) रविवार को तालाब में नहाते समय गहरे पानी में चला गया और डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई। उसने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उसने तालाब से अल्तमस का शव बरामद किया।**(भाषा)**

## ईंट भट्ठा संचालक मनमाने ढंग से कृषि योग्य भूमि की मिट्टी का कर रहे खनन

**रामनगर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** राजा ईट भट्ठा उद्योग की ओर से कृषि योग्य भूमि पर मानक के विपरीत जेसीबी मशीन से खनन कर ईंट बनाई जा रही है। जिससे आसपास के किसानों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसान काफी परेशान है रोकने पर विवाद की स्थित बन रही है। जानकारी के अनुसार विकासखंड रामनगर की ग्राम पंचायत सिरौली कला मजरे भागीरथ पुरवा स्थित खेतों में ब्रिक फील्ड मालिक के द्वारा कई महीनों से उपजाऊ खेतों से मिट्टी निकालने का सिलसिला चल रहा है।



अब मानक के विपरीत मिट्टी का खनन कर शासन को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान भी पहुंचाया जा रहा है। इन्होंने कहां पर लीज की भूमि ली है विनिमय शुल्क जमा है नहीं। इसकी किसी को भी जानकारी नहीं हैं। हैरत की बात तो यह है कि कृषि योग्य भूमि का पूरा क्षेत्र रेत व गड्ढों में तब्दील हो गया है 8 से 10 फिट तक गहरी मिट्टी निकाली गई है। उल्लेखनीय बात तो यह है कि भट्ठा संचालकों के द्वारा इतने बड़े पैमाने पर जेसीबी मशीन से खनन किया जा रहा है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों को यह सब नहीं दिखाई पड़ रहा है। तमाम हरे भरे पेड़ भी हो गए धराशाई। भूमि की मानक से अधिक खुदाई होने से हर भरे पेड़ों को भी नुकसान पहुंच रहा है। खननकर्ता हरे विशालकाय पेड़ो के आसपास जमकर खुदाई करते हैं जिससे पेड़ो की जड़े बाहर निकल आई है दर्जनों पेड़ सूख गए है आधा दर्ज आम के हरे पेड़ लगे हैं उसके पास क़रीब 10 फिट गहरी मिट्टी निकाली गई। जिससे पर्यावरण पर असर पड़ना तय है।

## गेंहू के खेतों में अचानक आग लगने से कई बीघा फसल जलकर खाक



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम खुर्दमऊ मीठेपुर में सोमवार को दोपहर के समय गेहूं के खेतों में अचानक आग लग गई। आग तेजी से फैलने के कारण कई खेत इसकी चपेट में आ गए। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो सके। बदोसराय पुलिस व फायर ब्रिगेड टीम के मौके पर पर पहुची। फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से आग पर काबू पाया गया। इस घटना में खुर्दमऊ के किसान मोहम्मद सिद्दीक, मोहम्मद अजीज, मोहम्मद जहीर, मोहम्मद वैश और मोहम्मद कुद्दूस, अफजाल की फसले जल गई। मीठेपुर में रामप्यारी, मनोहर और महावीर समेत कई किसानों की करीब छह बीघा पकी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। क्षेत्र में लगातार हो रही आग की घटनाओं से किसान दहशत में है। तहसीलदार शरद सिंह के निर्देश पर लेखपाल शुभेन्द्र अवस्थी ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर संयुक्त जिला चिकित्सालय में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता

**अम्बेडकरनगर, (ग्रुप 5 सं.)।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्रेषित प्लान ऑफ एक्शन 2025-26 के अनुपालन में राम सुलीन सिंह, जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के आदेशानुसार एवं भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता, अपर जिला जज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, की अध्यक्षता में संयुक्त जिला चिकित्सालय, में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस विधिक साक्षरता शिविर में डॉ. हर्षित गुप्ता, चिकित्सालय प्रबन्धक, डॉ.आरपी जायसवाल, वरिष्ठ परामर्शदाता, डॉ. अविनाश रस्तोगी, बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ. अब्दुल हलीम, मनोचिकित्सक, डॉ. शिवेन्द्र यादव, फिजियोथेरेपिस्ट, डॉ. गीतांजली, डायटीशियन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण, पराविधिक स्वंयसेवक, संयुक्त जिला चिकित्सालय के कर्मचारीगण आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया। शिविर को सम्बोधित करते हुये भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि स्वास्थ्य समस्याओं के विषय में जागरूक करने के लिये हर साल सात अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है यह खास दिन लोगों को स्वस्थ रहने हेतु जागरूक करता है। इस वर्ष स्वस्थ शुरूआत, आशापूर्ण भविष्य है थीम के साथ मनाया जा रहा है। यह थीम माताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य और उनकी सुरक्षा पर केंद्रित है, जिसका उद्देश्य डिलीवरी के समय उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं की जरूरतों पर ध्यान देना है। वर्तमान समय में स्वास्थ्य को लेकर जागरूक होना बहुत जरूरी है स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता से आप तमाम बीमारियों से बचाव कर सकते हैं और बीमारियों का शुरूआत में ही पता लगा सकते है इससे इलाज कराने में आसानी होती है और स्वास्थ्य को होने वाले गंभीर नुकसान से भी बचा जा सकता है। स्वास्थ्य सम्बन्धी मुद्दों के अतिरिक्त लोगों को चिकित्सा के क्षेत्र में हो रही नई रिसर्च और दवाओं के बारे में जागरूक करना भी इस दिन का उद्देश्य है।




# जन्नतुल बक़ी के निर्माण की मांग, इंसाफ़, इंसानियत की गूंजी आवाज़

**बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** देवा शरीफ़ जो सूफी प्रेम, रूहानियत और भाईचारे की मिट्टी है,छह अप्रैल 2025 को एक ऐतिहासिक क्षण का गवाह बना।सूफ़ी इस्लामिक बोर्ड और अल-बक़ी ऑर्गनाइजे़शन देवा शरीफ़ के संयुक्त तत्वावधान मे इन्हदाम-ए-जन्नतुल बक़ी कॉन्फ्रेंस का भव्य और ऐतिहासिक आयोजन दरगाह हज़रत हाजी वारिस अली शाह (रह.) की पाक सरज़मीन पर हुआ। इस सम्मेलन ने न सिर्फ़ सऊदी अरब मे जन्नतुल बक़ी की मजारों के ध्वंस के खिलाफ़ आवाज़ बुलंद की, बल्कि पूरी दुनिया को इंसाफ़, अमन और इस्लामी एकता का संदेश भी दिया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सऊदी अरब में 1925 में ध्वस्त की गई जन्नतुल बक़ी की पवित्र मजारों विशेष रूप से जनाबे फातिमा ज़हरा (स.अ.), इमाम हसन (अ.), इमाम ज़ैनुल आबिदीन (अ.),इमाम बाक़िर (अ.) और




इमाम जाफ़र सादिक़ (अ.) की रौज़ो के पुनर्निर्माण की वैश्विक मांग को मज़बूती से उठाना था।सके अतिरिक्त देवा शरीफ़ में स्थित हज़रत हाजी वारिस अली शाह (रह.) की दादी मां हज़रत फ़ातिमा ज़हरा (स.अ.) की मजार के पुनर्निर्माण हेतु भी जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया गया।सम्मेलन की सदारत राष्ट्रीय अध्यक्ष सूफ़ी इस्लामिक बोर्ड हज़रत मंसूर ख़ान साहब ने की। तिलावत-ए-कलाम पाक से कार्यक्रम की शुरुआत जिया जैदी साहब ने की। इस ऐतिहासिक आयोजन में देशभर से सूफ़ी संत, इस्लामी विद्वान,पत्रकार,सामाजिक कार्यकर्ता और युवाओं ने शिरकत की।सम्मेलन में बोलते हुए हज़रत सूफ़ी राज जैन संस्थापक सर्व धर्म ख्वाजा मंदिर ने भावुक स्वर में कहा जब तक जनाबे फ़ातिमा ज़हरा (स.अ.) का रौज़ा दोबारा नही बन जाता,तब तक हम अपने घरों में चैन से कैसे बैठ सकते हैं? अजमेर शरीफ़ दरगाह के सज्जादा नशीन ने बेहद सख़्त लहजे में कहा, अहलेबैत से मोहब्बत ईमान की निशानी है। जो जनाबे ज़हरा (स.अ.) के रौज़े के सिलसिले में खामोश है, वो मुसलमान तो छोड़िए, इंसान भी नहीं हो सकता। सैयद रूहुल्लाह मेहदी मूसवी,सांसद कश्मीर ने दो टूक कहा हम रौज़ा बनाना चाहते है और ये काम हमारे हाथों से होना चाहिए। मज़लूमों का साथ दो,ज़ालिम के खिलाफ़ खड़े हो यही इंसानियत है। हनीफा जान सांसद लद्दाख ने कहा हम भारत सरकार से अपील करते हैं कि वह सऊदी सरकार से रौज़ा पुनर्निर्माण के लिए बात करे और दबाव बनाए। फ़ैसल ख़ान, अध्यक्ष खुदाई खिदमतगार, ने सभी धर्मों के लोगों से आह्वान किया रौज़ा-ए-जन्नतुल बक़ी की तामीर सिर्फ़ मुसलमानों की नही इंसानियत की लड़ाई है। सभी धर्म साथ आएं और इस पुकार को आवाज़ दें। सज्जाद कारगिल एक्टिविस्ट ने कहाकि भारत सरकार को सऊदी अरब पर कूटनीतिक दबाव बनाना चाहिए ताकि जल्द रौज़ा तामीर हो सके। सैयद रिज़वान मुस्तफ़ा, वाइस प्रेसिडेंट सेव वक्फ इंडिया व एडिटर तहलका टुडे, ने कहा, ये हमारी खुशकिस्मती है कि हम राम की धरती पर पैदा हुए जहाँ हाजी वारिस अली शाह (रह.) और इमाम ख़ुमैनी (रह.) जैसी शख्सियतों से यह मिट्टी जुड़ी है। आज हम इस पाक ज़मीन से जनतुल बक़ी के रौज़े की पुकार बुलंद करते हैं।

## नवरात्रि में ऑनलाइन मंगाया वेज बिरियानी, निकली नॉनवेज

**नोएडा।** जिले के बिसरख थानाक्षेत्र की एक युवती ने आरोप लगाया है कि उसने चार अप्रैल को वेज (शाकाहारी) बिरियानी का ऑनलाइन ऑर्डर किया था लेकिन उसे नन वेज (मांसाहारी) बिरियानी दे दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। युवती छाया शर्मा का कहना है कि नवरात्रि के मौके पर प्रसिद्ध फूड डिलीवरी ऐप- - स्विगी से उसने लखनऊ कवाब परांठा रेस्तरां से वेज बिरयानी ऑर्डर की थी लेकिन उसे चिकन बिरयानी का पैकेट पकड़ा दिया गया। युवती ने कहा कि उसने जैसे ही बिरयानी खाई तो उसे शक हुआ तथा उसने जब पड़ताल की तो उसे पता चला कि उसके यहां भेजे गई बिरियानी वेज नहीं है बल्कि वह चिकन बिरयानी है। छाया ने कहा कि वह शुद्ध शाकाहारी है और उसने गलती से एक-दो कौर खा लिया, ऐसे में उसकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। युवती ने इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर डाला है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी-मध्य नोएडा) शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि



इस वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस संबंधित रेस्तरां के कर्मी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। रेस्तरां के मालिक राहुल ने बताया कि वह फिलहाल देहरादून में हैं। राहुल ने कहा कि उनके यहां वेज बिरयानी नहीं बनती, उनके यहां चिकन बिरयानी और नॉनवेज बिरयानी ही बनती हैं। राहुल ने कहा, हम अपने स्तर से मामले की जांच कर रहे हैं कि गलती कैसे हुई। वीडियो वायरल होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम भी रेस्तरां पहुंची। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉक्टर ओमपाल सिंह ने रेस्तरां से नमूना लिया और जांच पूरी होने तक उसे (रेस्तरां को) सील कर दिया। **(भाषा)**

## संक्षिप्त समाचार

### मुस्लिम महिलाओं को मुख्यधारा में लाएगा वक्फ संशोधन विधेयक : सायरा बानो

**रामनगर, एजेंसी।** वक्फ संशोधन विधेयक पारित होने पर मुस्लिम राष्ट्र मंच ने खताड़ी में मुस्लिम समाज के लोगों के साथ बैठक की। खताड़ी में आयोजित बैठक में मंच के राष्ट्रीय संगठन मंत्री तुषारकांत हिंदुस्तानी ने कहा कि इल्म हासिल करना हर मुसलमान पर फर्ज है। कहा कि पैगंबर साहब के उस संदेश को व्यवहार में लाकर, शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनना होगा। उन्होंने समाज के युवाओं और महिलाओं को आगे आकर वक्फ संपत्तियों के सही उपयोग और समाज सुधार में योगदान देने का आह्वान किया। वहीं राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सायरा बानो ने वक्फ संशोधन विधेयक को मुस्लिम समाज के लिए ऐतिहासिक बताया। कहा कि यह कानून न्याय की दिशा में एक मजबूत कदम है। साथ ही मुस्लिम महिलाओं को भी सामाजिक, आर्थिक और नेतृत्व की मुख्यधारा से जोड़ने का माध्यम बनेगा।

### नैनीताल शहर में टैक्सी वाहन संचालन की एसओपी जारी

**नैनीताल, एजेंसी।** नैनीताल शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए डीएम वंदना सिंह की ओर से टैक्सी, मैक्सी, ई-रिक्शा और टू-व्हीलर टैक्सी के संचालन को लेकर स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) जारी कर दी है। इसके तहत नगर क्षेत्र में संचालित सभी व्यावसायिक वाहनों का सत्यापन एवं फिटनेस जांच की जाएगी। डीएम ने इसके लिए समिति का गठन किया है, सत्यापन दो चरणों में होगा। पहले चरण में तीन जुलाई 2017 से पूर्व पंजीकृत वाहनों और दूसरे चरण में इस तिथि के बाद पंजीकृत वाहनों का सत्यापन किया जाएगा। इसके लिए एसडीएम, सीओ, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, ईओ नैनीताल की कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी वाहन चालकों के प्रपत्रों की जांच करेगी। सत्यापन के बाद चालकों को परिचयपत्र भी जारी किया जाएगा।

### कन्याओं को हलवा पूरी खिलाकर ओढ़ाई चुनरी

**ऋषिकेश, एजेंसी।** रामनवमी पर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न माता मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान किए गए। भगवान श्रीराम का अभिषेक भी किया गया। घरों में श्रद्धालुओं ने कन्याओं को हलवा पूरी खिलाकर चुनरी ओढ़ाई। रविवार को डोईवाला के माता मणिमाई मंदिर, खैरी स्थित माता नलों वाली देवी मंदिर, नकरौंदा गूलरघाटी स्थित प्राचीन भद्रकाली माता मंदिर, प्राचीन हनुमान मंदिर मिल रोड में सुबह से ही देवी दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। अग्रवाल धर्मशाला परिसर स्थित मंदिर में नवरात्र पर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। पंडित रमेश डंडरियाल ने बताया कि विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने से माता प्रसन्न हो जाती हैं। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी, पंकज शर्मा, कैलाश मित्तल, आनंद गुप्ता, मनोज प्रजापति, दिव्या, प्रवीण, रवि प्रजापति, सोनू गोयल, राहुल मित्तल, सुनील जायसवाल, सुशील जायसवाल, गौरव गुप्ता आदि मौजूद थे। उधर, नगर के विभिन्न मंदिरों में महिलाओं की ओर से भजन कीर्तन भी किए गए।उधर, प्रसिद्ध सिद्ध पीठ मनइच्छा मंदिर रानीपोखरी में नवमी के दिन हरियाली काटकर पूजा-अर्चना और यज्ञ किया गया। भक्तों को रोट, नारियल और हलुए का प्रसाद दिया गया। इसके बाद भंडारे की शुरुआत हुई। बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष नरेंद्र चौहान, मंदिर के महंत हर्षमणि नौटियाल, राजेश जोशी, गौरव सेमवाल, शैलेंद्र तोमर आदि उपस्थित रहे।

### संस्कृत विश्वविद्यालय विकास के पथ पर सवार : रावत

**बहादराबाद, एजेंसी।** कैबिनेट मंत्री डॉ.धन सिंह रावत ने रविवार को बहादराबाद स्थित उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय में अतिथि गृह, बालिका छात्रावास, परीक्षा हॉल और बीएड भवन सहित कई निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। इन सभी भवनों का निर्माण लगभग 68 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री का विश्वविद्यालय पहुंचने पर कुलपति और अधिकारियों ने स्वागत किया। उन्होंने विश्वविद्यालय की ओर से शिक्षकों के लिए निकाली गई विज्ञप्ति और शिक्षकों के प्रमोशन 50 दिन में करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंत्री के रूप में उन्होंने 16 हज़ार शिक्षकों को नियुक्ति प्रदान करने का काम किया है।

# टूरिस्ट सीजन में जाम से नहीं होगी परेशानी, प्रशासन बनाया प्लान, सैलानियों के लिए शुरू होगी नई सेवा

**देहरादून, एजेंसी।** पर्यटन सीजन में जाम से हांफती मसूरी की सड़कें पर्यटकों का मूड किरकिरा कर देती हैं। पर्यटन नगरी को जाम से बचाने के लिए अब तक तमाम प्रयास किए गए, लेकिन सभी नाकाफी साबित हुए।

हालांकि, नववर्ष के दौरान मसूरी में पर्यटकों को जाम से बचाने के लिए शटल सेवा और सेटेलाइट पार्किंग की दिशा में किए गए प्रयास राहतभरे रहे। लिहाजा, जिला प्रशासन ने इस पर्यटन सीजन में शटल सेवा और सेटेलाइट पार्किंग की व्यवस्था को और बेहतर ढंग से ग्रीष्मकाल में जारी रखने का निर्णय लिया है।



मसूरी में पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों से जाम से निजात दिलाने के लिए जिलाधिकारी सविन बंसल ने अधिकारियों की बैठक ली। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि लाइब्रेरी चौक और पिक्चर पैलेस तक संचालित होने वाली शटल सेवा के वाहनों के लिए पार्किंग के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। साथ ही पर्यटकों की मदद के लिए हेल्प डेस्क स्थापित की जाए।

इसके अलावा शटल सेवा के संचालन के लिए मसूरी में होटल, रिसार्ट आदि की पार्किंग क्षमता का स्पष्ट आकलन करते हुए उसके मुताबिक शटल सेवा का संचालन करने के निर्देश पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारियों को दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि गज्जी बैंड और किंक्रेग पार्किंग पर उचित पार्किंग और संबंधित रूट पर साइन बोर्ड लगाते हुए पर्यटकों को पूरी जानकारी देने की व्यवस्था के भी दिशा-निर्देश जिलाधिकारी बंसल ने जारी किए।

उन्होंने कहा कि पर्यटन सीजन शुरू होने से पहले अधिकृत शटल सेवा संचालन के साथ एग्रीमेंट और यात्रियों की सुविधा के लिए टोकन सिस्टम जैसी व्यवस्था अपना ली जाए। यात्रियों के लिए वेटिंग रूम, रेस्ट रूम और फूड आउटलेट्स की व्यवस्था भी की जानी है। ताकि इंतजार की स्थिति में उन्हें परेशान न होना पड़े।

जिलाधिकारी ने मसूरी क्षेत्र को जाम से बचाने के लिए उपजिलाधिकारी, पुलिस अधिक यातायात और आरटीओ की पीठ भी थपथपाई। बैठक में उपजिलाधिकारी मसूरी अनामिका, आरटीओ सुनील शर्मा, अधिशासी अभियंता लोनिवि बी द्विवेदी, जिला पर्यटन विकास अधिकारी सीमा नौटियाल, जिला पूर्ति अधिकारी केके अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी सविन बंसल के मुताबिक, पर्यटन सीजन में 50 कारों की शटल सेवा की व्यवस्था की जाएगी। जिसे आवश्यकता के अनुसार बढ़ाया भी जा सकता है। इन कारों को किंक्रेग की मल्टीस्टोरी पार्किंग के अलावा गज्जी बैंड की पार्किंग में तैनात किया जाएगा। मसूरी में पार्किंग क्षमता करीब 3,000 वाहनों की है। जैसे ही वाहनों का आंकड़ा 2,500 के आसपास पहुंच जाएगा, वैसे ही शटल सेवाओं का संचालन शुरू करा दिया जाएगा।

पर्यटकों के वाहनों को शटल सेवाओं की पार्किंग में पहुंचाने की जिम्मेदारी पुलिस और परिवहन विभाग की है। पर्यटकों के वाहन सेटेलाइट पार्किंग स्थल पर खड़े करवाकर उन्हें शटल सेवा के माध्यम से मसूरी पहुंचाया जाएगा।

प्लान के अनुसार शटल सेवा के माध्यम से जाने वाले पर्यटकों को मसूरी में पिक्चर पैलेस और लाइब्रेरी चौक पर उतारा जाएगा। यहां से होटल या अन्य गंतव्य तक जाने के लिए पर्यटकों के लिए ई-रिक्शा और गोल्फ कार्ट की व्यवस्था की गई है।

## सहकारिता से 50 हजार महिलाओं को बनाएंगे लखपति दीदी : धन सिंह

**हरिद्वार, एजेंसी।** प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि सहकारिता से 50 हजार महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर सशक्त किया जाएगा। सहकारिता से महिलाओं और राष्ट्र का विकास भी होगा।

रविवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर ऋषिकुल आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में महिला सशक्तिकरण सहकारिता से विषय पर आधारित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लिए अधिकारी कार्य में जुट जाएं। कहा कि वे निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें।

साथ ही जनपद की जिन ग्राम पंचायत के नाम से बहुउददेश्यीय सहकारी समिति नहीं हैं, उनमें समितियों का गठन किया जाए। इन समितियों के माध्यम से पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी, जन औषधि केंद्र, जनसुविधा केंद्र आदि सहकारिता विभाग की ओर से संचालित किया जाएगा। इनसे समस्त योजनाओं का लाभ सीधे ग्राम पंचायत स्तर तक पहुंचाया जाएगाए जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

यह कार्यक्रम नारी सशक्तिकरण एवं समग्र ग्रामीण विकास की दिशा में सहकारिता विभाग की ओर से किए जा रहे सार्थक प्रयासों का एक प्रेरणादायक उदाहरण सिद्ध होगा।

उन्होंने कहा कि समितियों में अनियमितताओं करने वालों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कुछ समितियों की जांच चल रही है। जिनकी शिकायत मिलेगी, उनकी जांच कर दोषियों को दंडित किया जाएगा।

इस मौके पर मेयर किरन जैसल, भाजपा जिलाध्यक्ष अशुतोष शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, सहकारिता विभाग के संयुक्त निबंधक (मुख्यालय) एमपी त्रिपाठी, सहायक निबंधक (मुख्यालय) राजेश चौहान, जिला सहायक निबंधक (हरिद्वार) पुष्कर सिंह पोखरिया, जिला सहकारी बैंक लिमिटेड हरिद्वार की सचिव एवं महाप्रबंधक वंदना लखेड़ा, विकास तिवारी, प्रदीप चरैधरी, संजय चतुर्वेदी, डा. नरेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

## नैनीताल में सैलानियों की भारी भीड़, पुलिस ने लागू किया स्पेशल ट्रैफिक प्लान



**नैनीताल, एजेंसी।** सरोवर नगरी में वीकेंड पर पर्यटकों के उमड़ने का सिलसिला जारी है।

पुलिस ने विशेष यातायात प्लान लागू करते हुए रूसी बाईपास, नारायण नगर पार्किंग में बिना बुकिंग वाले पर्यटक वाहनों को रोक दिया। इसके बाद पर्यटकों को शटल सेवा से शहर की ओर भेजा गया। बारापत्थर से पुलिस ने करीब 150 दोपहिया वाहन वापस लौटाए।

उधर, पर्यटकों की भीड़ से शहर के अधिकांश होटल-गेस्ट हाउस पैक हैं। पर्यटन कारोबारियों के अनुसार 10 हजार से अधिक पर्यटक पहुंचे। पर्यटकों की आवाजाही से बाजारों सहित पर्यटन स्थल पूरे दिन गुलजार रहे। शनिवार सुबह से ही पर्यटकों की आवक होने लगी, जो शाम तक जारी रही। शहर की सड़कों पर पर्यटक वाहनों की कतार लगी रही।

नैनी झील में नौका विहार करने वाले पर्यटकों का तांता लगा रहा जबकि पर्यटकों ने माल रोड में खूब चहलकदमी की। शहर के समीपवर्ती नयना देवी बर्ड रिजर्व क्षेत्र में भी पर्यटकों की आमद से 70 से अधिक होटल-रिजार्ट्,होम स्टे में भी 70 प्रतिशत से अधिक कमरे पैक रहे।

## बोलेरो पर उत्तराखंड शासन की नेम प्लेट लगाई और फिर दिखाई दबंगई, एसएसपी भी देखकर रह गए हैरान

**देहरादून, एजेंसी।** बोलेरो पर उत्तराखंड शासन की नेम प्लेट लगाकर दबंगई दिखा रहे तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित नकली पिस्टल दिखाकर सरेआम दबंगई कर रहे थे। इसके प्रसारित हो रहे वीडियो का एसएसपी अजय सिंह ने स्वतः संज्ञान लेते हुए पुलिस को तत्काल आरोपितों की गिरफ्तार के निर्देश दिए। कुछ ही घंटों बाद आरोपितों को पकड़ लिया गया।

रविवार को एक इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो तेजी से प्रसारित हो रही थी, जिसमें उत्तराखंड शासन की नेम प्लेट लगी एक बोलेरो सड़कों पर दौड़ रही थी। उसमें दो युवक हाथ में पिस्टल लेकर दबंगई कर रहे थे। एसएसपी ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए तत्काल आरोपितों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

पुलिस टीम ने कुछ समय में तीन आरोपित मोहम्मद असलम, बिलाल हुसैन निवासी हरभजवाला और दानिश निवासी मेहुंवाला माफी खादर को वाहन के साथ आइएसबीटी से गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला कि आरोपित जिस पिस्टल को लहरा




रहे थे, वह खिलौना थी। पुलिस ने जब वाहन के संबंध में जानकारी जुटाई तो पता चला कि यह वाहन सिंचाई विभाग में अनुबंध पर लिया गया है।

पाश क्षेत्र डालनवाला स्थित अधिवक्ता के घर के ताले तोड़कर चोर चांदी के बर्तन, रसोई के नल व अन्य कीमती सामान चोरी करके ले गए। इस मामले में शहर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी तहरीर में डा. माला भारतीय निवीास राजपुर रोड डालनवाला ने बताया कि वह वकालत करती हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता का निधन हो गया था, ऐसे में उन्हें उनकी क्रिया-कर्म के लिए रामनगर जाना पड़ा। इस दौरान वह घर बंद करके गई थी।

29 मार्च की करीब 11 बजे अपने डालनवाला स्थित घर पहुंची तो देखा कि मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ था। घर के सभी दरवाज़े खुले हुए थे। घर के अंदर जाने पर यह पाया कि अलमारियां खुली हुई थीं तथा सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर ज्ञात हुआ कि चोर ने घर से रसोई के दोनों नल, बर्तन, मंदिर में रखे चांदी के बर्तन एवं कई कीमती कपड़े चोरी कर लिए हैं। यह देख वह अत्यंत घबरा गई और तत्काल थाने में फोन कर घटना की सूचना दी।

# नैनीताल साहित्य महोत्सव में जुटेंगे देशभर के 30 से ज्यादा कवि-साहित्यकार, कुमाऊंनी बोली-संस्कृति पर होगा जोर

**नैनीताल, एजेंसी।** जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल की तरह ही आगामी 25 अप्रैल से 27 अप्रैल तक नैनीताल में साहित्य महोत्सव 2025 का आयोजन किया जाएगा. इसमें देशभर के 30 से अधिक जाने माने लेखक और कवि प्रतिभाग करेंगे. इस दौरान साहित्य को बढ़ावा देने पर मंथन किया जाएगा. साहित्य महोत्सव में विख्यात लेखक गुरचरण दास और अशोक पांडे भी शामिल होंगे. वहीं, महोत्सव में कुमाऊंनी बोली, होली, संस्कृति आदि पर विशेष फोकस किया जाएगा.

साहित्य महोत्सव में कुमाऊंनी बोली, संस्कृति पर भी विशेष जोर- बता दें कि साहित्य महोत्सव 2025 का आयोजन लैक्मे चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से किया जा रहा है. इसका आयोजन नैनीताल के खुरपाताल क्षेत्र में होगा. इस साहित्य महोत्सव में कुमाऊंनी बोली पर भी विशेष जोर दिया जाएगा. महोत्सव में कुमाऊंनी होली, ऐपण कला, उत्तराखंडी संस्कृति को बावा देने पर चर्चा होंगी. लिटरेचर




फेस्टिवल निदेशक अमिताभ सिंह बघेल ने बताया कि तीन दिवसीय महोत्सव के तहत पहले दिन में व्हेयर इस इंडिया हेडेड, दूसरे दिन में तारीख में औरत विषय और तीसरे दिन उर्दू भाषा पर अतिथियों संग चर्चा की जाएगी.

महिलाओं के जुझारूपन और उनके संघर्षों को दर्शाती हैं कहानियां- साहित्य महोत्सव में नैनीताल पहुंचे लेखक अशोक पांडे ने कहा कि महोत्सव के दौरान उनकी ओर से लिखित साहित्य तारीख में औरत पर भी चर्चा होगी. इस साहित्य में 50 ऐसी कहानी लिखी गई हैं, जिनमें महिलाओं के जुझारूपन और उनके संघर्षों को बताया गया है. अशोक पांडे ने आगे कहा लगातार देश में महिलाओं पर हिंसा अपराध जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं. पहाड़ों में भले ही अपराध कम हो, लेकिन महिलाओं पर हिंसा के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जो एक चिंतनीय विषय है.

प्रोफेसर पुष्पेश पंत का मार्गदर्शन- नैनीताल लिटरेचर फेस्टिवल यानी एनएलएफ का मार्गदर्शन पद्म श्री प्रोफेसर पुष्पेश पंत कर रहे हैं. उन्होंने कहा, ÷नैनीताल वैश्विक मानचित्र पर एक विशिष्ट पहचान रखता है. यह उत्सव उस पहचान को साहित्य के रंग में और निखारेगा.÷

टिकट फ्री है एनएलएफ- फेस्टिवल का उद्देश्य विचारों और कहानियों को साझा करने का एक ऐसा मंच प्रदान करना है जो स्थानीय और वैश्विक दोनों आवाजों को जोड़ता है. कार्यक्रम में हिंदी, अंग्रेजी और उर्दू में सत्र होंगे. इनमें कथा, कविता, गद्य, बाल साहित्य और सम सामयिक विषयों पर चर्चा होगी. नैनीताल लिटरेचर फेस्टिवल की विशेषता ये भी होगी कि यह टिकट फ्री है. फेस्टिवल में कोई भी साहित्य प्रेमी आ सकता है.

## आधी रात टोल प्लाजा पर भाजपाइयों का हंगामा, जबरन बूम बैरियर खोला, रोकने पर कर्मियों से की मारपीट



**किच्छा (ऊधमसिंह नगर), एजेंसी।** आरोप है कि टोल के अंदर तोड़फोड़ भी की। साथ ही कैश रूम का दवाजा भी तोड़ दिया। मौके पर सादी वर्दी में आए चौकी इंचार्ज से भी धक्का मुक्की की गई।

उत्तराखंड में किच्छा के चुटकी देवरिया में आधी रात भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। आरोप है कि कार्यकर्ताओं ने टोल प्लाजा पर जबरन बूम बैरियर खोल दिया। इसके साथ ही टोल कर्मियों से मारपीट भी की। वहीं, टोल के अंदर तोड़फोड़ भी की। साथ ही कैश रूम का दवाजा भी तोड़ दिया। मौके पर सादी वर्दी में आए चौकी इंचार्ज से भी धक्का मुक्की की गई।

टोल कर्मी अनुज तिवारी ने अज्ञात लोगों के खिलाफ किच्छा कोतवाली में तहरीर दी है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि टोल प्लाजा के अंदर मारपीट की जा रही है। सीओ भूपेंद्र सिंह धोनी ने बताया कि मारपीट का मामला सामने आया है। मामले की जांच की जा रही है।

# गर्मी शुरू होते ही अपने वतन लौटने लगे विदेशी मेहमान, अब शरद ऋतु में होंगे दीदार



**रामनगर, एजेंसी।** हर साल सितंबर-अक्टूबर के बीच कॉर्बेट नेशनल पार्क से लगते जलाशयों में साइबेरियन पक्षियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू जाता है. मार्च-अप्रैल में साइबेरियन पक्षी अपने वतन लौट जाते हैं. प्रवासी पक्षियों के आने से कोसी बैराज व आसपास के क्षेत्रों के जलाशय इनकी चहचहाहट और दीदार के लिए पर्यटक देश विदेश से यहां पहुंचते हैं. लेकिन अब इन ये प्रवासी पक्षी अपनी घर वापसी कर रहे हैं और धीरे-धीरे जलाशय खाली हो रहे हैं.

गौर हो कि विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क से सटे कोसी नदी और अन्य जलाशयों में हर साल हजारों किलोमीटर की दूरी तय कर साइबेरियन पक्षी यहां पहुंचते हैं. गर्मियों की दस्तक के साथ ही अपने गंतव्य की ओर लौट जाते हैं. आजकल जलाशयों में बस 2 से 4 पक्षी ही दिखाई दे रहे हैं. ये भी अब कुछ दिनों में यहां से चली जाएंगी. हर साल सितंबर-अक्टूबर के बीच इन जलाशयों में दिखाई देने वाले यह सुंदर पक्षी मार्च-अप्रैल में अपने मूल निवास स्थान की ओर लौट जाते हैं. अब कोसी नदी और उसके आसपास के जलाशयों का वातावरण एक बार फिर शांत हो गया है.

प्रवासी पक्षियों की यह मौसमी यात्रा ना केवल पक्षी प्रेमियों के लिए बल्कि पर्यटकों के लिए भी एक खास अनुभव होता है. इनके वापस लौटने पर पक्षी प्रेमियों की नजरें अगले साल सर्दियों के मौसम पर टिकी है. जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क सिर्फ बाघों, गुलदारों और हाथियों के लिए ही नहीं, बल्कि पक्षी प्रजातियों की विविधता के लिए भी प्रसिद्ध है. यहां 500 से अधिक पक्षी प्रजातियां देखी जाती हैं. सर्दियों में यहां साइबेरियन पक्षी, वॉल कीपर, ब्लैक स्टार्ट, पिनटेल, करबोरेंच और सबसे प्रमुख सुर्खाब (गोल्डन डक) जैसे पक्षी देखने को मिलते हैं.

सुर्खाब पक्षी, जिसे गोल्डन डक भी कहा जाता है. हर वर्ष हजारों किलोमीटर की लंबी यात्रा तय कर कॉर्बेट लैंडस्केप के जलाशयों तक पहुंचते हैं. ये पक्षी हमेशा जोड़े में उड़ान भरते हैं और यहां प्रवास के दौरान प्रजनन करते हैं. इनके बच्चे जब उड़ने लायक हो जाते हैं, तब पूरा परिवार वापस अपने गंतव्य की ओर लौट जाता है.

प्रवासी पक्षियों की मौजूदगी न केवल स्थानीय लोगों के लिए खुशी का कारण होती है, बल्कि इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलता है.देश-विदेश से पर्यटक खासतौर पर पक्षी अवलोकन के लिए इस समय कॉर्बेट क्षेत्र का रुख करते हैं. फोटोग्राफर, नेचर लवर्स और रिसर्चर्स इस क्षेत्र को पसंद करते हैं. क्योंकि उन्हें यहां पक्षियों की विविध प्रजातियों को देखने और समझने का अवसर मिलता है.

ग्रुप-5 समाचार

Visit us at: www.group5news.com/epaper



सम्पादकीय

# लाखों टन अनाज की बर्बादी



सैयद अहमर हसनैन

जिस देश में करोड़ों लोग कुपोषण व खाद्यान्न की किल्लत से जूझ रहे हों, उसके सिर्फ एक राज्य में ही, चार साल में 8191 मीट्रिक टन अनाज सड़ जाए, इससे ज्यादा शर्मनाक कुछ नहीं हो सकता। हमारा गैर-जिम्मेदार तंत्र व अदूरदर्शी नेतृत्व इसकी जवाबदेही से बच नहीं सकता। ये लापरवाही की अंतहीन श्रृंखला की दुर्भाग्यपूर्ण परिणति है। किसानों के खून-पसीने से उपजी और कर दाता के धन से खरीदी गई लाखों टन उपज का यूं बर्बाद होना बताता है कि हमारे तंत्र में प्रबंधन से जुड़े अधिकारी कितने संवेदनहीन और गैर-जिम्मेदार हैं। चिंता की बात यह है कि पंजाब में साल-दर-साल बर्बाद होने वाले अनाज की मात्रा लगातार बढ़ती ही जा रही है। यानी इस संकट को अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। चिंता की बात यह कि जहां वर्ष 2022-23 में जहां करीब 264 मीट्रिक टन अनाज खराब हुआ था, वहीं वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 29 गुना बढ़ गया बताया जाता है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार यह आंकड़ा बढ़कर 7764 मीट्रिक टन हो गया बताया जाता है। जिस देश में तमाम लोग कुपोषण व भुखमरी का दंश झेलते हों, वहां ये आंकड़े शर्मशार करने वाले ही हैं।

खेत में उपज से लेकर थाली तक पहुंचने तक 13 फीसदी अनाज बर्बाद हो जाता है। कुल मिलाकर उत्पादन प्रक्रिया के दौरान लगभग एक तिहाई भोजन बर्बाद हो जाता है। इसके चलते रोजाना 80 करोड़ लोग भूखे रह जाते हैं। दुनियाभर में हर दिन एक अरब टन से अधिक भोजन बर्बाद हो जाता है, वहीं करोड़ों लोग भूखे सोने को मजबूर हैं। करीब 20 फीसदी भोजन कूड़े में फेंक दिया जाता है। दुनियाभर में भोजन की बर्बादी के कारण वर्तमान में लाखों लोग भूखे हैं। यह समस्या न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डालती है, बल्कि जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के नुकसान पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती है। शहरी और ग्रामीण आबादी के बीच भोजन की बर्बादी की दर में महत्वपूर्ण अंतर देखा गया है। उदाहरण के लिए मध्यम आय वाले देशों में ग्रामीण आबादी अपेक्षाकृत कम भोजन बर्बाद करती है। इसका एक संभावित कारण यह है कि गांवों में बचा हुआ भोजन जानवरों को खिलाया जाता है और उर्वरक के रूप में भी उपयोग किया जाता है। वहीं, शहरों में बचे हुए भोजन को सीधा कचरे में फेंक दिया जाता है। एक आकलन के अनुसार इस बर्बाद हुए अनाज से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत सोलह लाख लोगों का पेट भरा जा सकता था। बताया जाता है कि खाद्यान्न की बर्बादी के इस आंकड़े का उल्लेख उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की रिपोर्ट में किया गया है। निश्चित रूप से साल-दर-साल बढ़ती अन्न की बर्बादी हमारी लचर भंडारण क्षमता पर सवाल खड़े करती है। हरित क्रांति की सफलता का पंजाब को भरपूर लाभ मिला। किसानों ने भी पूरे मनोयोग से कंधा से कंधा लगाकर सहयोग दिया। तत्कालीन सत्ताधीशों की सजगता व सक्रियता से यह क्रांति परवान चढ़ी। कालांतर में धरती सोना उगलने लगी। देश की खाद्य श्रृंखला को मजबूत बनाने में पंजाब के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। लेकिन राज्य के सत्ताधीशों ने इस बहुमूल्य खाद्यान्न को सहेजने में दूरदर्शिता नहीं दिखाई। यदि सरकार समय रहते बड़े पैमाने पर अनाज के गोदाम बनाती तो आज ये संकट पैदा नहीं होता। भंडारण संकट के चलते ही किसान भी फसल की कटाई के बाद तुरंत फसल बेचने मंडियों की तरफ दौड़ता है। जिसके चलते बिचौलिए व आढ़ती औने-पौने दाम पर किसानों को फसल बेचने के लिये मजबूर कर देते हैं। जिससे किसान को उसकी उपज का वाजिब दाम नहीं मिल पाता। किसान आज जो कई तरह के संकट उचित दाम न मिल पाने के कारण झेल रहा है, उसके मूल में भी अनाज भंडार व्यवस्था की खामियां भी हैं। बहरहाल, पंजाब में अनाज भंडार का जिम्मा संभालने वाले राज्य तंत्र तथा फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के लापरवाह अधिकारियों की इस आपराधिक लापरवाही की जवाबदेही तय करने की सख्त जरूरत है। दरअसल, सख्त कार्रवाई के अभाव में अधिकारी अपने गंभीर दायित्व के प्रति भी उदासीन बने रहते हैं। उन्हें विश्वास रहता है कि छोटी-मोटी कार्रवाई के बाद भी साफ बच जाएंगे। निस्संदेह, अनाज की बर्बादी पर शून्य सहिष्णुता की नीति अपनानी होगी।

दुनिया का सबसे ऊंचा पुल

# कश्मीर अब दूर नहीं!

एस.पी पांडेय

चिनाब नदी के गहरे हरे पानी को मापता दुनिया का सबसे ऊँचा रेल पुल, आपको तेज़ सर्द हवाओं के साथ रोमांच का भी अनूठा एहसास दिलाता है। ऊंची-ऊंची पर्वत श्रृंखलाओं से घिरा चिनाब नदी का यह पुल, समुद्र तल से 359 मीटर ऊपर है - ऊँचाई में, एफिल टॉवर से 35 मीटर, और कुतुब मीनार से लगभग पाँच गुना ज्यादा ऊँचा! बादलों का मुकुट पहने, पहाड़ों के सीने पर चौड़ी और मज़बूत नींवों के सहारे अडिग खड़ा यह पुल भारतीय रेल की प्रौद्योगिकी चेतना का प्रतीक तो है ही, हमारी आधुनिकीकरण की आकांक्षाओं का सचेतक भी। अत्याधुनिक मशीनरी और रखरखाव से लैस, 266 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ़्तार की हवाओं का सामना करने में सक्षम, चिनाब पुल, उधमपुर, श्रीनगर, बारामुला रेल लिंक (SBRL ) की उत्कृष्ट उपलब्धियों का द्योतक है। लगभग 42,000 करोड़ की लागत से निर्मित, SBRL की 272 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन, विश्व की सबसे जटिल और चुनौतीपूर्ण परियोजनाओं में से एक है।



दुर्गम गहरी घाटियों और ऊँचे पहाड़ों को चीरती ये रेलवे लाइन 943 पुलों और 36 मुख्य सुरंगों से होकर गुज़रती है, जिसमें भारत की सबसे लंबी रेलवे सुरंग, T-50, जो 12.77 किलोमीटर लंबी है, शामिल है। SBRL के कटरा - बनिहाल सेक्शन पर भारत का पहला केबल-स्टेड रेल पुल, अंजी खड्ड ब्रिज है। 96 केबल्स के सहारे टिका, समुद्र तल से 336 मीटर ऊँचा और 725 मीटर लंबा पुल, डिज़ाइन और इंजीनियरिंग की बानगी है। कश्मीर को समग्र और निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करती यह लाइन, दुनिया के सबसे आकर्षक और सुहावने नजारे को भी अपने अनुभवों में पिरोए हुए है। यह रेल लिंक पर्यटन, व्यापार, और सुरक्षा को बढ़ावा देने में सक्षम है, जिससे जम्मू और कश्मीर के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में भी उन्नति होगी। इस लाइन पर बने रेलवे स्टेशन जम्मू और कश्मीर की प्रगति, सुरक्षा और समृद्धि की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण हैं। काज़ीगुंड, जिसे कश्मीर घाटी का प्रवेश द्वार भी कहा जाता है, दक्षिण कश्मीर और पूर्वी क्षेत्रों के बीच एक महत्वपूर्ण संपर्क के रूप में कार्य करता है। पंपोर, श्रीनगर, सोपोर, और अनंतनाग स्टेशन कश्मीर घाटी की आर्थिक गतिविधियों के प्रमुख केंद्र हैं। इसके अलावा, रियासी और कटरा स्टेशन, माता वैष्णो देवी मंदिर से निकटता के कारण, आध्यात्मिक और आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं। जल्द ही कटरा से श्रीनगर के लिए अत्याधुनिक वंदे भारत ट्रेन का SBRL लाइन पर नियमित रूप से परिचालन होगा, जिसका हम सब देशवासियों को बेसब्री से इंतज़ार है! यहाँ परिचालित होने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को कश्मीर की सर्दी और बर्फ़बारी की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सुचारू संचालन के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। आधुनिक सुविधाओं के अलावा, इसके उन्नत हीटिंग सिस्टम यह सुनिश्चित करते हैं कि यह ट्रेन, शून्य से नीचे के तापमान में भी, आरामदायक और सुरक्षित यात्रा का नया अनुभव देंगे। ड्राइवर के सामने के ग्लास में भी हीटिंग सिस्टम लगे हैं, ताकि सर्दी में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे सके। कश्मीर की अपनी वंदे भारत विश्व स्तरीय यात्रा के लिए तैयार है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत हमेशा एक रहा है। भारतीय रेल की यह नवनिर्मित रेलवे लाइन, इस सदियों पुराने संबंधों को और मज़बूती देगी, और कश्मीर को निर्बाध रेल कनेक्टिविटी प्रदान करने के लम्बे समय से संजोये सपने को जीवंत करेगी। कश्मीर घाटी का प्रहरी, पीर पंजाल, बनिहाल सुरंग से गुज़रती ट्रेन के पहियों के मधुर संगीत के इंतजार में है! सचमुच, कश्मीर अब दूर नहीं है!

## अनमोल विचार

- किसी इंसान के प्रति हीन भावना ना रखे क्योकि आज उसकी कुछ मजबूरियाँ हो सकती है ।
- एक बार कार्य कर के देखो शुरू में भले आलस आती हो पर जब करने लगोगे तो सब सही हो जाएगा ।
- जिसकी जैसी नियत होती है ऊपर वाला फल भी उसे ऐसा ही देता है इसलिए नियत हमेशा साफ़ रखे ।
- परीक्षाएँ जीवन में कई सारी आएगी पर जो उनसे डरा नहीं और हर परीक्षा में सफल होता है वही जीतता है ।
- सेवा करने में कभी पीछे ना रहे जो सच्चे मन से सेवा करता है भगवान भी उसी का साथ देते हैं ।
- जीवन में अगर आपका कोई सच्चा साथी है तो वो आपका साहस और संघर्ष ।

रोचक जानकारी

## चरित्र से ही उन्नति

एक जिज्ञासु व्यक्ति ने एक संत से प्रश्न किया, 'महाराज, रंग-रूप, बनावट, और प्रकृति में एक जैसे होते हुए भी कुछ लोग अत्यधिक उन्नति करते हैं, जबकि कुछ लोग पतन के गर्त में डूब जाते हैं?' संत ने उत्तर दिया, 'तुम कल सुबह मुझे तालाब के किनारे मिलना, तब मैं तुम्हें इस प्रश्न का उत्तर दूंगा।' अगले दिन वह व्यक्ति सुबह उस बताए तालाब के किनारे पहुंचा। उसने देखा कि संत दोनों हाथों में एक-एक कमंडल लिए खड़े हैं। जब उसने ध्यान से देखा तो पाया कि एक कमंडल तो सही था, लेकिन दूसरे के पेंदे में एक छेद था। उसके सामने ही संत ने दोनों कमंडल तालाब के जल में फेंक दिए। सही वाला कमंडल तो तालाब में तैरता रहा, लेकिन छेद वाला कमंडल थोड़ी देर तैरता रहा, लेकिन जैसे-जैसे उसके छेद से पानी अंदर आता गया, वह डूबने लगा और अंत में पूरी तरह डूब गया। संत ने जिज्ञासु व्यक्ति से कहा, 'जिस प्रकार दोनों कमंडल रंग-रूप और आकार में एक समान थे, किन्तु एक कमंडल में एक छेद था, जिसके कारण वह डूब गया। उसी प्रकार मनुष्य का चरित्र उसे तैराता है। जिसके चरित्र में दोष रूपी छेद होता है, वह पतन के गर्त में चला जाता है, लेकिन एक सच्चे चरित्र वाला व्यक्ति इस संसार में उन्नति करता है।'

राजनीति में धर्म

# क्या अबकी बंगाल बोलेगा जय श्रीराम या फिर खेला होबे



अजय कुमार

**पश्चिम बंगाल में उसने पिछले विधानसभा चुनाव में 77 सीटें जीतकर अपनी सबसे बड़ी सफलता दर्ज की थी और अब वह उस आधार को और मजबूत करना चाहती है। 2016 के चुनाव में जहां बीजेपी को केवल 10.2 प्रतिशत वोट मिले थे, वहीं 2021 में यह आंकड़ा बढ़कर 38.1प्रतिशत तक पहुंच गया था। यह उछाल केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि एक बदलते सामाजिक और सांस्कृतिक विमर्श का संकेत है, जिसे बीजेपी और आरएसएस बखूबी भुनाना चाह रहे हैं। इसीलिए अब पार्टी ने हिंदुत्व को चुनावी हथियार के रूप में और भी धारदार बना दिया है। रामनवमी की इन शोभा यात्राओं के पीछे केवल धार्मिक उत्साह नहीं था। यह सांस्कृतिक दावे और राजनीतिक पकड़ मजबूत करने की एक योजनाबद्ध कोशिश थी। बंगाल के विभिन्न जिलों में जो यात्राएं निकाली गईं, उसमें भगवा रंग की स्पष्टता, जय श्रीराम के नारों की गूंज और हिंदू धर्म के प्रतीकों की भरमार ने यह स्पष्ट कर दिया कि बीजेपी अब बंगाल को भी उसी तरह हिंदुत्व की प्रयोगशाला बनाना चाहती है, जैसा वह उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात में कर चुकी है। पार्टी यह साबित करने की कोशिश कर रही है कि बंगाल की धरती भी राम की है, यहां भी उनके भक्तों की संख्या कम नहीं है...**

बंगाल की राजनीति एक बार फिर उबाल पर है और इस बार इसकी जड़ में है भगवान राम का नाम, जिसकी आस्था को भारतीय जनता पार्टी ने अपनी सबसे बड़ी चुनावी रणनीति के रूप में चुन लिया है। 2026 के विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आ रहे हैं, वैसे-वैसे बीजेपी और तृणमूल कांग्रेस के बीच सियासी तनाव गहराता जा रहा है। पश्चिम बंगाल में रामनवमी का पर्व अब केवल धार्मिक आयोजन नहीं रह गया, बल्कि यह राज्य की राजनीति की दिशा और दशा तय करने वाला एक अहम मौका बन गया है। रामनवमी के दिन जिस तरह बीजेपी और उससे जुड़े संगठनों ने राज्य भर में तकरीबन 2000 शोभा यात्राएं निकालीं, उसने यह साफ कर दिया कि पार्टी 2026 के चुनाव में किस एजेंडे के साथ मैदान में उतरेगी। इन यात्राओं में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया, हाथों में भगवा झंडे, तलवारें, जय श्रीराम के नारे और भगवा वस्त्रों में लिपटे कार्यकर्ताओं की भीड़ ने यह संदेश दे दिया कि यह आस्था की नहीं, सियासत की भी यात्रा है। बीजेपी नेता अग्निमित्रा पॉल और शुभेंदु अधिकारी जैसे वरिष्ठ नेता इन आयोजनों का चेहरा बने, जिन्होंने मंच से सीधे-सीधे ममता बनर्जी पर निशाना साधा। अग्निमित्रा पॉल ने यहां तक कहा कि राम शोभा यात्रा के लिए किसी अनुमति की आवश्यकता नहीं है, केवल पुलिस को सूचित करना होता है। वहीं शुभेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम में राम मंदिर की आधारशिला रखकर ममता बनर्जी को सीधे उनके गढ़ में चुनौती दी। नंदीग्राम वही इलाका है जहां 2007 में भूमि अधिग्रहण के खिलाफ हुए आंदोलन ने ममता को सत्ता की ओर पहला बड़ा मौका दिया था और अब वही स्थान बीजेपी की रणनीति का आधार बन गया है। बीजेपी इस बार किसी भ्रम में नहीं है। पार्टी को पता है कि पश्चिम बंगाल में उसने पिछले विधानसभा चुनाव में 77 सीटें जीतकर अपनी सबसे बड़ी सफलता दर्ज की थी और अब वह उस आधार को और मजबूत करना चाहती है। 2016 के चुनाव में जहां बीजेपी को केवल 10.2 प्रतिशत वोट मिले थे, वहीं 2021 में यह आंकड़ा बढ़कर 38.1प्रतिशत तक पहुंच गया था। यह उछाल केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि एक बदलते सामाजिक और सांस्कृतिक विमर्श का संकेत है, जिसे बीजेपी और आरएसएस बखूबी भुनाना चाह रहे हैं। इसीलिए अब पार्टी ने हिंदुत्व को चुनावी हथियार के रूप में और भी धारदार बना दिया है। रामनवमी की इन शोभा यात्राओं के पीछे केवल धार्मिक उत्साह नहीं था। यह सांस्कृतिक दावे और राजनीतिक पकड़ मजबूत करने की एक योजनाबद्ध कोशिश थी। बंगाल के विभिन्न जिलों में जो यात्राएं निकाली गई, उसमें भगवा रंग की स्पष्टता, जय श्रीराम के नारों की गूंज और हिंदू धर्म के प्रतीकों की भरमार ने यह स्पष्ट कर दिया कि बीजेपी अब बंगाल को भी उसी तरह हिंदुत्व की प्रयोगशाला बनाना चाहती है, जैसा वह उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात में कर चुकी है। पार्टी यह साबित करने की कोशिश कर रही है कि बंगाल की धरती भी राम की है, यहां भी उनके भक्तों की संख्या कम नहीं है और वे अब राजनीतिक बदलाव की तैयारी में हैं। बीजेपी की इस रणनीति के जवाब में ममता बनर्जी ने भी चुप्पी साधे रखने का रास्ता नहीं चुना। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि बंगाल की संस्कृति को बाहरी तत्वों से खतरा है। उन्होंने दोहराया कि बंगाल, गुजरात या यूपी नहीं है। यहां की संस्कृति, भाषा, खानपान और जीवनशैली अलग है और उसे किसी बाहर से आई विचारधारा से बदलने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ममता बनर्जी ने 2021 के चुनाव में भी इसी 'बाहरी बनाम बंगाली' नैरेटिव के सहारे बीजेपी को घेरने में कामयाबी पाई थी और अब वह उसी पथ को फिर से अपनाने जा रही हैं। बंगाली अस्मिता की बात कर ममता फिर से राज्य की जनता को यह संदेश देना चाहती हैं कि बीजेपी की हिंदुत्ववादी राजनीति इस राज्य की मिट्टी से मेल नहीं खाती। तृणमूल कांग्रेस इस बार न सिर्फ अस्मिता की बात करेगी बल्कि ममता की प्रशासनिक ताकत को भी सामने रखेगी। रामनवमी के दौरान किसी भी बड़े हिंसक घटना का न होना, पुलिस की मौजूदगी और शांति बनाए रखना, यह सब ममता सरकार की ओर से एक



संदेश है कि वह हर हाल में कानून व्यवस्था बनाए रख सकती हैं। कोलकाता पुलिस कमिश्नर ने खुद कहा कि पिछले दो महीने से शोभा यात्राओं को लेकर पुलिस बल की तैयारी की जा रही थी और इसी वजह से किसी तरह की बड़ी अप्रिय घटना नहीं हुई। ममता इसे अपनी सफलता के रूप में प्रचारित करेंगी और इसे बीजेपी की अराजकता के खिलाफ एक मजबूत प्रशासनिक प्रतिवाद के रूप में दिखाएंगी। बीजेपी की रणनीति के तहत अब बंगाल के उन स्थानों को भी धार्मिक नक्शे में प्रमुखता से रखा जा रहा है, जिनका रामायण काल से कोई न कोई संबंध माना जाता है। बर्दवान का सुश्रवणगढ़, बांकुड़ा का गंधेश्वरी मंदिर और बीरभूमि का गिरिधारीपुर जैसे स्थानों को राम या हनुमान से जोड़ते हुए एक नया धार्मिक विमर्श रचा जा रहा है। यह कोशिश बंगाल की मिट्टी को राममय करने की है, जिससे जनता को यह विश्वास दिलाया जा सके कि राज्य की सांस्कृतिक पहचान और भगवान राम में कोई विरोध नहीं है। बीजेपी के लिए यह सांस्कृतिक पुनःस्थापना का अवसर है और वह इसमें कोई चूक नहीं करना चाहती। लेकिन यह लड़ाई केवल धार्मिक प्रतीकों तक सीमित नहीं रहेगी। टीएमसी के रणनीतिकार जानते हैं कि बीजेपी की लोकप्रियता को केवल अस्मिता की राजनीति से रोका नहीं जा सकता, इसके लिए ज़मीनी मुद्दों पर भी काम करना होगा। इसलिए ममता बनर्जी का जोर विकास, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे विषयों पर भी रहेगा।

# अखिलेश के रूख से पार्टी की हिन्दू लॉबी एवं पिछड़े मुसलमानों में नाराजगी

वक्फ बोर्ड संशोधन मामला



संजय सक्सेना

**यही वजह है लोकसभा में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बिल के विरोध में अपने मुस्लिम सांसदों की 'फौज' उतार दी। आजमगढ़ के सांसद धमेन्द्र यादव, संभल के सांसद जिया-उर-रहमान बर्क,कैराना की सासंद इकरा हसन चौधरी, गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी,रामपुर के सांसद मोहिबुल्ला नदवी ने बिल के विरोध में मोदी सरकार को खूब खरी खोटी सुनाई, तो राज्यसभा में प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने बिल के विरोध में मोर्चा संभाला। इनमें से एक मुस्लिम सांसद ने तो चर्चा के दौरान धमकी भरी आवाज में यहां तक कह दिया कि मुसलमान इस कानून को नहीं मानेंगे। सपा की सांसद इकरा चौधरी ने बहस के दौरान झूठा आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में ईद पर मुसलमानों को नमाज नहीं पढ़ने दी गई। समाजवादी पार्टी ने वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ जिन सांसदों को बोलने का मौका दिया था,उसमें या तो यादव कुनबे से जुड़े सांसद थे या फिर मुस्लिम सांसद। सपा की तरफ से सात सांसदों ने अपनी बात विस्तार से रखी जिसमें चार मुसलमान सांसद थे और तीन मुलायम कुनबे के सांसद। समाजवादी पार्टी ने अपने 37 सांसदों में से जिन सांसदों को बहस के लिये चुना उसमें एक भी यादव कुनबे से इत्तर या फिर गैर मुस्लिम सांसद नहीं था...**

मोदी सरकार ने वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को कानून बनाकर एक नया इतिहास लिख दिया है। इन संशोधनों को 'उम्मीद' का नाम दिया गया है,लेकिन इंडिया गठबंधन में शामिल तमाम राजनैतिक दलों के साथ-साथ समाजवादी पार्टी ने भी मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिये मोदी सरकार द्वारा लाये गये वक्फ संशोधन का खुलकर विरोध किया, लेकिन मुस्लिम राजनीति को करीब से जानने वाले कुछ लोगों को लग रहा है कि इससे सपा को फायदे की जगह नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। क्योंकि मुस्लिमों में कई पिछड़ी बिरादरियां इस बिल का समर्थन भी कर रही हैं। इसमें ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन काउंसिल, जमीयत हिमायत उल इस्लाम और पसमांदा मुस्लिम महाज जैसे मुस्लिम संगठन शामिल हैं,जिन्होंने वक्फ संशोधन बिल का समर्थन किया है। इन संस्थाओं ने वक्फ बोर्डों पर इतने सालों से काबिज रहे लोगों से तीखे सवाल पूछे हैं इन संगठनों का दावा है कि वक़्फ बिल पास होने से सिर्फ वो मुसलमान परेशान हैं जो खुद वक्फ बोर्ड की सम्पत्ति पर कब्जा किए बेठे हैं।पसमांदा (पिछड़े) मुस्लिमों का प्रतिनिधित्व करने वाला यह संगठन वक्फ बिल के पक्ष में है।

सितंबर 2024 में जेपीसी की बैठक में इसने बिल को 85 प्रतिशत मुस्लिमों के लिए फायदेमंद बताया था। इस संगठन का कहना है कि यह बिल वक्फ बोर्ड में सुधार लाकर हाशिए पर पड़े मुस्लिमों को लाभ पहुंचाएगा,लेकिन यह बात समाजवादी पार्टी जैसे दलों के नेताओं को समझ में नही आ रही है। यही वजह है लोकसभा में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बिल के विरोध में अपने मुस्लिम सांसदों की 'फौज' उतार दी। आजमगढ़ के सांसद धमेन्द्र यादव, संभल के सांसद जिया-उर-रहमान बर्क,कैराना की सासंद इकरा हसन चौधरी, गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी,रामपुर के सांसद मोहिबुल्ला नदवी ने बिल के विरोध में मोदी सरकार को खूब खरी खोटी सुनाई, तो राज्यसभा में प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने बिल के विरोध में मोर्चा संभाला। इनमें से एक मुस्लिम सांसद ने तो चर्चा के दौरान धमकी भरी आवाज में यहां तक कह दिया कि मुसलमान इस कानून को नहीं मानेंगे। सपा की सांसद इकरा चौधरी ने बहस के दौरान झूठा आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में ईद पर मुसलमानों को नमाज नहीं पढ़ने दी गई। समाजवादी पार्टी ने वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ जिन सांसदों को बोलने का मौका दिया था,उसमें या तो यादव कुनबे से जुड़े सांसद थे या फिर मुस्लिम सांसद। सपा की तरफ से सात सांसदों ने अपनी बात विस्तार से रखी जिसमें चार मुसलमान सांसद थे और तीन मुलायम कुनबे के सांसद। समाजवादी पार्टी ने अपने 37 सांसदों में से जिन सांसदों को बहस के लिये चुना उसमें एक भी यादव कुनबे से इत्तर या फिर गैर मुस्लिम सांसद नहीं था। इसको लेकर अब समाजवादी पार्टी को शक की नजर से देखा जा रहा है। सपा के हिन्दू सांसदों के बारे में खबरें आ रही हैं कि उन्हें अपने भविष्य की चिंता सताने लगी है। पार्टी के बेइंतहा मुस्लिम प्रेम के चलते हिन्दू बाहुल्य लोकसभा सीटों से चुनाव जीतने वाले हिन्दू सांसद अपने संसदीय क्षेत्र में मुंह दिखाने लायक नहीं रह गये हैं। इस बात का अहसास तब और मजबूत हो गया जब वक्फ बिल पर समाजवादी पार्टी के मुस्लिम परस्त रवैये के बीच अयोध्या लोकसभा चुनाव सीट से



जीतने वाले सपा सांसद अवधेश प्रसाद अचानक रामलला के दर्शन करने पहुंच गए,जबकि अभी तक अखिलेश अपने इस सांसद को पार्टी का मुखौटा बनाये घूम रहे थे। अवधेश चुनाव जीतने के 11 महीने बाद रामलला के दर्शन करने पहुंचे थे। यह तब हुआ जबकि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के 'इशारे' पर अभी तक अवधेश प्रसाद रामलला के मंदिर जाने से बचते रहे थे,लेकिन अब उन्हें भी लगने लगा है कि यदि उनकी भी छवि मुस्लिम परस्त बन गई तो हिन्दू बाहुल्य रामलला की नगरी में आगे सियासत करना उनके लिए आसान नहीं होगी। यही स्थिति समाजवादी पार्टी के अन्य उन सांसदों की भी है जो 2024 के आम चुनाव में हिन्दू बाहुल्य क्षेत्र से चुनाव जीत कर आये थे।इसी के चलते इन सांसदों का वक्फ बिल के समर्थन में कोई बयान भी नहीं आया है। बात इससे आगे की कि जाये तो समाजवादी पार्टी ने खासकर उन सांसदों को बिल का विरोध करने का मौका दिया जिनकी छवि पहले से ही काफी विवादित है और इन सांसदों की पहचान हिंदुओं और उनके देवी देवताओं को अपमानित करने वाली रही हैं। एक-एक कर इन सांसदों की बात की जाये तो संभल के सांसद जिया-उर-रहमान के दिवंगत सांसद पिता अक्सर हिन्दुओं के खिलाफ जहर उगला करते थे। उन्हीं की तर्ज पर जिया उर रहमान बर्क चल रहे हैं। नवंबर 2024 में संभल की शाही मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क उठी, जिसमें चार लोगों की मृत्यु हुई और कई घायल हुए। इस घटना के बाद, पुलिस ने सपा सांसद जिया उर रहमान के खिलाफ उपद्रव की साजिश रचने का मुकदमा दर्ज किया था। बर्क पर बिजली चोरी और संभल हिंसा के दौरान एक वर्ग विशेष के लोगों को भड़काने का भी आरोप है। इसी तरह से कैराना की सपा सांसद इकरा हसन चौधरी भले ही सांसद हों,लेकिन उनकी स्वयं की पृष्ठभूमि कोई राजनैतिक नहीं है। समाजवादी पार्टी कैराना की सांसद इकरा हसन के भाई, नाहिद हसन, का विवादों से गहरा नाता रहा है। वह समाजवादी पार्टी के विधायक हैं और उनके खिलाफ लगभग डेढ़ दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें गैंगस्टर एक्ट के तहत आरोप भी शामिल हैं। नाहिद की दबंगई के कारण कई हिन्दू परिवार कैराना से पलायन को मजबूर हो गये थे। जनवरी 2022 में, उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले, नाहिद हसन को शामली में गिरफ्तार किया गया था। जिस कारण वह लोकसभा चुनाव नहीं लड़ पाये, इसके बाद समाजवादी पार्टी ने उनकी बहन इकरा हसन को कैराना सीट से चुनाव लड़ने के लिए नामांकन दाखिल करा दिया। आज इकरा भाई की सोच को ही आगे बढ़ा रही हैं। समाजवादी पार्टी के सांसद अफजाल अंसारी भी वक्फ बिल के दौरान मोदी सरकार पर खूब बरसे थे,अफजाल अंसारी माफिया मुख्तार अंसारी के बड़े भाई हैं।

## आज का राशिफल



**मेष:** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। शत्रु परेशान करेंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। चोट व रोग से बचें। विवाद न करें। आवश्यकताएं बढ़ेंगी। आर्थिक तंगी हो सकती है। कर्ज से बचें। हानि नहीं पहुंचा पाएंगे।

**वृषभ:** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। बकाया वसूली होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद न करें। नेत्र पीड़ा की संभावना। कुछ लाभ। यात्रा के योग टलेंगे। ज्ञानीजनों से मुलाकात होगी। शांति बनाना आवश्यक है।

**मिथुन:** कार्यप्रणाली में सुधार होगा। योजना फलीभूत होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। यात्रा के योग बनेंगे। लाभ होगा। राज्य से परेशानी हो सकती है। स्त्री को कष्ट। जायदाद वृद्धि के योग बनेंगे। विरोधी सक्रिय होंगे।

**कर्क** : राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बढ़ेगी। हानि-लाभ का वातावरण बनेगा। पराक्रम बढ़ेगा। विजय मिलेगी, गर्व न करें। ईमानदारी से कार्य करते रहें। समय पक्ष का है। स्त्री सुख, यात्रा में हानि, दुख। विरोधी कष्ट देंगे।

**सिंह:** चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। जल्दबाजी न करें। कष्ट होंगे। खर्च बढ़ेंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। धनागम के अवसर बनेंगे। अकारण भय बना रहेगा। व्यापारी सोच-समझकर निर्णय लें।

**कन्या:** कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। हानि, भय, कष्ट का वातावरण बनेगा। कुछ लाभ के आसार दिखेंगे। दुखद समाचार मिलने की संभावना है। अस्वस्थता होगी।

**तुला:** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। थकान महसूस होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। कष्टों में वृद्धि के योग हैं। कुछ नए कार्य की संभावना सिद्ध होगी। कष्टों में निवृत्ति नहीं होगी। कलह से बचना होगा। अधिकार के लिए प्रयत्न करना होगा।

**वृश्चिक** :रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ होगा। रोग घेरेंगे। चिंताएं बढ़ेंगी। शत्रु शांत होंगे। अपमान, कष्ट, कलह से बचना होगा। राज्य से लाभ के अवसर बढ़ेंगे। लाभ होगा। शत्रु परेशान करेंगे। कुछ नुकसान होगा।

**धनु:** दौड़-धूप अधिक होगी। बुरी सूचना मिल सकती है। विवाद न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अकारण भय व्याप्त होगा। शत्रु शांत होंगे। वाहन देखकर चलाएं। परिस्थितियां अनुकूल होंगी।

**मकर:** मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। घर-बाहर पूछ-परख बनी रहेगी। मातृपक्ष से परेशानी होगी। दुर्घटना की संभावना। धन मिलने की परिस्थिति निर्मित होगी। अंतरप्रेरणा से कार्य करें।

**कुंभ** :भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रु शांत होंगे। कष्ट-भय की संभावना, अस्वस्थता, आलस्य का अनुभव करेंगे। धनागम होगा। शरीर शिथिल होगा। शत्रु शांत रहेंगे।

**मीन:** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। शुभ समाचार की आशा बंधेगी। शत्रु षड्यंत्र रचेंगे। सावधान रहने की आवश्यकता है। पराक्रम दिखलाने का अवसर है। लाभ होगा। रिश्वत न लें। नम्रता बनाए रखें।

## आज का पंचांग

8 अप्रैल को चैत्र शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि और मंगलवार का दिन है। एकादशी तिथि आज रात 9 बजकर 14 मिनट तक रहेगी। आज सुबह 7 बजकर 55 मिनट तक अश्लेषा नक्षत्र रहेगा, उसके बाद मघा नक्षत्र लग जायेगा। साथ ही आज सुबह 8 बजकर 38 मिनट से पृथ्वी लोक की भद्रा लग जायेगी। इसके अलावा आज कामदा एकादशी का व्रत किया जायेगा।

08 अप्रैल 2025 का शुभ मुहूर्त

चैत्र शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि- 8 अप्रैल 2025 को रात 9 बजकर 14 मिनट तक रहेगी

शूल योग- 8 अप्रैल को शाम 6 बजकर 9 मिनट तक

अश्लेषा नक्षत्र- 08 अप्रैल 2025 को सुबह 7 बजकर 55 मिनट तक अश्लेषा नक्षत्र रहेगा, उसके बाद मघा नक्षत्र लग जायेगा

व्रत-त्योहार- 8 अप्रैल को कामदा एकादशी का व्रत रखा जाएगा

सूर्योदय-सूर्यास्त का समय

सूर्योदय- सुबह 6:03 बजे

सूर्यास्त- शाम 6:42 बजे

# टैरिफ वार: समझदारी से बाजार में उठाएं फायदा चुनौतियों में छिपा है निवेश का सुनहरा मौका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के प्रमुख देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा से दुनियाभर के शेयर बाजारों में दहशत का माहौल है। अमेरिका के इस कदम का असर सिर्फ बाजार पर ही नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था पर भी महसूस किया जा रहा है। जिन सेक्टरों की अमेरिका पर निर्भरता ज्यादा है, उन पर टैरिफ की ज्यादा मार पड़ी है। इनमें वाहन, टेक्सटाइल, आईटी और इंजीनियरिंग गुड्स जैसे क्षेत्र प्रमुख हैं। टाटा मोटर्स जैसी कंपनियों के शेयर पहले से ही दबाव में हैं, जो अगले कुछ हफ्तों तक बरकरार रह सकता है। ट्रंप प्रशासन की अगली नजर फार्मा और सेमीकंडक्टर क्षेत्र पर है। इससे बाजार में निवेशकों के बीच चिंता का माहौल और भी गहरा हुआ है।

भारतीय बाजार पर दबाव तब तक बना रहेगा, जब तक भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर अगली बैठक नहीं होती, जो इसी महीने के अंत में संभावित है। बैठक में 26 फीसदी टैरिफ के असर को कम करने और द्विपक्षीय व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने पर चर्चा होगी। मौजूदा स्थिति भारत के लिए चुनौतियों के साथ अवसर भी पैदा कर रही है। खासकर, जब चीन व वियतनाम जैसे देशों पर और भी ज्यादा टैरिफ लगे हैं।

हेल्थकेयर समेत इन क्षेत्रों में खरीदारी का मौका

इस समय आम निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो में विविधता लाने पर ध्यान चाहिए। अब उन्हें ऐसे क्षेत्रों पर ध्यान देना चाहिए, जो मजबूत नींव पर टिके हैं और भविष्य में वृद्धि की क्षमता रखते हैं।

बाजार में गिरावट के दौरान मूल्यवान शेयरों में निवेश का अवसर होता है। ऐसे क्षेत्र जो घरेलू नीतिगत समर्थन जैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर और खपत से लाभान्वित हो सकते हैं, उनमें निवेश करना आपके लिए सही कदम साबित हो सकता है।



इसके अलावा, हेल्थकेयर, यूटिलिटीज और कंज्यूमर स्टेपल्स जैसे डिफेंसिव क्षेत्रों के साथ डिफेंस, अक्षय और रेलवे जैसे उभरते क्षेत्रों में भी निवेश का अच्छा मौका है।

**जानें...एक साल के लिए कहां लगा सकते हैं पैसा-** ऐसे क्षेत्रों का चुनाव करें, जो सरकार की नीतियों के अनुरूप हों, जिनमें विकास की संभावना हो और जिनका मूल्यांकन आकर्षक हो। इसके बाद उन क्षेत्रों के अग्रणी स्टॉक्स में निवेश करें। अगर आप एक साल के नजरिये से निवेश करना चाहते हैं

किस सेक्टर पर ज्यादा मार और किसको होगा फायदा

वाहन, टेक्सटाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और कृषि निर्यात जैसे क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित होंगे। ऑटो पार्ट्स निर्यात में भारी गिरावट दिख सकती है। हालांकि, टेक्सटाइल क्षेत्र लंबे समय में चीन और बांग्लादेश जैसे प्रतिस्पर्धियों की तुलना में फायदा उठा सकता है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर को भी फायदा हो सकता है, क्योंकि वैश्विक आपूर्ति शृंखला में बदलाव आ रहा है।

### आगे क्या हैं आसार

घरेलू शेयर बाजार सितंबर, 2024 के ऑल टाइम हाई से करीब 13 फीसदी टूट चुका है।इसका प्रमुख कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की भारी बिकवाली है। एफआईआई अक्तूबर, 2024 से अब तक 2.27 लाख करोड़ की शुद्ध बिकवाली कर चुके हैं।

मध्यम अवधि में बाजार का दृष्टिकोण सतर्क आशावादी बना हुआ है। घरेलू निवेश बाजार को स्थिरता देने में सहायक हो सकते हैं, खासकर ऐसे समय में जब वैश्विक अनिश्चितताएं, व्यापार युद्ध और कमजोर अंतरराष्ट्रीय मांग हावी हैं।

भारत की घरेलू मांग और सरकार की ओर से किए जा रहे पूंजीगत खर्च से बाजार को सहारा मिल सकता है।

रक्षा, अक्षय ऊर्जा व हेल्थकेयर जैसे क्षेत्र अच्छे रिटर्न दे सकते हैं। लेकिन निवेशकों को सतर्क रहना चाहिए, क्योंकि वैश्विक घटनाक्रम अब भी सेंटीमेंट को प्रभावित कर सकते हैं।

## वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन ने रचनात्मक शिक्षा को नए सिरे से परिभाषित करने को भविष्य को लेकर केंद्रित प्रोग्राम शुरू किए

**नई दिल्ली,** टेक्नोलॉजी, कारोबार और रचनात्मक उद्योगों में उभरते रुख से आगे रहने की दिशा में एक साहसिक कदम उठाते हुए वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन (डब्लूयूडी) ने 2025-26 अकादमिक वर्ष के लिए नए स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की घोषणा की है। इन नए कार्यक्रमों से डिजाइन की सोच को एडवांस टेक्नोलॉजी और क्षेत्रों के साथ जोड़कर करियर के नए मार्ग प्रशस्त होने जा रहे हैं। इन पेशकश में शामिल बी.टेक इन कंप्यूटर साइंस एंड डिजाइन, भविष्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया कार्यक्रम है जिसमें पारंपरिक कंप्यूटर साइंस डिग्रियों पर एआई के बढ़ते प्रभाव को समाहित किया गया है। यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को मानव केंद्रित डिजाइन के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए कोडिंग विशेषज्ञता से युक्त बनाता है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि स्नातक के छात्र विवेकपूर्ण और यूजर केंद्रित समाधान विकसित कर सकें। डब्लूयूडी बैचलर एंड मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स इन थिएटर के साथ परफॉर्मिंग आर्ट्स के परिदृश्य को भी नया आकार देने जा रही है। परंपरागत थिएटर पाठ्यक्रमों के उलट, ये प्रोग्राम थिएटर पेशेवरों का सर्वांगीण विकास करते हैं जिसमें निर्देशन, स्टेजक्राफ्ट और समकालीन किस्सागोई तकनीकियां शामिल हैं। गेमिंग की मनोरंजन से परे उभरती भूमिका को पहचानते हुए डब्लूयूडी एम.डेस इन गेम डिजाइन एंड डेवलपमेंट शुरू कर रही है जिसे उन विद्यार्थियों के लिए तैयार किया गया है जो गेमिंग की पृष्ठभूमि से नहीं होने के बावजूद इस तेजी से बढ़ते उद्योग में कदम रखने की संभावना तलाश रहे हैं। यह पाठ्यक्रम शिक्षा, स्वास्थ्य और कारोबार में गेमिंग एप्लीकेशंस की संभावना तलाशता है जिससे इस गतिशील क्षेत्र में करियर के व्यापक अवसर उपलब्ध हो सकें। वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन के कुलपति डाक्टर संजय गुप्ता ने कहा,卐रचनात्मक शिक्षा के भविष्य को नया आकार देने के लिए समर्पित एक युनिवर्सिटी के तौर पर हम उभरते उद्योगों की जरूरतें पूरी करने के लिए निरंतर अपने आप को तैयार कर रहे हैं। हमारे नए कार्यक्रम टेक्नोलॉजी, कारोबार और इन कलाओं के बीच अंतर पाटने के लिहाज से बड़े ध्यान से डिजाइन किए गए हैं जिससे हमारे विद्यार्थी ना केवल उद्योग के लिए तैयार हों, बल्कि अपने अपने क्षेत्रों में नवप्रवर्तन का नेतृत्व करने में सक्षम हों।卐 बिजनेस एजुकेशन की पेशकश को और मजबूती प्रदान करते हुए डब्लूयूडी ने अपने बीबीए और एमबीए प्रोग्राम में उद्यमशीलता और डेटा एनालिटिक्स को भी शामिल किया है। ये विशेषज्ञताएं भविष्य के कारोबारी नेताओं को विस्तार योग्य उद्यम का निर्माण करने और डेटा आधारित रणनीतिक निर्णय करनेके लिए टूल्स प्रदान करेंगी। इस युनिवर्सिटी ने 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रियाएं पहले ही शुरू कर दी हैं। डब्लूयूडी एप्टीट्यूड टेस्ट (ड्ड्ड्ड) 2025 का प्रथम चरण 11-12 जनवरी को ऑनलाइन संपन्न कराया गया था और दूसरा चरण12 अप्रैल को होना प्रस्तावित है। क्वालीफाई करने वाले अभ्यर्थी अंतिम चयन चरण में जाएंगे जिसमें एक कैंपस इंटरव्यू शामिल है। आगे की सोच वाले इन प्रोग्राम के साथ डब्लूयूडी रचनात्मक शिक्षा के लिए भारत के प्रमुख संस्थान के तौर पर अपनी प्रतिष्ठा निरंतर मजबूत कर रही है और विद्यार्थियों को उद्योग के अत्याधुनिक ज्ञान, वैश्विक गठबंधन और वास्तविक दुनिया के अनुभव तक बेजोड़ पहुंच की पेशकश कर रही है। इन नए स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश की पात्रता के अंतर्गत कक्षा 12 में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है जिसके बाद अभ्यर्थी को एक एप्टीट्यूड टेस्ट और इंटरव्यू से गुजरना होगा। बी.टेक इन कंप्यूटर साइंस एंड डिजाइन के लिए आईआईटी-जेईई अंकों को तरजीह दी जाती है, जबकि बी.डेस इन गेम डिजाइन एंड डेवलपमें के लिए यूसीईईडी, एनआईडी या निफ्ट के अंकों पर विचार किया जाता है। ये इंटरव्यू एक पैनल द्वारा लिए जाएंगे जिसमें विद्यार्थियों द्वारा चुने गए क्षेत्र से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे।

# ओडिशा में नेस्ले इंडिया की पहली फैक्ट्री का शिलान्यास




**मुंबई, एजेंसी।** नेस्ले इंडिया ने आज ओडिशा के खोरधा जिले में अपनी आगामी फैक्ट्री की आधारशिला रखी। इस अवसर पर ओडिशा के माननीय मुख्यमंत्री श्रीमोहन चरण मांझीने समारोह में उपस्थित होकर शिलान्यास किया। यह फैक्ट्री नेस्ले इंडिया की देशभर मेंदसवींऔर पूर्वी भारत मेंपहली मैन्युफैक्चरिंग यूनिटहोगी। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्रीमोहन चरण मांझीने कहा,ओडिशा में नेस्ले इंडिया द्वारा अत्याधुनिक तकनीक से युक्त एक विश्वस्तरीय फैक्ट्री की स्थापना होते देखना गर्व की बात है। मुझे विश्वास है कि यह यूनिट न केवल राज्य की औद्योगिक क्षमता को नई ऊँचाइयाँ देगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और समृद्धि के नए द्वार भी खोलेगी। राज्य सरकार इस दिशा में हरसंभव सहयोग देती रहेगी। नेस्ले इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशकश्री सुरेश नारायणनने कहा,मेक इन इंडिया के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए हम ओडिशा में अपनी दसवीं फैक्ट्री स्थापित कर रहे हैं। यह भारत के लिए हमारे दीर्घकालिक दृष्टिकोण का प्रतीक है। हमें खुशी है कि हमारी योजना अब साकार हो रही है। यह फैक्ट्री न केवल व्यवसायिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगी, बल्किजेंडर डाइवर्सिटी, सतत उत्पादन, पेपरलेस कार्यप्रणालीऔरडिजिटल मैनेजमेंटका भी एक उत्कृष्ट उदाहरण बनेगी। प्रारंभिक चरण में इस फैक्ट्री में लगभग 900 करोड़ का निवेशकिया जाएगा। यहां पर नेस्ले इंडिया केफूड पोर्टफोलियोसे जुड़े उत्पाद, जैसे रेडी-टू-कुक डिशेज़ और खाना पकाने में सहायक उत्पादों का निर्माण किया जाएगा। नेस्ले इंडिया ने 1961 में पंजाब के मोगा जिले में अपनी पहली फैक्ट्री लगाई थी। 1967 में तमिलनाडु के चोलाडी में अपनी दूसरी फैक्ट्री लगाई। 1989 में कर्नाटक के नंजनगुड, 1992 में हरियाणा के समालखा, 1995 में गोवा के पोंडा, 1997 में गोवा के बिचोलिम, 2006 में उत्तराखंड के पंतनगर और 2012 में हिमाचल प्रदेश के ताहलीवाल में कंपनी ने फैक्ट्रियां स्थापित की। 2021 में गुजरात के साणंद में कंपनी ने अपने दसवें मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की स्थापना की।

## पुराने कार्ड-लोन बंद करने से क्रेडिट स्कोर पर पड़ता है असर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अच्छे क्रेडिट स्कोर के लिए महत्वपूर्ण है कि आप ईएमआई एवं क्रेडिट कार्ड बकाये का समय पर और पूरा भुगतान करें। ऐसा करने के बावजूद कुछ ऐसे कारक होते हैं, जो क्रेडिट स्कोर को प्रभावित करते हैं। कई लोगों का मानना है कि पुराने क्रेडिट कार्ड को बंद करना या होम लोन को फोरक्लोज करना उनके क्रेडिट स्कोर को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। आइए जानते हैं...इसकी सच्चाई क्या है

कई कारक आपके क्रेडिट स्कोर यानी साख को सकारात्मक या नकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं। इनमें महत्वपूर्ण है...समय पर बकाया भुगतान। आपका क्रेडिट कार्ड जितना पुराना होगा, उसका क्रेडिट स्कोर पर सकारात्मक प्रभाव उतना ही बेहतर होगा। बेहतर क्रेडिट स्कोर के लिहाज से सुरक्षित और असुरक्षित कर्ज का मिश्रण होना (होम लोन व क्रेडिट कार्ड) भी जरूरी है। यह सिर्फ असुरक्षित कर्ज रखने की तुलना में आपके क्रेडिट स्कोर को बढ़ा सकता है। ध्यान रखने वाली बात यह है कि अगर आप होम लोन बंद कर देते हैं, लेकिन क्रेडिट कार्ड बकाये का भुगतान करने से चूक जाते हैं, तो आपका क्रेडिट स्कोर निश्चित रूप से खराब हो जाएगा।

### असर जानने के लिए सिबिल सिम्युलेटर का करें इस्तेमाल

होम लोन फोरक्लोजर के असर को समझने के लिए आप सिबिल की वेबसाइट पर उपलब्ध स्कोर सिम्युलेटर का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह टूल वर्तमान और भविष्य में स्कोर में होने वाले बदलाव को बताता है। इसे उदाहरण से समझते हैं। 787 क्रेडिट स्कोर वाले एक व्यक्ति के लिए सिम्युलेशन चलाने पर उसके सबसे पुराने क्रेडिट कार्ड को बंद करने से कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा। हालांकि, एक क्रेडिट कार्ड के बकाया भुगतान में 30 दिनों की देरी के कारण उसके क्रेडिट स्कोर में 119 अंकों की भारी गिरावट आई। दूसरी ओर, इसमें होम लोन को शामिल करने पर उसका स्कोर बढ़कर 797 हो गया और सभी बकाया चुकाने से 799 पहुंच गया।

### स्कोर की चिंता छोड़ बंद कराएं होम लोन

अगर आप होम लोन को बंद करने पर विचार कर रहे हैं, तो अपने क्रेडिट स्कोर के नुकसान की चिंता किए बिना आगे बढ़ें। यह न सिर्फ आपको ईएमआई के बोझ से मुक्त करता है, बल्कि ब्याज दर में उतार-चढ़ाव से भी बचाता है। साथ ही, घर के कागजात आपके पास आ जाते हैं। इसी तरह, अगर कोई क्रेडिट कार्ड आपकी जरूरतों के लिहाज से बेहतर नहीं है, तो उसे तत्काल बंद करा दें।

-आदिल शेट्टी
सीईओ, बैंक बाजार

## एक्शन सीन मानसिक अनुशासन की भी सख्त जरूरत : पूजा

मुंबई, एजेंसी। सोनी लिव की जासूसी थ्रिलर 'अदृश्यम 2 - द इनविज़िबल हीरोज' में दुर्गा जैसा पेचीदा और असरदार किरदार निभा रहीं पूजा गोर ने हाल ही में इस चुनौतीपूर्ण भूमिका के लिए अपनी तैयारी के अनुभव साझा किए। पूजा ने बताया, एक्शन सीन मेरे लिए बिल्कुल नया अनुभव था और इसमें सिर्फ शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक अनुशासन की भी सख्त जरूरत थी। मैंने हथियार चलाना सीखा, जो मज़ेदार तो था, लेकिन साँसों को नियंत्रित करना एक ऐसा पहलू था, जिसने मुझे चौंका दिया। जटिल दृश्यों में यह सबसे ज्यादा कारगर साबित हुआ। वह आगे कहती हैं, दुर्गा के किरदार में नैतिक उलझन है। वह न तो पूरी तरह अच्छी है और न ही बुरी - उसकी रहस्यमयता मुझे बहुत आकर्षक लगी। इस किरदार को निभाने के लिए मैंने पहले उसकी आंतरिक दुनिया रची, उसके डर, विश्वास और अविश्वास को समझा। इसके बाद मैंने खुद को उसकी मानसिकता के हवाले कर दिया। शारीरिक ट्रेनिंग तो बाद में आई - असली तैयारी उसके भीतर की जिम्मेदारियों और मनोस्थिति को महसूस करना था।

## चमक में मोहित मलिक का सबसे भावनात्मक सीन

**मुंबई।** जब कलाकार अपनी सीमाओं को पार करते हैं, तब किरदार जीवन से भर उठते हैं। मोहित मलिक के लिए ऐसा ही एक क्षण आया सीरीज चमक के सीजन 1, एपिसोड 4 में, जब उन्हें अपने किरदार गुरु के एक भावनात्मक मोड़ को जीवंत करना था। इस हृदयविदारक सीन में गुरु आत्महत्या के विचारों से जूझता है और यह दृश्य पूरी सीरीज़ की दिशा को नया मोड़ देता है। इस चुनौतीपूर्ण सीन के बारे में बात करते हुए मोहित ने कहा, सीज़न 1 के एपिसोड 4 में मेरा किरदार गुरु आत्महत्या करने की सोच रहा होता है और एक कुएं के पास खड़ा होता है। मेरे लिए यह दृश्य शूट करना बेहद कठिन था। सच कहूं तो उस माहौल से बाहर आने में मुझे थोड़ा समय लगा। वह एक बहुत अंधेरी मानसिक स्थिति थी। एक अभिनेता के तौर पर आपको कई भावनात्मक अवस्थाओं से गुजरना होता है, लेकिन यह सीन मेरे लिए खासतौर पर चुनौतीपूर्ण था। इसमें मुझे अपने भीतर के सबसे संवेदनशील और कमजोर पक्ष को सामने लाना था और इसका भावनात्मक असर मुझ पर पड़ा। हालांकि, यह मेरे लिए एक गहरी सीख भी थी और मुझे गर्व है कि यह दृश्य जैसा हमने चाहा था, वैसा ही उतरा। संगीत, रहस्य और ड्रामा का अनूठा मिश्रण लेकर आ रही चमक- द कॉन्क्लूजन एक ऐसा अनुभव है जिसे भुला पाना दर्शकों के लिए आसान नहीं होगा।

# हड़प्पा सभ्यता ने वैश्विक व्यापार के लिए आधारशिला रखी- एएसआई विशेषज्ञ

**हैदराबाद / नई दिल्ली, एजेंसी।** महिन्द्रा युनिवर्सिटी ने भारत की ऐतिहासिक धरोहर की आधारशिला कहलाने वाली सिंधु घाटी सभ्यता की खोज की 100वीं वर्षगांठ के मौके पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया जिसमें उन प्रख्यात विद्वानों और विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे जिन्होंने इस सभ्यता के ऐतिहासिक, पुरातात्विक और भाषाई महत्व को खंगाला है।

इस संगोष्ठी का आयोजन, महिन्द्रा युनिवर्सिटी की रिसर्च टीम की अंतरक्षेत्रीय परियोजना के तहत किया गया। यह टीम सिंधु घाटी लिपि के गूढ़ अक्षरों को समझने पर काम कर रही है। इस परियोजना का नेतृत्व मीडिया एवं संचार, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान, भाषा विज्ञान, संज्ञानात्मक विज्ञान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इतिहास के क्षेत्रों में विभिन्न शोधकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है।

इस अंतरक्षेत्रीय संगोष्ठी में 5,000 वर्षों से अधिक पुरानी सिंधु घाटी सभ्यता के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई। यहां प्रदर्शित एक लाख वर्ष से अधिक पुराने अमूल्य मानव निर्मित पत्थर के औजार आकर्षण का केंद्र रहे। यह महत्वपूर्ण खोज, प्रारंभिक मानव बस्तियों की प्रौद्योगिकीय उन्नति की अनूठी झलकियां पेश करती है। सिंधु घाटी सभ्यता की दुर्लभ वस्तुएं भी यहां प्रदर्शित की गईं जिससे लोगों को हमारी समृद्ध विरासत को अधिक समझने में मदद मिली।



भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से अधीक्षण पुरातत्वविद् डाक्टर स्मिता एस. कुमार ने अपने मुख्य संबोधन में हड़प्पा सभ्यता के समुद्री नेटवर्क और इसके आर्थिक एंव सांस्कृति प्रक्षेप पथ को आकार देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रेखांकित की। उन्होंने कहा, हड़प्पा की विरासत का दूरगामी आर्थिक, सांस्कृति, भाषाई और तकनीकी प्रभाव रहा है। इसने ना केवल दुनिया के आर्थिक परिदृश्य को आकार दिया, बल्कि अंतर सांस्कृतिक संपर्कों को भी बढ़ावा दिया जिससे इन शताब्दियों में वैश्विक व्यापार प्रणालियों के लिए नीव रखने में मदद मिली।

इस संगोष्ठी में युनिवर्सिटी ऑफ हैदराबाद के पुरातत्वविद और मानद प्रोफेसर केपी राव, युनिवर्सिटी ऑफ हैदराबाद में इतिहास विभाग के प्रमुख प्रोफेसर सुचंद्र घोष और आईआईटी हैदराबाद की एसोसिएट प्रोफेसर डाक्टर राधिका ममीदी ने अपनी अंतर्दृष्टि से दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ा।



## घर पर मिली हार के बाद काव्या मारन की सनराइजर्स हैदराबाद बदलेगी अपना स्टाइल? टीम के हेड कोच ने बताया लगातार 4 हार से क्या सीखा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद के लिए इस सीजन की शुरुआत अच्छी नहीं रही है। जिस टीम ने बीते साल विपक्षी टीमों में अपनी तूफानी बल्लेबाजी का खौफ पैदा किया वह टीम इस बार लगातार चार मैच हार चुकी है। पहले मैच में 286 जैसा लक्ष्य खड़ा करने वाली टीम अब बैकफुट पर आ चुकी है। टीम के हेड कोच ने स्थिति को बदलने के लिए अब अपना प्लान बदलने का फैसला किया है।

**इशान किशन ने कही थी बड़ी बात** - सीजन के पहले मैच में इशान किशन ने शतक लगाया था। इसके बाद इशान ने कहा था कि हैदराबाद के कैंप में केवल यही बात होती है कि हर गेंद को अटैकिंग अंदाज में ही खेलना है। हालांकि यह रणनीति इस सीजन में सफल होती नहीं दिख रही है।

**अंदाज बदलेगी सनराइजर्स हैदराबाद** - टीम के हेड कोच डेनियल विटोरी ने कहा, मुझे लगता है कि हम जानते हैं कि यह शैली काम करेगी, लेकिन हमें परिस्थितियों का सम्मान करना होगा, और हमें वास्तव में अच्छी तरह से आकलन करना होगा, और शायद यह कुछ ऐसा है जो हमने नहीं किया है। इसके अलावा, [हमें] यह भी सम्मान करना होगा कि अन्य टीमें कितनी अच्छी गेंदबाजी कर रही हैं, हमने अपने शीर्ष तीन खिलाड़ियों के लिए बहुत सारी योजनाएं बनाई हैं, लेकिन वे कई बार इसे लागू नहीं कर पाए हैं। विटोरी ने कप्तान पैट कमिंस को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि पैट ने अपने जीवन में कभी भी घबराहट महसूस की है, और मुझे लगता है कि मैं भी काफी हद तक ऐसा ही हूं। लेकिन हम लगातार चार मैच हारने के परिणामों को समझते हैं और यह सीज़न को कितना मुश्किल बनाता है। यह कठिन है क्योंकि जाहिर है कि आप पिछले साल [उपविजेता के रूप में समाप्त होने] और फिर बहुत अच्छी शुरुआत के बाद उच्च उम्मीदों के साथ सीज़न में आते हैं।

आईपीएल 2025:

# सिराज के 100 विकेट पूरे, जहीर खान की बराबरी, तोड़ सकते हैं नेहरा का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में गुजरात टाइटंस के लिए खेल रहे गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने अपने आईपीएल करियर में 100 विकेट पूरे कर लिए। वह ऐसा करने वाले 12वें भारतीय तेज गेंदबाज हैं। इसी के साथ ही सिराज ने पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान के 102 विकेट की बराबरी कर ली है। सिराज ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी मिला। सिराज आगे इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखते हैं तो वह पूर्व भारतीय गेंदबाज और गुजरात टाइटंस के कोच आशीष नेहरा के 106 विकेट का रिकॉर्ड भी तोड़ देंगे। जहीर खान ने अपने आईपीएल करियर में कुल 100 मैच खेले और 102 विकेट लिए। वहीं, आशीष नेहरा ने आईपीएल करियर में 88 मैच खेले और 106 विकेट लिए। सिराज अगर आने वाले मैचों में चार विकेट लेते हैं तो वह नेहरा से आगे निकल जाएंगे। मोहम्मद सिराज ने 97 मैच में 102 विकेट लिए हैं।



पिछले सीजन में आरसीबी के प्रमुख गेंदबाज के तौर पर खेलने वाले सिराज इस साल गुजरात टाइटंस के लिए गेंदबाजी कर रहे हैं। सिराज ने रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 4 ओवर में 17 रन देकर चार विकेट झटके और सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया। सिराज की इस शानदार गेंदबाजी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज ज्यादा बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर पाए और गुजरात टाइटंस ने 7 विकेट से मैच जीत लिया। इस बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत सिराज आईपीएल 2025 के पर्पल कैप की रेस में दूसरे स्थान पर आ गए हैं। सिराज ने चार मैच की चार पारियों में 9 विकेट चटकाए। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17 रन देकर चार विकेट रहा है। उनसे ऊपर सीएसके के गेंदबाज नूर अहमद हैं। नूर ने 4 मैच की चार पारियों में 10 विकेट लिए।

सिराज जिस तरह से आईपीएल में गेंदबाजी कर रहे हैं उनके फैंस को उम्मीद है कि वह जल्द ही पर्पल कैप की रेस में पहले पायदान पर पहुंच जाएंगे। बता दें कि गुजरात टाइटंस को अपना अगला मैच 9 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलना है।

वर्ल्ड बॉक्सिंग कप

# मुक्केबाजी विश्व कप में भारत का अभियान समाप्त, भारतीय मुक्केबाजों ने जीते छह पदक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हितेश ने इस टूर्नामेंट में स्वर्ण अपने नाम किया और वह विश्व मुक्केबाजी कप में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए। दरअसल, उनके प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के ओडेल कामारा चोटिल हो गए थे और शनिवार को 70 किग्रा वर्ग के फाइनल के लिए रिंग में नहीं उतर सके।

भारत का ब्राजील के फोड डू इगुआकू में आयोजित विश्व कप अभियान छह पदकों के साथ समाप्त हुआ। भारतीय मुक्केबाजों ने इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें हितेश द्वारा जीता गया स्वर्ण पदक भी शामिल है। भारत विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित किसी शीर्ष स्तरीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पहली बार हिस्सा ले रहा था।

**विश्व मुक्केबाजी में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय बने हितेश** - हितेश ने इस टूर्नामेंट में स्वर्ण अपने नाम किया और वह विश्व मुक्केबाजी कप में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए। दरअसल, उनके प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के ओडेल कामारा चोटिल हो गए थे और शनिवार को 70 किग्रा वर्ग के फाइनल के लिए रिंग में नहीं उतर सके। भारतीय मुक्केबाज अभिनाश जामवाल ने भी 65 किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह बनाई, लेकिन स्थानीय दावेदार यूरी रेइस को कड़ी टक्कर देने के बावजूद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

हितेश ने अच्छे प्रदर्शन का श्रेय टूर्नामेंट से पहले ब्राजील में आयोजित 10 दिवसीय तैयारी शिविर को दिया जिससे उन्हें और टीम को बहुत मदद मिली। हितेश ने कहा, शिविर ने मुझे कुछ रणनीतिक बारीकियां सीखने में मदद की जिससे मुझे प्रतियोगिता में बहुत मदद मिली। इस टूर्नामेंट ने हमें उच्चतम स्तर का अनुभव प्रदान किया और मुझे खुशी है कि मैं स्वर्ण पदक जीत सका।

**चार मुक्केबाजों ने जीते कांस्य पदक** - भारत के जादुमणि सिंह मंदेंगबाम (50 किग्रा), मनीष राठौड़ (55 किग्रा), सचिन (60 किग्रा) और विशाल (90 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। भारत ने विश्व मुक्केबाजी कप में 10 सदस्यीय दल उतारा था जो पेरिस ओलंपिक के बाद टीम का पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट था। इस मजबूत प्रदर्शन से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा क्योंकि वे 2028 लॉस एंजिलिस खेलों से पहले ओलंपिक चक्र की तैयारी भी शुरू करेंगे।



## लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में आकर्षण का केंद्र होंगे जोकोविच, वॉ-बोरिस बेकर भी रहेंगे मौजूद

**मैड्रिड, एजेंसी।** महान क्रिकेटर स्टीव वॉ, छह बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन और जोकोविच के पूर्व कोच बोरिस बेकर, दिग्गज फुटबॉल काफू, लुई फिगो के अलाव महान जिम्नास्ट नादिया कोमानेची भी समारोह के दौरान मौजूद रहेंगे। महान टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच स्पेन की राजधानी में होने वाले लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में आकर्षण का केंद्र होंगे। खिलाड़ियों को दिए जाने वाले पुरस्कारों की यह 25वीं वर्षगांठ है। यह लगातार दूसरा साल है जब पुरस्कार समारोह का आयोजन मैड्रिड में हो रहा है। ये पुरस्कार 21 अप्रैल को प्रतिष्ठित पैलेसियो डी सिबेल्स में दिए जाएंगे। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और पांच बार के लॉरेस के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी जोकोविच ने कहा, लॉरेस विश्व खेल पुरस्कार की 25वीं वर्षगांठ मनाने के लिए फिर से मैड्रिड आना रोमांचक है। मैंने पिछले साल मैड्रिड में अपना पांचवां लॉरेस खिताब जीतने की यादें संजोई हैं और सौभाग्यशाली हूं कि फिर इस समारोह के शामिल होने का मौका मिला है। महान क्रिकेटर स्टीव वॉ, छह बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन और जोकोविच के पूर्व कोच बोरिस बेकर, दिग्गज फुटबॉल काफू, लुई फिगो के अलाव महान जिम्नास्ट नादिया कोमानेची भी समारोह के दौरान मौजूद रहेंगे।

फुटबॉल:

## नवी मुंबई में दिग्गजों की टक्कर, रियल मैड्रिड ने बार्सिलोना को हराया, मोरिएंटेस और बैरल ने दागे गोल



**नवी मुंबई, एजेंसी।** रियल मैड्रिड लीजेंड्स ने रविवार को खेले गए 'लीजेंड्स फेसऑफ' मुकाबले में एफसी बार्सिलोना लीजेंड्स को 2-0 से हरा दिया। यह मैच दोनों दिग्गज स्पैनिश फुटबॉल क्लब के पूर्व दिग्गजों के बीच खेला गया। रियल मैड्रिड की कमान पुर्तगाल के पूर्व कप्तान लुई फिगो संभाल रहे थे, जबकि बार्सिलोना की कप्तानी स्पेन के दिग्गज डिफेंडर कार्लोस पुयोल कर रहे थे। इस मैच के लिए फुटबॉल के कई महान खिलाड़ी नवी मुंबई आए थे। मुकाबला डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला गया। इस मैच के लिए ब्राजील के महान फुटबॉलर रिवाल्डो, पुर्तगाल के पेपे और स्पेन के जावी जैसे फुटबॉलर भारत आए थे। फैंस उन्हें अपनी आंखों के सामने खेलता देख पाए। फिगो समेत कई फुटबॉलर्स ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें भी साझा की हैं। फिगो ने लिखा- मुंबई आना और कुछ पुराने दोस्तों के साथ फुटबॉल खेलकर अच्छा लगा। वहीं, रिवाल्डो ने भी मैच की तस्वीरें साझा की हैं। यह भारतीय फुटबॉल फैंस के लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। मैच की बात करें तो फिगो और माइकल ओवेन के बनाए मौकों को मोरिएंटेस ने गोल में बदल कर 14वें मिनट में रियल मैड्रिड की टीम का बढ़त दिला दी। मैच के शुरुआती हाफ में रियल मैड्रिड का दबदबा था तो वहीं दूसरे हाफ में एफसी बार्सिलोना लीजेंड्स ने मैड्रिड के डिफेंडर्स को भेदने के लिए कड़ी मेहनत की। स्टेडियम में मौजूद दर्शक शोर मचाकर फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

## अश्विन ने सोशल मीडिया पर आलोचना के बाद लिया बड़ा फैसला, सीएसके से किया किनारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन के यूट्यूब चैनल पर कुछ मेहमानों द्वारा चेन्नई सुपर किंग्स टीम के कुछ खिलाड़ियों की आलोचना की गई थी। इस पर सोशल मीडिया पर आलोचनाओं के बाद अब अश्विन ने बड़ा फैसला लिया है और ष्टस्य के मैचों का पूर्वावलोकन या समीक्षा ना करने का फैसला लिया है। पिछले हफ्ते एक विवाद तब सामने आया जब दक्षिण अफ्रीका और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ( आरसीबी) के पूर्व डेटा विश्लेषक प्रसन्ना अगोरम, जो अक्सर चैनल पर दिखाई देते हैं, ने अश्विन और रवींद्र जडेजा के टीम का हिस्सा होने के बावजूद अफगानिस्तान के कलाई के स्पिनर नूर अहमद को चुनने के ष्टस्य के फैसले की निंदा की। अगोरम ने दावा किया कि अगर टीम ने तीसरे स्पिनर के बजाय किसी दूसरे बल्लेबाज को चुना होता तो शायद टीम बेहतर स्थिति में होती।

# कराटे वर्ल्ड कप रूस-2025 में बिहार की अनुष्का अभिषेक ने रचा इतिहास

## भारत को दिलाया सिल्वर मेडल

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** अनुष्का की इस ऐतिहासिक जीत पर इंडिया जेन टू शीन कराटे फेडरेशन की सेंडाई शिल्पी सोनम ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पूरे देश के लिए गर्व की बात है कि भारत की बेटियां आज विदेशी खेल मंचों पर भी परचम लहरा रही हैं।

रूस की राजधानी मॉस्को में आयोजित कराटे वर्ल्ड कप-2025 में भारत की ओर से हिस्सा ले रहीं बिहार के मुजफ्फरपुर की 13 वर्षीय अनुष्का अभिषेक ने शानदार प्रदर्शन कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। मास्को के विमपेल स्टेडियम में चार से आठ अप्रैल तक चले इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में अनुष्का ने अपनी प्रतिभा और साहस से सबका ध्यान खींचा।

**वर्ल्ड कप में दमदार प्रदर्शन, फाइनल में रूस से हारीं अनुष्का** - अनुष्का ने टूर्नामेंट में शुरुआत से ही शानदार खेल दिखाया। उन्होंने पहले ताजिकिस्तान, फिर उज्बेकिस्तान और इसके बाद अर्मेनिया की प्रतिभागियों को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में उन्होंने मॉरिशस की खिलाड़ी को हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उनका मुकाबला मेजबान देश रूस की खिलाड़ी से हुआ। फाइनल में अनुष्का ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन अंत में महज तीन अंकों से हार गईं और सिल्वर मेडल के साथ टूर्नामेंट का समापन किया। इस प्रदर्शन ने भारत का नाम अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर एक बार फिर रोशन कर दिया।



**बचपन से रहा खेल के प्रति जुनून** - मुजफ्फरपुर की रहने वाली अनुष्का अभिषेक की सफलता की कहानी जितनी प्रेरणादायक है, उतनी ही संघर्षपूर्ण भी रही है। आमतौर पर इस उम्र में बच्चे केवल पढ़ाई पर ध्यान देते हैं, लेकिन अनुष्का के माता-पिता ने उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ खेल के प्रति भी प्रोत्साहित किया। उनकी मेहनत और परिवार के सहयोग ने आज उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह मुकाम दिलाया। अनुष्का अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच शिहान ई. राहुल श्रीवास्तव को देती हैं, जिन्होंने हर कदम पर उन्हें मार्गदर्शन और समर्थन दिया। राहुल श्रीवास्तव पहले भी अनुष्का को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं।

पाकिस्तान के लिए एक और बुरी खबर

# न्यूजीलैंड से वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप के बाद लगा जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान अभी न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में 3-0 से हार से उभरा नहीं कि उसे एक और झटका लगा है। पाकिस्तान पर माउंट माउंगानुई के बे ओवल में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इससे पहले उसे दौरे के टी20 चरण में 4-1 से हार का सामना करना पड़ा था। यह पांच पुरुष वनडे मैचों में चौथी बार है जब मोहम्मद रिजवान की कप्तानी वाली पाकिस्तान टीम पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को कहा कि मैच रेफरी के एलीट पैनल के जेफ क्रो ने पाकिस्तान पर यह जुर्माना लगाया है। पाकिस्तान को निर्धारित समय में एक ओवर कम फेंकने का दोषी पाया गया था।



आईसीसी ने एक बयान में कहा, खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर उनके द्वारा निर्धारित समय में गेंदबाजी नहीं करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

मैदानी अंपायर क्रिस ब्राउन और पॉल रीफेल के साथ-साथ तीसरे अंपायर माइकल गॉफ और चौथे अंपायर वेन नाइट्स द्वारा आरोप लगाए जाने के बाद रिजवान ने अपराध स्वीकार कर लिया। जिस मैच में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान पर एकदिवसीय श्रृंखला में जीत हासिल की उसमें माइकल ब्रेसवेल और राइस मारियू ने अर्धशतक जड़े जिससे ब्लैक कैप्स ने 42 ओवर में 264/8 रन बनाए। जवाब में तेज गेंदबाज बेन सियर्स ने लगातार दूसरी बार 5 विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 221 रन पर आउट कर दिया और 43 रन से मैच जीत लिया जबकि मेहमान टीम को मेजबान टीम से लगातार छठी बार पुरुष एकदिवसीय मैच में हार का सामना करना पड़ा।

# 11 साल की उम्र में 55 किलो वजन, वेट कम करने के लिए शुरू की बॉक्सिंग, हितेश ने लगा दी मेडलों की झड़ी

**चंडीगढ, एजेंसी।** हरियाणा के झज्जर के 20 साल के बॉक्सर हितेश गुलिया ने ब्राजील में पहली बार हुए वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में भारत के लिए 70 किग्रा भार वर्ग में पहला स्वर्ण पदक जीता है। हितेश का बचपन में ज्यादा वजन होने की वजह से बॉक्सिंग शुरू की थी। 14 अक्टूबर 2014 को झज्जर के जिला स्टेडियम में वजन कम करने की मंशा से बॉक्सिंग रिंग में उतरे 11 वर्षीय बच्चे ने विश्व पटल पर देश और हरियाणा का नाम रोशन कर दिया है। झज्जर के गांव जहांगीरपुर निवासी 20 वर्षीय हितेश गुलिया ने ब्राजील में पहली बार आयोजित वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में भारत के लिए 70 किग्रा भार वर्ग में पहला स्वर्ण पदक जीता है। 15 जनवरी 2022 को भारतीय नौसेना ज्वॉइन करने के बाद हितेश सर्विसेज की टीम के स्टार मुक्केबाज हैं। सेना में जाने से पहले हितेश के कोच रहे हितेश देसवाल ने बताया कि हितेश के पिता सत्यवान गुलिया पेशे से ठेकेदार हैं। हितेश अपने चार भाई बहनों में सबसे छोटे हैं। 11 वर्ष की उम्र में हितेश का वजन 55 किग्रा से ज्यादा था। इसी को कम करने की मंशा से पिता ने हितेश को उनकी निगरानी में बॉक्सिंग के रिंग में उतारा था। वर्ष 2014 में महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम झज्जर में हितेश ने मुक्केबाजी में अपना भविष्य संवारने के लिए कड़ी मेहनत शुरू कर दी।



**रिंग में अच्छे प्रदर्शन से माता-पिता का बढ़ा हौसला** - कोच हितेश देसवाल ने बताया कि हितेश के रिंग में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने से उसके माता-पिता को भी प्रोत्साहन मिला। हितेश स्कूल नेशनल चैंपियन और तीन बार स्टेट चैंपियन भी रहे। वर्ष 2022 में नौसेना में भर्ती होने के बाद ऑल इंडिया सर्विसेज प्रतियोगिता में भाग लेकर कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं व वर्ल्ड मिलिट्री गेम्स में पदक जीते हैं।

# पीएम मोदी के कार्यक्रम से स्टालिन ने बनाई दूरी तो भड़की बीजेपी, बोली- माफी मांगो

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के रविवार को राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधिकारिक कार्यक्रम में शामिल नहीं होने की बीजेपी ने कड़ी आलोचना की और उन पर प्रधानमंत्री का अपमान करने का आरोप लगाया। भड़की बीजेपी ने स्टालिन से माफी की मांग की।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने स्टालिन द्वारा संसदीय परिसीमन प्रक्रिया का उल्लेख किये जाने को नाटक करार दिया। स्टालिन रविवार को एक सरकारी अस्पताल का उद्घाटन करने के लिए पर्वतीय शहर उधगमंडलम (ऊटी) में थे। स्टालिन ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री को रामेश्वरम में उनके कार्यक्रम में शामिल होने में अपनी असमर्थता से अवगत करा दिया था।

स्टालिन ने उधगमंडलम में सभा को संबोधित करते हुए कहा, हमने परिसीमन पर ज्ञापन प्रस्तुत करने के लिए समय





मांगा है...चूंकि मैं इस सरकारी समारोह में भाग ले रहा हूं, इसलिए मैंने उन्हें (प्रधानमंत्री को) उनकी सभा में भाग लेने में असमर्थता से अवगत करा दिया है। मैंने इस कार्य (मोदी की सभा में शामिल होने) के लिए अपने मंत्रियों– टी थेन्नारसु और राजा कन्नप्पन को भेजा है। इस सभा के माध्यम से मैं प्रधानमंत्री से परिसीमन की आशंकाओं को दूर करने का अनुरोध करता हूं।

इस पर प्रतिक्रिया जताते हुए अन्नामलाई ने कहा कि यह खेद की बात है कि स्टालिन प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में मौजूद नहीं थे। अन्नामलाई ने यहां संवाददाताओं से कहा, उनके (मुख्यमंत्री स्टालिन) द्वारा दिया गया कारण स्वीकार्य नहीं है। उन्हें प्रधानमंत्री के आगमन के बारे में पता था, क्योंकि इस पर लंबे समय से चर्चा चल रही थी। प्रधानमंत्री श्रीलंका से सीधे दिल्ली नहीं गए, बल्कि परियोजनाओं को समर्पित करने के लिए यहां आए थे। ऐसे में प्रधानमंत्री का स्वागत करना मुख्यमंत्री का प्राथमिक कर्तव्य है।

उन्होंने स्टालिन पर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने मखौल उड़ाते हुए कहा, वे ऊटी गए क्योंकि रामेश्वरम में बहुत गर्मी है और वे गर्मी बर्दाश्त नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि भाजपा मुख्यमंत्री के (प्रधानमंत्री के) कार्यक्रम में शामिल नहीं होने की कड़ी निंदा करती है।

भाजपा नेता अन्नामलाई ने आरोप लगाया, मुख्यमंत्री अपना कर्तव्य निभाने में विफल रहे हैं, उन्हें प्रधानमंत्री को उचित सम्मान देना चाहिए था। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का अपमान किया है, जो तमिलनाडु के लोगों के लिए आए थे। उन्हें तमिलनाडु के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। वह परिसीमन के बारे में बोलकर राजनीति कर रहे हैं।

## देशभर में ईसाइयों के गिरजाघरों पर हमले कर रहा संघ परिवार: कांग्रेस नेता सतीशन का आरोप

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी डी सतीशन ने रविवार को आरोप लगाया कि संघ परिवार के समर्थन से देशभर में ईसाई समुदाय के लोगों और उनके गिरजाघरों (चर्च) पर हमले हो रहे हैं। मध्यप्रदेश के जबलपुर में ईसाई पादरियों पर दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं द्वारा कथित हमले के पीड़ितों में से एक पादरी डेविस जॉर्ज के घर का दौरा करने के बाद सतीशन ने संवाददाताओं से कहा कि पादरी जॉर्ज और अन्य लोगों को इन हमलों के तहत निशाना बनाया गया। उन्होंने जॉर्ज के परिवार के साथ एकजुटता व्यक्त की।

सतीशन ने ओडिशा में हुई एक ऐसी ही घटना का हवाला दिया, जहां पुलिस ने कथित तौर पर एक



गिरजाघर में प्रवेश किया और एक पादरी और उसके साथी पर हमला किया। उन्होंने बताया कि पादरी का साथी गंभीर रूप से घायल हो गया है और फिलहाल अस्पताल में भर्ती है।

सतीशन ने यह भी बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के मुखपत्र 'ऑर्गनाइजर' में वक्फ (संशोधन) विधेयक के बाद ईसाइयों के स्वामित्व वाली सात करोड़ हेक्टेयर भूमि को पुनः प्राप्त करने का आह्वान किया गया था तथा केंद्र सरकार से कार्रवाई करने का आग्रह किया गया था।

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि इस तरह के हमले कई राज्यों में हो रहे हैं, जिनमें कई पादरी जेल में बंद हैं। उन्होंने दावा किया कि जब ईसाइयों के खिलाफ शिकायत दर्ज की जाती है तो उन्हें धर्मांतरण विरोधी कानूनों के तहत जेल भेजा जाता है।

## धार्मिक पर्वों पर कोई पाबंदी नहीं लगाई जानी चाहिए: योग गुरु बाबा रामदेव



**हरिद्वार, एजेंसी।** योगगुरु बाबा रामदेव ने कहा कि धार्मिक पर्वों पर कोई पाबंदी नहीं लगाई जानी चाहिए। धार्मिक पर्वों पर पाबंदी राजनीति से प्रेरित होकर वोट बैंक के ध्रुवीकरण के लिए लगाई जाती है। योगगुरु ने उत्तराखंड सरकार की ओर से गांव के नाम बदले जाने का भी समर्थन किया।

भारत सनातन का देश है, राम, कृष्ण, हनुमान, शिव का देश है। इसमें सबका आदर है। कोई किसी से घृणा न करे। हिन्दुत्व किसी से घृणा नहीं करता। रामनवमी पर रविवार को पतंजलि योगपीठ में आयोजित कार्यक्रम में योगगुरु ने यह बात कही। इस अवसर पर दिव्य योग मंदिर (ट्रस्ट), कृपालु बाग आश्रम तथा दव्यि योग मंदिर राममुलख दरबार का विलय किया गया। स्वामी रामदेव ने कहा कि 30 वर्ष पूर्व उन्होंने संन्यास ग्रहण किया था।

तब संस्थान का नाम दिव्य योग मंदिर (ट्रस्ट) रखा था। बाद में पता चला कि योगेश्वर स्वामी राम लाल का संस्थान दिव्य योग मंदिर राममुलख दरबार पहले से ही है। यह अद्भुत संयोग ही है कि दोनों संस्थान आज एक हो गए। योग की परम्परा को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए योगाचार्य स्वामी लाल महाराज ने यह आहुति रामनवमी के पावन अवसर पर पतंजलि योगपीठ को अर्पित की है। पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने सभी देशवासियों को रामनवमी की शुभमानाएं दी।

## संक्षिप्त समाचार

### चमक में मोहित मलिक का सबसे भावनात्मक सीन

**मुंबई।** जब कलाकार अपनी सीमाओं को पार करते हैं, तब किरदार जीवन से भर उठते हैं। मोहित मलिक के लिए ऐसा ही एक क्षण आया सीरीज चमक के सीजन 1, एपिसोड 4 में, जब उन्हें अपने किरदार गुरु के एक भावनात्मक मोड़ को जीवंत करना था। इस हृदयविदारक सीन में गुरु आत्महत्या के विचारों से जूझता है और यह दृश्य पूरी सीरीज़ की दिशा को नया मोड़ देता है। इस चुनौतीपूर्ण सीन के बारे में बात करते हुए मोहित ने कहा, सीजन 1 के एपिसोड 4 में मेरा किरदार गुरु आत्महत्या करने की सोच रहा होता है और एक कुएं के पास खड़ा होता है। मेरे लिए यह दृश्य शूट करना बेहद कठिन था। सच कहूं तो उस माहौल से बाहर आने में मुझे थोड़ा समय लगा। वह एक बहुत अंधेरी मानसिक स्थिति थी। एक अभिनेता के तौर पर आपको कई भावनात्मक अवस्थाओं से गुजरना होता है, लेकिन यह सीन मेरे लिए खासतौर पर चुनौतीपूर्ण था। इसमें मुझे अपने भीतर के सबसे संवेदनशील और कमजोर पक्ष को सामने लाना था और इसका भावनात्मक असर मुझ पर पड़ा। हालांकि, यह मेरे लिए एक गहरी सीख भी थी और मुझे गर्व है कि यह दृश्य जैसा हमने चाहा था, वैसा ही उतरा। संगीत, रहस्य और ड्रामा का अनूठा मिश्रण लेकर आ रही चमक– द कॉन्क्लूजन एक ऐसा अनुभव है जिसे भुला पाना दर्शकों के लिए आसान नहीं होगा।

### एक्शन सीन मानसिक अनुशासन की भी सख्त जरूरत : पूजा

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी लिव की जासूसी थ्रिलर 'अदृश्यम 2 – द इनविज़िबल हीरोज' में दुर्गा जैसा पेचीदा और असरदार किरदार निभा रहीं पूजा गोर ने हाल ही में इस चुनौतीपूर्ण भूमिका के लिए अपनी तैयारी के अनुभव साझा किए। पूजा ने बताया, एक्शन सीन मेरे लिए बिल्कुल नया अनुभव था और इसमें सिर्फ शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक अनुशासन की भी सख्त जरूरत थी। मैंने हथियार चलाना सीखा, जो मज़ेदार तो था, लेकिन साँसों को नियंत्रित करना एक ऐसा पहलू था, जिसने मुझे चौंका दिया। जटिल दृश्यों में यह सबसे ज्यादा कारगर साबित हुआ। वह आगे कहती हैं, दुर्गा के किरदार में नैतिक उलझन है। वह न तो पूरी तरह अच्छी है और न ही बुरी – उसकी रहस्यमयता मुझे बहुत आकर्षक लगी। इस किरदार को निभाने के लिए मैंने पहले उसकी आंतरिक दुनिया रची, उसके डर, विश्वास और अविश्वास को समझा। इसके बाद मैंने खुद को उसकी मानसिकता के हवाले कर दिया। शारीरिक ट्रेनिंग तो बाद में आई – असली तैयारी उसके भीतर की जिम्मेदारियों और मनोस्थिति को महसूस करना था।

### मराठी आंदोलन तुरंत बंद करो, राज ठाकरे ने मनसे सैनिकों को लिखा पत्र



**मुंबई, एजेंसी।** गुड़ी पड़वा के मौके पर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेनाचीफ राज ठाकरे ने अपने कार्यकर्ताओं से मराठी आंदोलन चलाने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा था कि मराठी भाषा का सम्मान बहुत जरूरी है और अगर कोई भी मराठी का अपमान करता है तो उसको मुंहतोड़ जवाब दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा था कि कार्यकर्ता देखें कि बैंकों में मराठी में काम हो रहा है या नहीं। उन्होंने यहां तक कहा था कि राज्य में अगर कोई मराठी नहीं बोलता है तो उसे थप्पड़ मारने में भी गुरेज ना करें। वहीं एक सप्ताह के अंदर ही उन्होंने इस मराठी आंदोलन को बंद करने की भी अपील कर दी है। राज ठाकरे ने अपने सैनिकों को पत्र लिखा और कहा कि आपने मराठी भाषा के लिए जो आवाज बुलंद की है उसके लिए बधाई। गुड़ी पड़वा के कार्यक्रम के दौरान मैंने कहा था कि महाराष्ट्र के बैंकों में देखा जाए कि मराठी में काम हो रहा है या नहीं। आप दूसरे दिन महाराष्ट्र के बैंकों में पहुंचे भी और मराठी में काम करने का आग्रह किया। यह अच्छा फैसला था। इससे लोगों में संदेश गया कि मराठी लोगों का अपना स्वाभिमान है। आपने एमएनएस की ताकत का परिचय दिया। उन्होंने कहा, अब इस आंदोलन को रोक देना चाहिए। आपने काफी जागरूकता फैलाई है। अब लोगों को पता चल गया है कि अगर मराठी भाषा का सम्मान नहीं किया गया तो क्या हो सकते हैं। उन्होंने कहा, सबसे बड़ी जिम्मेदारी सरकार की है। रिजर्व बैंक के नियमों का पालन करवाना सरकार का काम है। वहीं बीजेपी के एक नेता ने कहा कि बीजेपी नहीं चाहती कि उनका उत्तर भारतीयों को वोटर बेस खराब हो।

## केरल के पलक्कड में हाथी ने युवक को कुचला, मौत

**पलक्कड, एजेंसी।** केरल के पलक्कड जिले के मुंदूर में रविवार रात जंगली हाथी के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, जिले के कयारामकोडु निवासी एलन (25) को हाथी ने कुचलकर मार डाला। पुलिस ने बताया कि हाथी के इस हमले में एलन की मां को गंभीर चोटें आई हैं और उन्हें पालक्कड जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हमला रात करीब आठ बजे हुआ, जब मां और बेटा घर जा रहे थे। स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन एलन को बचाया नहीं जा सका। पुलिस ने बताया कि एलन के शव को जिला अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया गया है।



## आरएसएस की शाखा में मत, संप्रदाय, जाति, पंथ और भाषा के आधार पर कोई भेदभाव नहीं : मोहन भागवत

**वाराणसी, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत इन दिनों वाराणसी के दौरे पर हैं। रविवार को वह सुबह मलदहिया के लाजपत नगर पार्क की शाखा पर पहुंचे। यहां उन्होंने शाखा के कार्यक्रमों में हिस्सा लिया तो फिर वहीं पर स्वयंसेवकों के कुछ सवालों के भी जवाब दिए। इस दौरान एक सवाल आया कि क्या आरएसएस की शाखा में कोई भी आ सकता है। इस पर संघ प्रमुख ने कहा कि आरएसएस की शाखा में मत, संप्रदाय, जाति, पंथ और भाषा के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है। उन्होंने एक बात और स्पष्ट करते हुए कहा कि जो भी भारत माता की जय बोल सकता है, उसके शाखा आने पर कोई मनाही नहीं है। उन्होंने कहा कि संघ की शाखा में सभी का स्वागत है, बस उन लोगों को छोड़कर जो खुद को औरंगजेब का वंशज मानते हैं। दरअसल संघ के स्वयंसेवक



का सवाल था कि क्या हम अपने मुस्लिम पड़ोसियों को भी शाखा में ला सकते हैं। इसी के जवाब में संघ प्रमुख ने कहा, संघ की शाखा के दरवाजे उन सभी के लिए खुले हैं, जो भारत माता की जय बोलते हैं और भगवा ध्वज का सम्मान करते हैं। आरएसएस की विचारधारा में पूजा पद्धति के आधार पर भेदभाव का कोई विचार नहीं है। उन्होंने कहा, 'उन लोगों को छोड़कर सभी यहां आ सकते हैं, जो खुद को औरंगजेब का वंशज मानते हैं। संघ की शाखा में पूजा पद्धति के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है। हमारी जाति, पंथ, संप्रदाय अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन संस्कृति तो एक ही है।'

उन्होंने कहा कि किसी भी पंथ, समुदाय के लोग संघ की शाखा में आ सकते हैं। मोहन भागवत ने इस दौरान अखंड भारत की अवधारणा पर भी बात की। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को लगता है कि अखंड भारत का विचार व्यवहारिक नहीं है, लेकिन सच यह है कि ऐसा संभव है। उन्होंने कहा कि आज सिंध प्रांत की हालत देखिए। भारत से जिन हिस्सों को अलग किया गया था, उनके साथ आज भेदभाव की स्थिति है। आरएसएस चीफ मोहन भागवत ने कहा कि संघ में कभी भी किसी से भेदभाव नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि हमारी शाखाओं में हमेशा से सबकी एंट्री रही है।

## बाहरी ताकत का हाथ; वक्फ विधेयक पर पार्टी के रुख बदलने से बीजेडी में घमासान

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** संसद में वक्फ विधेयक पर वोटिंग के दौरान बीजू जनता दल ने अपने सदस्यों से अंतर्मन के हिसाब से वोटिंग करने के लिए कहा था। अब पार्टी नेतृत्व के इस फैसले पर कार्यकर्ताओं और कुछ नेताओं ने असंतोष व्यक्त किया है। विधेयक पर पार्टी के रुख में हुए बदलाव को लेकर कई सवाल भी उठ रहे हैं। पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बीजद में मौजूदा स्थिति को काल बैशाखी जैसा बताया, वहीं विधानसभा के उपनेता प्रसन्न आचार्य ने वक्फ विधेयक का विरोध न करने के पार्टी के फैसले के पीछे किसी बाहरी ताकत का हाथ होने का संदेह जताया है।

ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली पार्टी में इस मुद्दे को लेकर आपसी घमासान बहुत तेज हो गया है। पार्टी के कई कार्यकर्ता पार्टी के रुख में आए बदलाव की निंदा कर रहे हैं। हालांकि पार्टी में बाहरी ताकत का संदेह जताने वाले आचार्य ने नेतृत्व का बचाव करते हुए कहा कि विधेयक के संबंध में भले ही पार्टी के रुख में



बदलाव आया है लेकिन बीजद अपनी धर्मनिरपेक्ष छवि को कायम रखे हुए हैं।

उन्होंने कहा, ''हमारी पार्टी धर्मनिरपेक्ष है और हम राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) दोनों से समान दूरी बनाए रखते हैं। क्षेत्रीय पार्टी के रूप में बीजद ओडिशा के हितों पर आधारित किसी भी मुद्दे का समर्थन या विरोध करता है।'' वहीं दूसरी तरफ पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने भी इस मुद्दे पर पार्टी के भीतर उपजे असंतोष को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि हां इस मुद्दे पर पार्टी का जो फैसला रहा उससे पार्टी के भीतर असंतोष है और हमें इसे स्वीकार करने में कोई झिझक नहीं है.. लेकन हमें इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि हमारे नेता नवीन पटनायक किसी भी स्थिति को संभालने के लिए सक्षम है.. वह हमेशा से ही धार्मिक भेदभाव के बिना काम करते रहे हैं।

## सत्ता से दूर कुंठित विपक्ष प्रदेश में अशांति, वैमनस्य फैलाने की साजिश कर रहा: धामी

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कहा कि सत्ता से लगातार दूर रहकर कुंठित विपक्ष हताशा में धार्मिक, क्षेत्रीय एवं जातीय भावनाएं भड़काकर प्रदेश में अशांति एवं वैमनस्य फैलाने की साजिश कर रहा हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि उनके रहते विपक्ष के ऐसे प्रयास किसी कीमत पर सफल नहीं होंगे। मुख्यमंत्री राम नवमी पर भाजपा के स्थापना दिवस के मौके पर यहां प्रदेश मुख्यालय मे आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकता राज्य के सम्मान और सुरक्षा के लिए एकजुट खड़ा है। उन्होंने कहा, ''हम उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए अखंड और अडिग हैं। विकसित राज्य की इस यात्रा के हम सभी सहयात्री हैं और लक्ष्य प्राप्ति तक यह रुकने वाली नहीं है।'' विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए धामी ने कहा, ''हम योजना बनाने से लेकर उसका शिलान्यास और लोकार्पण भी करते हैं।'' उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा, ''पिछली सरकारों में सिर्फ योजनाएं बनाई जाती थीं। लेकिन हम योजना बनाते भी हैं, शिलान्यास भी करते हैं और उसको पूरा करके भी दिखाते हैं।'' अपनी पार्टी के संस्थापकों को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा विश्व का सबसे बड़ा संगठन है।

## हम किसी भी तरह की जांच के लिए तैयार

### विमल नेगी मौत मामले पर बोले सीएम सुक्खू

**शिमला, एजेंसी।** एचपीपीसीएल में चीफ इंजीनियर के पद पर रहे विमल नेगी की मौत कैसे हुई,यह अब भी रहस्य है। उनकी मौत नैचुरल थी या इसके पीछे कोई साजिश है,यह अब तक पता नहीं लग पाया है। इस बीच हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि वह इस केस के लिए किसी भी तरह की जांच के लिए तैयार है। सीएम ने भाजपा पर विमल नेगी की मौत से जुड़े मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा,अगर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)नादौन में छापेमारी कर सकता है,तो सीबीआई को जांच करने से कौन रोक रहा है ? राज्य सरकार एक निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के लिए प्रतिबद्ध है। इस बात पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार इस मामले को अत्यंत संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ देख रही है। हिमाचल के सीएम ने कहा कि विमल नेगी की मौत के पीछे का सच हर कोई जानना चाहता है। उनकी पत्नी भी मुझसे मिली हैं और हम शोक संतप्त परिवार के साथ पूरी सहानुभूति और एकजुटता से खड़े हैं। 10 मार्च को हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के मुख्य अभियंता विमल नेगी लापता हो गए थे। आठ दिन बाद,उनका शव बिलासपुर में एक जलाशय से निकाला गया। नेगी की पत्नी ने आरोप लगाया कि उनके वरिष्ठ अधिकारियों ने उनके पति को प्रताड़ित किया था और बीमार होने पर भी उनसे देर रात तक काम करवाया जाता था।

## केरल के मंदिर में गाया गया आरएसएस का गीत, मच गया बवाल

### कांग्रेस ने ऐक्शन की रखी मांग

**कोल्लम, एजेंसी।** केरल के कोल्लम जिले में मंदिर में आयोजित संगीत समारोह के दौरान आरएसएस का गण गीतम गाए जाने से विवाद पैदा हो गया है। कांग्रेस ने इस मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। यह गाना रविवार की सुबह मंदिर में आयोजित गण मेला के दौरान एक पेशेवर संगीत मंडली के सदस्यों की ओर से प्रस्तुत किया गया था। पुलिस के अनुसार, यह भी आरोप है कि उत्सव के सिलसिले में मंदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के झंडे लगाए गए थे।

विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने कहा कि मंदिर उत्सव के दौरान आरएसएस गणगीथम का गायन गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने टीडीबी से इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई करने का आग्रह किया। सोशल मीडिया पर भी इस मामले की खूब चर्चा हो रही है और लोग इसे लेकर अपनी-अपनी राय जाहिर कर रहे हैं। वीडी सतीशन ने यह भी आरोप लगाया कि संघ परिवार के समर्थन से देशभर में ईसाई समुदाय के लोगों और उनके गिरजाघरों पर हमले हो रहे हैं। मध्य प्रदेश के जबलपुर में ईसाई पादरियों पर दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं के हमले के पीड़ितों में से एक पादरी डेविस जॉर्ज के घर का उन्होंने दौरा किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि पादरी जॉर्ज और अन्य लोगों को इन हमलों के तहत निशाना बनाया गया।

### पादरियों पर हमलों का भी किया जिक्र

सतीशन ने ओडिशा में हुई एक ऐसी ही घटना का हवाला दिया, जहां पुलिस ने एक गिरजाघर में प्रवेश किया और एक पादरी व उसके साथी पर हमला किया। उन्होंने बताया कि पादरी का साथी गंभीर रूप से घायल हो गया है और फिलहाल अस्पताल में भर्ती है। सतीशन ने यह भी बताया कि आरएसएस के मुखपत्र 'ऑर्गनाइजर' में वक्फ संशोधन विधेयक के बाद



ईसाइयों के स्वामित्व वाली 7 करोड़ हेक्टेयर भूमि को फिर से प्राप्त करने का आह्वान किया गया था। साथ ही, केंद्र सरकार से कार्रवाई करने का आग्रह किया गया था। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि इस तरह के हमले कई राज्यों में हो रहे हैं, जिनमें कई पादरी जेल में बंद हैं। उन्होंने दावा किया कि जब ईसाइयों के खिलाफ शिकायत दर्ज की जाती है तो उन्हें धर्मांतरण विरोधी कानूनों के तहत जेल भेजा जाता है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सैयद अहमर हसनैन द्वारा ग्रुप 5 प्रकाशन , 55- बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक - सैयद अहमर हसनैन R.N.I.No-UPHIN/2008/27122 - Ph : 0522-4048974, Email : news@group5.in समाचार पत्र के समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपाइयों ने दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा मुखर्जी को किया याद

**गया, एजेंसी।** गया शहर में रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने काफी उत्साह के साथ भाजपा का 46 वां स्थापना दिवस समारोह मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों पर पार्टी का झंडा फहराया। साथ ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि आर्पित कर उनके जीवन, त्याग और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दुहराया। संगठन कार्यालय में जिलाध्यक्ष विजय कुमार मांझी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा नगर कार्यालय में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने 1980 में 2 सांसदों से सफर शुरू करने वाली भाजपा लोकसभा में 303 सांसद, राज्यसभा में 101 सांसद और पूरे देश में कुल विधायकों की संख्या 1659 के करीब है। देश के 21 राज्यों में और केंद्र में लगातार तीसरी बार से भाजपा की सरकार है। उन्होंने कहा कि 46 साल के अथक प्रयास, अनवरत कार्य, सत्य निष्ठा, समर्पण, त्याग और बलिदान की अभूतपूर्व यात्रा तय करने भाजपा कार्यकर्ताओं की मजबूत संगठन है। उन्होंने कहा कि बिहार के 77 हजार बूथों तक पहुंचने का लक्ष्य हम सब को पूरा करना है। हमें सभी बूथ अध्यक्षों के घरों पर भाजपा का झंडा एवं बूथ अध्यक्ष का नेम प्लेट भी लगाना है। 1.57 लाख सक्रिय और 60 लाख सामान्य सदस्यों की सहभागिता भी हमारे सफलता की गारंटी है। हमें केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी कल्याणकारी और लाभकारी योजनाओं को आपके सहयोग से ही दिलवाना है। एक-एक मतदाताओं तक पहुंचने के लक्ष्य को पूरा करना है। इस अवसर पर भाजपा के कई वरीय नेता और कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

### भाजपा का मनाया स्थापना दिवस

**सहरसा, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी का 46 वां स्थापना दिवस पुरे जिले में मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने अपने घरों पर भाजपा का झंडा फहराया। साथ ही रामनवमी मनाया गया। भाजपा जिला कार्यालय पटुआहा में जिलाध्यक्ष दिवाकर सिंह की अध्यक्षता में स्थापना दिवस मनाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यालय में झंडोत्तोलन किया। कार्यालय में पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा 6 अप्रैल 1980 को पार्टी की स्थापना की गई थी। प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी बनाए गए थे। उनके नेतृत्व में भाजपा का उत्तरोत्तर विकास होता गया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व का सबसे बड़ा दल 13 करोड़ कार्यकर्ता के साथ सबसे ज्यादा सांसद विधायक भाजपा के साथ है। इस अवसर पर जनसंघ काल से सक्रिय पूर्व जिलाध्यक्ष मदन प्रसाद चौधरी माधव जी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष शिवभूषण सिंह, जिला महामंत्री मनोज यादव, जिला मंत्री सीमा झा, महिला मोर्चा सुगामनी देवी, नगर अध्यक्ष साजन शर्मा, आशिष गुप्ता, बिट्टू यादव, अधिवक्ता प्रकोष्ठ जिला संयोजक अखिलेश कुमार वर्मा, निवर्तमान नगर अध्यक्ष भैरव झा, रणविजय यादव, अखिलेश पांडे, गौरव कुमार गोलू राकेश गुप्ता, प्रदीप झा, अरूण कुमार भगत, मुकेश वर्मा, संजीव साह सहित अन्य मौजूद थे।

# रामनवमी पर मोदी सरकार का तोहफा, अयोध्या से माता सीता की सीतामढ़ी तक राम-जानकी मार्ग



**पटना, एजेंसी।** रामनवमी के मौके पर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने बिहार को बड़ा तोहफा दिया। माता जानकी की जन्मस्थली सीतामढ़ी को अयोध्या से जोड़ने के लिए राम-जानकी पथ का मार्गरेखन (एलाइनमेंट) मंजूर कर दिया गया है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्रालय की एलाइनमेंट अप्रूवल कमेटी की बैठक में इसे आंशिक संशोधन के साथ हरी झंडी दी गई। मंत्रालय के सचिव वी उमाशंकर की अध्यक्षता में हुई बैठक में पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह भी मौजूद थे। अयोध्या से सीतामढ़ी को जोड़ने के लिए केंद्र सरकार ने पहले ही फोर लेन सड़क बनाने का निर्णय लिया था। राम-जानकी मार्ग बिहार में यूपी-बिहार बॉर्डर के समीप मेहरौना घाट से शुरू हो रहा है। सीवान, सारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर और सीतामढ़ी से होकर गुजरने वाली यह सड़क नेपाल के समीप भिट्ठा मोड़ तक जाएगी।

इस सड़क की चौड़ाई 70 और लंबाई 240 किमी होगी। राम-जानकी पथ में अभी मेहरौना से सीवान का टेंडर हो चुका है। इसकी लंबाई 40 किमी है। इसके निर्माण पर लगभग 1254 करोड़ खर्च होंगे। वहीं, सीवान से मशरख का टेंडर हो चुका है। इसकी लंबाई 52 किमी है। इसके निर्माण पर लगभग 1351 करोड़ खर्च का अनुमान है। मशरख से चकिया, शिवहर, सीतामढ़ी- भिठ्ठामोड़ का एलाइनमेंट तय होना था जिसे अब मंजूरी दी गई है। मशरख से चकिया की दूरी 48 किमी है जिसके निर्माण पर 1450 करोड़ खर्च होंगे। वहीं चकिया से शिवहर-सीतामढ़ी- भिठ्ठा मोड़ की दूरी 103 किमी है। इसके निर्माण पर 2100 करोड़ खर्च होने का अनुमान है। केंद्र सरकार की ओर से एलाइनमेंट मंजूर होते ही अब जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होगी और परियोजना की स्वीकृति ली जाएगी। इसके बाद टेंडर होगा। सरकार की कोशिश होगी कि इस वर्ष हर हाल में इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो जाए ताकि ढाई-तीन वर्षों में इसे पूरा कर लिया जाए। इस सड़क में पहले पुनौराधाम को स्पर से जोड़ना था। अब सीतामढ़ी बाईपास का इस तरह निर्माण किया जाएगा कि पुनौराधाम मुख्य सड़क पर ही आ जाएगा। पुनौराधाम के लिए अलग से स्पर बनाने की जरूरत नहीं होगी।

## क्या कहते हैं अधिकारी

बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा का कहना है कि राज-जानकी मार्ग बिहार की महत्वपूर्ण सड़क परियोजना है। एलाइनमेंट मंजूर होने के साथ ही अब जमीन अधिग्रहण का रास्ता साफ हो गया है। इस सड़क के बनने से अयोध्या से सीतामढ़ी का सीधा जुड़ाव हो जाएगा। इस परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहायता दी जाएगी।

### मांझी हुए राममय : रामनवमी के मौके पर जय श्री राम के लगाए नारे

**गया, एजेंसी।** राम को काल्पनिक बताने वाले केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी अब रामनवमी पूजा समिति के कार्यक्रम में राममय हो गए। हाथ में तलवार, मुख पर जय श्रीराम के जयकारे और विचारों में तुलसीदास की नीति। करीब 10 मिनट तक मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का बखान किया। कहा कि आजकल लोग राजा का मुख देखकर बोलते हैं, पर रामायण में तुलसीदास ने साफ कहा है, 'प्रिय बोलिहि आस बस नारी, राजधर्म तनु धरि नर नारी'... मतलब कि राजा हो या आम आदमी, सबको प्रिय नहीं, सही बोलना चाहिए। इसी बहाने इशारों इशारों में उन्होंने एनडीए के दिग्गजों और उनके अंधभक्तों पर तंज कसा। चौंकाने वाली बात यह रही कि कभी राम के अस्तित्व को सवालों में घेरने वाले मांझी ने कहा, मर्यादा पुरुषोत्तम राम के काल में नीच-ऊंच कुछ नहीं था। जब भगवान ने स्वयं वराह (सुअर) अवतार लिया, तो फिर जात-पात और भेदभाव की बात क्यों सच कहना और सही बात पर अडिग रहना ही असली धर्म मांझी ने कहा कि आज के दौर में सच कहना और सही बात पर अडिग रहना ही असली धर्म है। राजनीतिक गलियारों में मांझी के इस बदले रुख को लेकर चर्चाएं तेज हैं।

## गया में करंट लगने से दो नाबालिग की मौत: तार की चपेट में आने से हुआ हादसा

### कार्यपालक अभियंता बोलें– समय से कचरा उठता तो ऐसा नहीं होता

**गया, एजेंसी।** गया के बुनियादगंज थाना क्षेत्र के पटवाटोली में रविवार दोपहर 2:30 बजे हाई टेंशन तार की चपेट में आने से दो किशोरों की मौत हो गई। त्रिदेव मंदिर के पीछे फल्गु नदी किनारे तीन किशोर कचरा बीनने गए थे। इसी दौरान एक किशोर 11 केवीए तार की चपेट में आ गया। दूसरा किशोर उसे बचाने पहुंचा तो वह भी करंट की चपेट में आ गया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। तीसरा किशोर मदद के लिए भाग निकला। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग जुट गए। लोगों ने बताया कि इलाके में कई जगह हाई टेंशन तार नीचे झूल रहे हैं। कई बार स्थानीय जेईई से तार ऊंचा करने की मांग की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे पहले भी हादसे हो चुके हैं।

### कार्यपालक अभियंता बोलें– समय से कचरा उठता तो ऐसा नहीं होता

इधर विद्युत मंडल मानपुर के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार ने मामले में खुद को बचाने की कोशिश की। विभागीय लापरवाही अनदेखी करते हुए उन्होंने कहा कि अगर समय से कचरा का उठाव हो जाता तो यह हादसा टाला जा सकता था। उनका कहना है कि बिजली के खंभे के पास कचरे का ढेर जमा था, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। इस मामले में जिला प्रशासन भी चुप्पी साधे हुए है।

### लोगों में बिजली विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश

घटना की जानकारी मिलते ही मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। गुस्साए लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आरोप लगाया कि



विभाग को बार-बार सूचित करने के बावजूद न तो तार की मरम्मत कराई गई और न ही कोई सुरक्षा उपाय किया गया। नतीजतन एक बड़ी घटना हो ही गई। लोगों ने दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और पूरे इलाके में बिजली के तारों की जांच और मरम्मत की मांग की।

### अभी तक नहीं हो सकी है पहचान

लोगों में बिजली विभाग के खिलाफ गुस्सा है। मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। आशंका है कि दोनों किशोर इकबाल नगर या बृजेश नगर झोपड़पट्टी के हो सकते हैं। सूचना मिलते ही स्द्ध दीपक कुमार और स्द्ध धन्नू कुमार सिंह दल-बलके साथ मौके पर पहुंचे। कागजी कार्रवाई के बाद शवों को मगध मेडिकल अस्पताल भेजा गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बच्चों की पहचान होते ही शव उनके परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।

### युवक की गोली मारकर हत्या

वहीं दूसरी ओर देर शाम चंदौती थाना क्षेत्र के जमुने के पास एक बाइक सवार युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक सन्नी, गांधी नगर का रहने वाला था। युवक का शव बाइक के पास ही सड़क पर पड़ा था। राहगीरों ने हादसा बताते हुए चंदौती पुलिस को सूचना दी थी। चंदौती पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा। हालांकि सूत्रों का कहना है कि सन्नी को उसके दोस्त ने ही कनपटी में गोली मारी है। वहीं परिजनों का भी आरोप है कि सन्नी की हत्या की गई है।

## रामनवमी : श्रीराममय हुई विष्णुनगरी, प्रभु के जयकारे से गूंजता रहा शहर

**गया, एजेंसी।** भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर रविवार को पूरा शहर भगवामय रहा। विष्णुनगरी राममय हो गयी। प्रमुख हनुमान मंदिरों में रामभक्तों की भीड़ रही। मंदिर से लेकर घरों में पूजा-अर्चना के बाद भगवा ध्वज फहराए गए। विष्णुपद मंदिर से लेकर शहर का पूरा इलाका श्रीराम के रंग में सराबोर रहा। श्री रामनवमी पूजा के पावन मौके पर इस बार विशाल शोभा यात्रा निकली। रविवार की दोपहर बाद जब शहर में गाजे-बाजे के साथ शोभा यात्रा निकली तो रामभक्तों का कारवां झूम उठा। सजा दो घर ये गुलशन सा अवध में राम आए हैं, रामजी की निकली सवारी, श्रीराम-जानकी बैठे हैं मेरे सीने में, भारत माता का बच्चा-बच्चा जय श्रीराम बोलेगा आदि गानों से शहर गुंजायमान होता रहा। श्रद्धा, उत्साह व पारंपरिक शस्त्रों से लबरेज रामभक्तों के जय श्रीराम के जयकारे से शहर देर रात तक गूंजता रहा। इस बार शहर में सुरक्षा बेहद कड़ी रही।

**तरह-तरह की झांकी, दूसरे प्रदेशों के कलाकार के प्रदर्शन ने किया मंत्रमुग्ध :** श्रीरामनवमी पूजा केंद्रीय समिति की ओर से आजाद पार्क के पास भव्य स्वागत मंच बनाया गया। उद्घाटन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार सहित समिति के पदाधिकारियों ने किया। यहां आए विभिन्न क्षेत्रों से पहुंची शोभा यात्रा में शामिल रामभक्तों का स्वागत किया गया। एकजुट होने के बाद केंद्रीय समिति के बैनर तले शहर के करीब 115 भगवा ध्वज, गाजे-बाजे व आकर्षक झांकियों के साथ निकली शोभा यात्रा के बाद पूरा नगर श्रीराम की भक्ति में सराबोर होकर भगवामय हो गया। शोभा यात्रा पर कहीं फूल बरसाए गए तो कहीं श्रीराम व हनुमान भक्तों को शर्बत-पानी पिलाकर स्वागत किया गया। श्रीराम दरबार की झांकी बेहद खास रही। श्रीराम की और हनुमान जी की भी भव्य प्रतिमाएं भी शोभा यात्रा में दिखीं। श्रीराम दरबार, शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण की चैतन्य झांकी गीतों पर झूमती रही। आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे केरल, उज्जैन, महाराष्ट्र, कोलकाता, वाराणसी, तामिलनाडु, आसाम, करनाल हरियाणा, लखनऊ आदि प्रदेशों से आए कलाकारों के प्रदर्शन खूब सराहे गए। पहली बार थाईलैंड की विशेष कलाकृति वाली झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रही। भक्ति गीतों पर कलाकारों का मनोहर नृत्य लोगों को खूब भाए।

**कलाडी पट्ठु, अघोरी नृत्य और ढोल-नगाड़ा पर झूमते रहे श्रीराम भक्त :** विष्णुपद से अंतरर्राष्ट्रीय हिन्दू युवा संघ (सूर्यकुंड) की ओर से आकर्षक व भव्य शोभा यात्रा निकली। इस बार श्रीराम दरबार की झांकी के साथ केरल के कलाडी पट्टी योद्याओं का समूह, महाराष्ट्र के ढोल-नगाड़े, उज्जैन के कलाकारों डमरू वाले व बनारस के कलाकारों ने अघोरी नृत्य पेश किया। युवतियों ने खूब करतब दिखाए। विष्णुपद में महाराष्ट्र से आए छोटे-छोटे बच्चे के हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। समिति की केंद्रीय कमेटी की शोभा यात्रा में महिलाओं ने तलवारबाजी की। इसी तरह बैरागी पावरगंज से हिन्दू संघ की ओर से निकाली गयी शोभा यात्रा में आकर्षक कुटिया में विराजमान श्रीराम दरबार की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। नवयुवक संघ, नादरागंज मल्लाह टोली से श्रीराम दरबार की प्रतिमाओं के साथ के शोभा यात्रा निकली। महिलाओं की भीड़ अधिक रही। महिलाएं दीपक जलते हुए कलश सर पर लिए शामिल रहीं। इसी तरह कई अन्य इलाकों से भी महिलाओं की टोली झूमते-गाते शोभा यात्रा में शामिल रहीं। कोयरीबारी से निकली शोभा यात्रा में श्रीराम दरबार की चैतन्य झांकी रही।

### श्रीराम रंग में सराबोर करते देर रात विष्णुपद पहुंची शोभा यात्रा

आजाद पार्क से शाम श्रीरामनवमी पूजा समिति के बैनर तले गाजे-बाजे के साथ शोभा यात्रा शाम में निकली। पारंपररिक अस्त-शस्त्र के निकले श्रद्धालुओं शोभा यात्रा में श्रीराम के जयकारे लगाते रहे। रास्ते भर में विभिन्न संगठनों की ओर से रामभक्तों का स्वागत किया गया। शोभा यात्रा जिन-जिन मार्गों से गुजरी पूरा इलाका श्रीराम और हनुमान के रंग में सराबोर हो गया। देर रात विष्णुपद पहुंचकर शोभा यात्रा का विधिवत समापन हुआ। विष्णुपद में एक बार फिर प्रमोद लड्डू भंडार की ओर से आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संघ की बैठक



**बेगूसराय, एजेंसी।** अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संघ के जिला इकाई की बैठक कर्मशील भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता सुरेंद्र कुमार अमरनाथ ने किया है। बैठक में जिन प्रखंडों में कार्यकारिणी का गठन नहीं हुआ है। वैसे प्रखंडों में जल्द से जल्द कमिटी गठित करने एवं आर्थिक रूप से संगठन को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान चलाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया है। इसके साथ ही 14 अप्रैल को बाबा साहब अंबेडकर की जयंती की तैयारी को लेकर उपस्थित सदस्यों ने अपने विचारों को रखा। इसको लेकर जिला सचिन अभिनंदन रजक ने बताया कि बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलकर ही अपने समाज को आगे बढ़ाना है। शिक्षा से ही लोगों को अच्छे मुकाम हासिल हुए हैं। शिक्षा के बल पर ही चपरासी से लेकर आईएएस, आईपीएस बने है। बैठक में उपाध्यक्ष कृष्ण दास, संयुक्त सचिव विपिन कुमार, नीरज कुमार, प्रमोद कुमार आदि थे।

## मुसलमानों को भ्रमित कर रहा राजद, वक्फ कानून सियासत पर जदयू बोली- 5 काम गिना दें

**पटना, एजेंसी।** वक्फ बिल लोकसभा और राज्यसभा से पास होने और राष्ट्रपति से मंजूरी मिल जाने के बाद कानून में बदल चुका है। लेकिन इस पर सियासी संग्राम खत्म होती नहीं दिख रही। इसका विरोध करने वाली पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को जेडीयू ने बड़ी चुनौती दी है। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने आरोप लगाया है कि राजद की राजनीति का



आधार ही अल्पसंख्यकों को भ्रमित करना और उन्हें केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करना रहा है। अल्पसंख्यक हितों के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाने वाली राजद सरकार ने 15 वर्षों के शासन में कोई ऐसा पांच काम नहीं किया, जिसे उपलब्धि के रूप में गिनाया जा सके। राजद का कहना है कि इस बिल को बिहार में लागू नहीं होने देंगे। तेजस्वी यादव ने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनी तो इसे कुड़ेदान में डाल देंगे। रविवार को जारी बयान में उमेश कुशवाहा ने कहा कि जब भी अल्पसंख्यकों के वास्तविक हितों की रक्षा और उनकी सशक्तीकरण की बात होगी, तब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज किया जाएगा। बीते 19 वर्षों में नीतीश सरकार द्वारा उर्दू शिक्षकों की बहाली, मदरसा शिक्षकों को वेतनमान, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक उद्यमी योजना, तालिमी मरकज़ की स्थापना तथा मदरसों के समुचित विकास जैसे ठोस कदम उठाए गए हैं। जदयू नेता ने बताया कि हमारी सरकार में अब-तक आठ हज़ार से अधिक कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराई है, जो अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण के प्रति हमारे नेता की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आगे भी सरकार इनके लिए बहुत कुछ करने वाली है। यह भी कहा कि वक्फ कानून से मुसलमानों कि हित कहीं से असुरक्षित नहीं रहेगा। हमारी पार्टी ने बिल में कई सुझाव दिया से मान लिया गया।

दरअसल इसी साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दल सतर्क हैं। अल्पसंख्यक (मुस्लिम) आबादी का वोट हासिल करने करने के लिए पार्टियों में होड़ मची है। मुसलमानों का हितैषी बताने में कोई किसी से पीछे नहीं रहना चाहता।

## गया में सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत:तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में मारी टक्कर

**गया, एजेंसी।** गया के बेलागंज थाना क्षेत्र के सिलौंजा मोड़ पर रविवार की शाम हुए सड़क हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान कोरमथु गांव निवासी चितरंजन कुमार (45) के रूप में हुई है। हादसे के बाद ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस को शव कब्जे में लेने के लिए मशक्कत करनी पड़ी।

**सिलौंजा मोड़ के पास हुआ हादसा :** दरअसल, चितरंजन कुमार बेलागंज स्थित अपने दूसरे घर से बाइक पर सवार होकर गया की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सिलौंजा मोड़ के पास सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। चितरंजन की मौके पर ही मौत हो गई।

**ग्रामीणों ने पुलिस को शव उठाने से रोका :** हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। पुलिस ने जब शव को कब्जे में लेने का प्रयास किया, तो लोगों ने परिजनों के आने तक शव उठाने से रोक दिया। इस दौरान सड़क के एक लेन पर कुछ देर के लिए यातायात भी बाधित रहा। कुछ देर बाद जब चितरंजन के परिजन पहुंचे, तब पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गया भेजा। मौके पर पहुंचे सीओ गजानन मेहता और बी.डी.ओ डॉ. राघवेंद्र कुमार शर्मा ने



हालात का जायजा लिया। थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि परिजनों के लिखित आवेदन पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस तेज रफ्तार वाहन की तलाश में जुट गई है।

# बिहार में अनट्रेंड प्राइवेट गार्ड नहीं चलेंगे, गृह विभाग की नियमावली जारी



**पटना, एजेंसी।** बिहार में प्राइवेट सुरक्षा गार्ड का चलन बढ़ गया है। व्यक्तिगत, संस्था या शादी और अन्य समारोहों में इनकी तैनाती की जाती है। इसे देखते हुए बिहार निजी सुरक्षा अभिकरण नियमावली 2025 तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गयी है। राज्य में अब निजी सुरक्षा में भी निर्धारित शारीरिक मापदंड रखने वाले प्रशिक्षित गार्ड ही चलेंगे। अप्रशिक्षित गार्ड रखने पर रोक लगा दी गई है। राज्य सरकार ने निजी सुरक्षा कारोबार में लगी एजेंसियों को सुरक्षाकर्मियों के नियोजन में निर्धारित शारीरिक मापदंड का पालन करने के साथ ही सुरक्षा कार्य में लगाने से पहले उनको विधिवत मानक प्रशिक्षण दिलाना अनिवार्य कर दिया है।

ट्रेनिंग के लिए मानक तय कर दिए गए हैं। गृह विभाग की ओर से जारी इस नियमावली में सुरक्षा का कारोबार करने वाली सभी एजेंसियों के लिए कई नये प्रावधान किये गये हैं। इनका पालन निजी गार्ड मुहैया कराने वाली एजेंसियों को करना होगा। अनुपालन नहीं करने वाली एजेंसियों पर गृह विभाग कार्रवाई करेगा। उन्हें एजेंसी चलाने का लाइसेंस ही जारी नहीं हो सकेगा। नियमावली के मुताबिक निजी सुरक्षा एजेंसियों में अब 160 सेमी कद और 80 सेमी सीना माप रखने वाले पुरुष गार्ड ही रख सकेंगे। महिला गार्डों के मामले में कद 150 सेमी जबकि कोई सीना माप नहीं रखी गयी है। नेत्र और श्रवण दोष से मुक्त जबकि छह मिनट में एक किमी दौड़ने की क्षमता युक्त होने चाहिए। हर 12 महीने पर स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा।

### सात दिन से 20 दिन की अवधि का प्रशिक्षण

नियमावली में निजी सुरक्षा गार्डों के लिए प्रशिक्षण की अनिवार्यता रखी गयी है। नेशनल स्किल क्वालिटी फ्रेमवर्क के अनुरूप गृह विभाग विस्तृत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तैयार करेगा। प्रारंभिक स्तर पर यह प्रशिक्षण न्यूनतम 20 दिनों की अवधि का होगा। इस दौरान न्यूनतम 100 घंटे की कक्षा में शिक्षण तथा 60 घंटे का फील्ड प्रशिक्षण होगा। भूतपूर्व सैनिक और पूर्व पुलिस को केवल सात दिन का पाठ्यक्रम पूरा करना होगा। इसमें न्यूनतम 40 घंटे में शिक्षण और 16 घंटे का फील्ड प्रशिक्षण होगा।



# दुआ के जन्म के बाद पहली बार एक साथ स्क्रीन पर दिखे दीपिका-रणवीर

बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा जोड़ी में से एक दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह अपनी बेटी दुआ के जन्म के बाद पहली बार स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आए। दीपिका और रणवीर एक एयर कंडीशनर के विज्ञापन में साथ नजर आए। विज्ञापन को शेयर करते हुए ब्रांड ने लिखा, गुड लुक्स, गुड लुक्स और गुड लुक्स। विज्ञापन में रणवीर कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि कैसे उनकी पार्टी में मेहमान दीपिका के खाने या कहानियों के बजाय उनके एयर कंडीशनर का आनंद ले रहे थे। जब दीपिका नाराज होती हैं तो रणवीर उन्हें यह कहकर मना लेते हैं कि उन्होंने वास्तव में उनके लिए ही एसी खरीदा था। दीपिका और रणवीर को आखिरी बार रोहित शेट्टी की पुलिस सिंघम अगेन में एक साथ देखा गया था। इस फिल्म में दीपिका ने शक्ति शेट्टी उर्फ ??लेडी सिंघम का किरदार निभाया था, जबकि रणवीर ने सिम्बा की अपनी भूमिका दोहराई थी। इस फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, करीना कपूर, अर्जुन कपूर और जैकी श्रॉफ भी थे। इससे पहले इन दोनों को गोलियों की रासलीला राम-लीला (2013), बाजीराव मस्तानी (2015), पद्मावत (2018) और 83 (2021) में साथ देखा गया था।

# तारा सुतारिया ने सीफूड सैटरडे का लुत्फ उठाया

**बॉलीवुड** अभिनेत्री तारा सुतारिया ने अपने घर पर सीफूड सैटरडे का लुत्फ उठाया। सप्ताहांत के लिए मेन्यू में जेरेश्क बेरीज के साथ पुलाव के बिस्तर पर परोसा गया मेमना, बटरी गार्लिक क्रैब और प्रॉन कॉकटेल, स्ट्रॉबेरी, अखरोट, रॉकेट/अरुगुला सलाद के साथ हनी बाल्समिक ड्रेसिंग और चेरी टमाटर, नींबू, लहसुन, मसालेदार एंकोवी पेस्ट के साथ प्रॉन स्पेगेटी शामिल थे। तारा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, घर पर शनिवार को मैंने बहुत सारा बटरी गार्लिक क्रैब और प्रॉन कॉकटेल पकाया (तस्वीर में नहीं है क्योंकि हमने इसे किसी के फोटो खींचने से पहले ही खा लिया!) स्ट्रॉबेरी, अखरोट, रॉकेट/अरुगुला सलाद शहद बाल्समिक ड्रेसिंग के साथ और पिया ने चेरी टमाटर, नींबू, लहसुन, मसालेदार एंकोवी पेस्ट के साथ एक प्यारा प्रॉन स्पेगेटी बनाया! सीफूड और हमारे सबसे पुराने दोस्तों के साथ शानदार व्हाइट ग्लास... इससे ज्यादा और क्या चाहिए। अभिनेत्री ने कहा, आखिरी तस्वीर में मैंने पहली बार पकाए गए लैम का एक बेहतरीन लेग पीस दिखाया है। जेरेश्क बेरीज के साथ पुलाव की परत पर परोसा गया, यह लाजवाब था। इससे पहले, तारा ने खुशी के बारे में अपने विचार बताए। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक मजेदार वीडियो शेयर किया, जिसमें वह काले और सफेद धारीदार नाइट सूट में मस्ती करती नजर आ रही थीं। इस स्टनर ने 80 के दशक के सिंथ-पॉप ट्रैक पर शानदार लिप-सिंक किया। उनकी पोस्ट का शीर्षक था, अपने पुराने दोस्तों के साथ अपने पीजे में बैठकर 80 के दशक के अपने पसंदीदा गाने बजाने जैसा कुछ नहीं... बहुत ही आनंददायक!!!! (यदि आप इंट्रो पर लिप सिंक नहीं करते हैं तो हम दोस्त नहीं बन सकते!!!) अपने काम के बारे में बात करते हुए, तारा हाल ही में ईशान खट्टर के साथ रोमांटिक ट्रैक प्यार आता है में नजर आईं। स्नेहा शेट्टी कोहली द्वारा निर्देशित, इस मधुर गीत को श्रेया घोषाल ने रीतो रीबा के साथ मिलकर आवाज दी है। प्यार आता है की शूटिंग कश्मीर के पहलगाम में माइनस 10 डिग्री तापमान में की गई थी।






# क्यों संजय दत्त और मौनी रॉय की अगली फ़िल्म द भूतनी बॉक्स ऑफ़िस पर धमाल मचाएगी

मौनी रॉय ने खुद को एक ऐसी अभिनेत्री के रूप में स्थापित किया है जो कभी भी किसी ऐसे रोल के लिए मना नहीं करती जो उन्हें प्रदर्शन करने का पूरा मौक़ा देती हो। और उन्होंने अपनी बॉलीवुड डेब्यू गोल्ड और फिर ब्रह्मास्त्र में उन्होंने जो जुनून का नकारात्मक किरदार निभाकर खुद को साबित किया है। अब वह द भूतनी के साथ बड़े पर्दे पर वापसी के लिए तैयार, जिसमें वह मोहब्बत नाम की मुख्य भूमिका निभा रही हैं, मौनी इस फ़िल्म में संजय दत्त के साथ अपोजिट नज़र आएंगी, जो इस फ़िल्म में एक भूत भगाने वाले की भूमिका निभा रहे हैं। जो कोई यह सोच रहा है कि अभिनेत्री वही किरदार क्यों निभा रही हैं, जो वह पहले छोटे और बड़े पर्दे पर निभा चुकी हैं, तो हम आपको बताते हैं कि इस फिल्म का दर्शकों पर असर इसी कारण से होगा–मौनी और उनकी सुपरनेचुरल पात्रों पर पकड़, और जिस कुशलता से वह इन किरदारों को निभाती हैं, जिससे वे दर्शकों से जुड़ जाते हैं और साथ ही अपनी उपस्थिति से उन्हें आकर्षक भी बनाती हैं। नागिन सीजन 1 और 2 में इच्छाधारी नागिन शिवन्या और शिवांगी के किरदारों ने मौनी को प्रसिद्धि और पहचान के एक नए स्तर पर पहुंचा दिया। इसके बाद उन्होंने ब्रह्मास्त्र में खलनायिका जुनून का किरदार निभाया। अपनी आगामी रिलीज में भूत मोहब्बत के रूप में उनकी भूमिका उनके करियर का तीसरा सुपरनेचुरल किरदार है। मौनी ने यह साबित कर दिया है कि वह जो भी किरदार निभाती हैं, उसमें विविधता लाती हैं। उनके सुपरनेचुरल पात्रों में कभी भी समानता नहीं होती और हर बार कुछ न कुछ नया होता है! भूतनी ट्रेंडिंग हॉरर-रोम-कॉम जॉनर की फिल्मों की लंबी सूची में एक और फिल्म है! मौनी पहले ही बता चुकी हैं कि कैसे फैंटसी-काल्पनिक शैली पलायनवाद के रूप में काम करती है। यह बताने की ज़रूरत नहीं है कि इस फिल्म के पक्ष में एक बहुत बड़ा रिलेटैबिलिटी फैक्टर काम करेगा - भारत एक ऐसा देश है, जहाँ अद्भुत और रहस्यमयी पात्रों से जुड़ी लोककथाएँ प्रचुर मात्रा में हैं। और व्यक्तिगत विश्वासों से परे, हर कोई खुद को एक अच्छा फिक्शन पसंद करता है, है न? मौनी रॉय इस थ्रिलर में दिग्गज अभिनेता संजय दत्त के साथ सनी सिंह, पलक तिवारी, आसिफ खान और बेयूनिक के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नज़र आएंगी, जिसे इसके ट्रेलर लॉन्च के बाद से ही बेहतरीन समीक्षा मिली थी। द भूतनी 18 अप्रैल को रिलीज़ होगी। इस फिल्म के बाद, मौनी रॉय निर्देशक फारुक कबीर के साथ सलाकार में नज़र आएंगी। इस फिल्म में उनकी भूमिका बहुत ही आशाजनक होने का अनुमान लगाया जा रहा है जिसमें अभिनेत्री, एंटरप्रेन्योर और फैशनिस्टा को पहले कभी न देखे गए अवतार में देखा जाएगा!

# 'इंडियन आइडल 15' की ट्रॉफी मानसी घोष के नाम

## जीतने पर मिली चमचमाती कार




'इंडियन आइडल सीजन 15' की ट्रॉफी मानसी घोष ने उठा ली है। रविवार 6 अप्रैल को इसका फाइनल हुआ। प्रतियोगियों ने अपनी आखिरी परफॉर्मेंस दी। मानसी के जीत की घोषणा इंडियन आइडल के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर भी की गई।

### मानसी घोष को दी बधाई

इंडियन आइडल ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर विजेती की घोषणा करते हुए उन्हें बधाई दी। ट्वीट में लिखा, 'इंडियन आइडल सीजन 15 जीतने पर मानसी घोष को बहुत-बहुत बधाई! क्या आवाज है, क्या सफर है! वाकई काबिल-ए-तारीफ आपने हर प्रदर्शन को यादगार बनाया।'

सुभाजीत और स्नेहा शंकर को दी मात

मानसी ने अपनी भावनात्मक और दमदार गायकी के दम पर साथी फाइनलिस्ट सुभाजीत चक्रवर्ती और स्नेहा शंकर को हराया। उनके लगातार प्रदर्शन और दर्शकों से जुड़ने की क्षमता ने उन्हें शीर्ष स्थान हासिल करने में मदद की। शो जीतने पर उन्हें एक नई कार भी मिली।

### 'इंडियन आइडल सीजन 15' का सफर

'इंडियन आइडल सीजन 15' अक्टूबर 2024 में शुरू हुआ और पांच महीने तक चला। इस दौरान शो में कई प्रतियोगियों ने अपने सुरों के जादू बिखेरे। अंत में तीन प्रतियोगी फाइनल तक पहुंचे। अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत मानसी घोष ने शो अपने नाम किया।

### सोशल मीडिया यूजर्स ने क्या कहा?

मानसी की जीत पर सोशल मीडिया यूजर्स ने भी प्रतिक्रियाएं देनी शुरू कर दी हैं। एक यूजर ने लिखा, 'मानसी घोष कितनी शानदार गायिका हैं, वह सच्ची भारतीय रॉक स्टार हैं, उन्होंने अपने ही अंदाज में उनके सामने लिविंग लीजेंड सुखविंदर जी का गाना गाया और उन्हें अपने साथ गाने के लिए कहने पर मजबूर कर दिया, वाह, वह विजेता हैं।



# अमेरिकी इंटरनेट पर वायरल हो रहे ऋतिक

**बॉलीवुड** अभिनेता ऋतिक रोशन अमेरिकी इंटरनेट पर वायरल हो रहे हैं। एक यूजर की पोस्ट ने वहां कि सोशल मीडिया पर बहस छेड़ दी है। बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन हाल ही में अमेरिका के इंटरनेट पर वायरल हो गए। एक सोशल मीडिया पोस्ट ने अभिनेता को लेकर ट्विटर पर बहस शुरू कर दी। दरअसल, एक यूजर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया, जिसमें ऋतिक को 50 साल की उम्र में भी युवा दिखाया गया। इसके बाद से यह पोस्ट तेजी के साथ वायरल होने लगी।

वायरल पोस्ट में ऋतिक रोशन को एक बूढ़े अमेरिकी व्यक्ति के साथ दिखाया गया। दोनों में तुलना कि गई कि पुराने दौर के लोग 50 वर्ष में कैसे दिखते थे और अब के लोग 50 वर्ष में कैसे दिखते हैं। पोस्ट में लिखा है, '1985 में 50 वर्षीय बनाम 2025 में 50 वर्षीय।' यह पोस्ट तेजी से वायरल हो गई, जिसे 48,000 से ज्यादा लाइक और लगभग 6 मिलियन व्यू मिले।

**श्रीलीला को हाल ही भीड़ में किसी शख्स ने हाथ पकड़कर अपनी ओर खींच लिया, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। श्रीलीला एकदम सकपका गईं और उनके साथ कार्तिक आर्यन भी थे, पर ध्यान कहीं और था। श्रीलीला की टीम तुरंत एक्शन में आई और एक्ट्रेस को बचाया। फैंस वीडियो देख गुस्सा निकाल रहे हैं।**

# श्रीलीला के साथ भीड़ में हुई बदतमीजी

हाल ही श्रीलीला के साथ ऐसी हरकत हो गई, जिससे वह बुरी तरह सहम गईं। साथ में कार्तिक आर्यन भी, जो श्रीलीला के आगे चल रहे थे। पर उन्हें पता नहीं चला कि श्रीलीला के साथ क्या हुआ। लेकिन एक्ट्रेस की टीम तुरंत ही हरकत में आई और उन्हें बचाया। दरअसल श्रीलीला को हाल ही कुछ लोगों ने पकड़कर भीड़ के बीच खींच लिया। इसका वीडियो भी सामने आया है, जो वायरल हो रहा है। इसे देख फैंस भी डर गए और रिएक्ट कर रहे हैं। मालूम हो कि एक्ट्रेस श्रीलीला इस वक्त कार्तिक आर्यन के साथ एक फिल्म की शूटिंग कर रही हैं, जिसका अभी नाम तय नहीं किया गया है। इंस्टाग्राम पर पपाराजी ने वीडियो शेयर किया है, जिसमें श्रीलीला और कार्तिक आर्यन अपनी टीम के साथ चलते नजर आ रहे हैं। आसपास लोगों की भीड़ है। तभी भीड़ में से किसी ने श्रीलीला का हाथ पकड़कर अपनी ओर खींच लिया। पर जब यह घटना घटी, तब कार्तिक आर्यन का ध्यान कहीं और था। लेकिन इससे पहले कि मामला बिगड़ता, श्रीलीला की टीम ने उन्हें वापस खींच लिया और चारों ओर से घेर लिया। श्रीलीला काफी घबरा गई थीं, पर बाद में वह थोड़ा मुस्कुराईं और सहमी नजर आईं। लोगों की इस हरकत पर फैंस का गुस्सा फूट पड़ा है। इस वीडियो पर एक फैन ने लिखा, बहुत डरावना है। ये किसी के लिए भी सेफ नहीं। एक और कमेंट है, एक्ट्रेसेस को सरेआम यूं मैनहैंडल किया जाना बंद होना चाहिए।



# कपिल शर्मा ने 'राम नवमी' पर शेयर किया 'किस किसको प्यार करूं 2' का नया पोस्टर



**अभिनेता-कॉमेडियन** कपिल शर्मा ने रविवार को अपनी आने वाली फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' का नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में कपिल शर्मा और उनकी दुल्हन बनी को-एक्टर मंडप में दिखाई दे रही हैं। दोनों अपने हाथ जोड़कर प्रार्थना करते नजर आ रहे हैं। अभिनेत्री का आधा चेहरा घूंघट से ढका हुआ है, जबकि कपिल ऊपर भगवान की ओर देख रहे हैं। ऐसा लगता है जैसे वह किसी मुश्किल स्थिति से बाहर निकलने के लिए भगवान से प्रार्थना कर रहे हों। पोस्टर में जहां कपिल के चेहरे पर तनाव दिख रहा है, वहीं अभिनेत्री के चेहरे की रेखाएं सुखद भावनाओं की ओर इशारा कर रही हैं। कपिल ने कैप्शन में लिखा, आप सभी को श्री राम नवमी की शुभकामनाएं। आखिरी बार कपिल शर्मा फिल्म 'क्रू' में कैमियो करते नजर आए थे। इस फिल्म में करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सेनन भी थीं। 2015 में 'किस किसको प्यार करूं' का निर्देशन करने वाली निर्देशक जोड़ी अब्बास-मस्तान ने इस बार लेखक अनुकूल गोस्वामी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है। अनुकूल ने पहली फिल्म में लेखन क्रेडिट साझा किया था और द कपिल शर्मा शो में कपिल के साथ काम किया है। अब्बास-मस्तान, रतन जैन और गणेश जैन को निर्माता के रूप में क्रेडिट दिया गया है। पिछले साल दिसंबर में कपिल ने अपने स्ट्रीमिंग स्केच कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' पर निर्माता-निर्देशक एटली का अपमान करने के आरोपों का जवाब दिया था। शो के इस एपिसोड में एटली, बॉलीवुड स्टार वरुण धवन और अभिनेत्री वामिका गब्बी शामिल थे, जिसमें कपिल द्वारा एटली के लुक का कथित तौर पर मजाक उड़ाए जाने पर हंगामा हुआ था।

# अमेरिका के जवाबी शुल्क से चीन के जीडीपी पर दो से ढाई प्रतिशत का असर पड़ेगा : अर्थशास्त्री

» बीजिंग, भाषा।

अमेरिका के चीन के निर्यात पर लगाए गए 34 प्रतिशत के नए शुल्क से चीन के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर दो से 2.5 प्रतिशत तक का असर पड़ सकता है, जिससे सुस्ती से जूझ रही चीनी अर्थव्यवस्था और अधिक प्रभावित होगी। निवेश बैंक मैक्वेरी के मुख्य चीन अर्थशास्त्री लैरी हू ने अनुमान लगाया है कि अमेरिका के नवीनतम जवाबी शुल्क से चीन के निर्यात में 15 प्रतिशत अंक की कमी आ सकती है। इसके सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दो से 2.5 प्रतिशत अंक तक घट सकती है। हांगकांग स्थित समाचार पत्र साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट में सोमवार को प्रकाशित खबर के अनुसार, हू ने एक शोध रिपोर्ट में लिखा, इसका प्रभाव कई माध्यमों से दिख सकता है, जैसे कि चीनी वस्तुओं के लिए अमेरिका में मांग में गिरावट, संभावित वैश्विक आर्थिक मंदी तथा निर्यात पुनर्निर्देशन पर असर। चीन ने अपनी अर्थव्यवस्था के लिए इस वर्ष पांच प्रतिशत सकल घरेलू उत्पाद का लक्ष्य रखा है।

नवीनतम 34 प्रतिशत शुल्क के साथ चीनी निर्यात पर कुल शुल्क 54 प्रतिशत हो गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में चीन पर करीब 15 प्रतिशत शुल्क लगाया था। इसके बाद राष्ट्रपति बने जो बाइडन ने इस शुल्क को बरकरार रखा था। चीन का अपने तीसरे सबसे बड़े बाजार अमेरिका को निर्यात



पिछले वर्ष 438 अरब अमेरिकी डॉलर था, जबकि अमेरिका से उसका आयात 143 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने चीन के उत्पादों पर शुल्क लगाते हुए उस पर फेंटेनाइल बनाने के लिए कच्चे माल के प्रवाह को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया है। फेंटेनाइल एक शक्तिशाली ओपिओइड है, जिसे अमेरिका में व्यापक स्तर पर मादक पदार्थ की लत फैलाने के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है। चीन ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए अमेरिकी किसानों को प्रभावित करने वाले कृषि उत्पादों को लक्षित कर अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले उत्पादों पर 34 प्रतिशत शुल्क लगाया है।

## चीन ने अमेरिका पर शुल्क लगाने के साथ आर्थिक धौंस जमाने का आरोप लगाया

**बैंकॉक।** चीन ने सोमवार को आरोप लगाया कि अमेरिका शुल्क (टैरिफ) लगाने के साथ मनमानी कर रहा है तथा आर्थिक धौंस दिखा रहा है। उसने टेस्ला समेत अमेरिकी कंपनियों के प्रतिनिधियों को टैरिफ मामले के हल के लिए ठोस कदम उठाने को कहा। विदेश मामलों के प्रवक्ता लिन जियान ने संवाददाताओं से कहा कि अंतरराष्ट्रीय नियमों पर अमेरिका को प्राथमिकता देने से वैश्विक उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला की स्थिरता को नुकसान पहुंचता है और दुनिया की आर्थिक सेहत पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। पिछले हफ्ते राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी वस्तुओं पर 34 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाया, जो फरवरी और मार्च में पहले से घोषित 10 प्रतिशत टैरिफ के अतिरिक्त है। चीन और अन्य सरकारों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की। चीन ने भी अमेरिकी वस्तुओं पर 34 प्रतिशत टैरिफ दर की घोषणा की। सोमवार को बीजिंग ने आत्मविश्वास का संदेश दिया, जबकि हांगकांग और शंघाई के बाजार गिरे हुए थे। कम्युनिस्ट पार्टी के आधिकारिक मुखपत्र पीपुल्स डेली ने कड़े शब्दों में विचार व्यक्त किए। उसने कहा, आसमान नहीं गिरेगा , भले ही अमेरिकी टैरिफ का असर हो। उसने लिखा, अमेरिकी करों के अंधाधुंध प्रकोप के बावजूद हम जानते हैं कि हम क्या कर रहे हैं और हमारे पास साधन हैं। यह अभी पता नहीं चला है कि क्या चीन के नेता शी चिनफिंग टैरिफ पर बातचीत के लिए ट्रंप से मुलाकात करेंगे। लिन ने संभावित मुलाकात को लेकर पूछे गए सवालों पर कहा कि इसका जवाब अन्य विभाग देंगे। हालांकि चीन के कुछ अधिकारियों ने सप्ताहांत में टेस्ला, जीई हेल्थकेयर और अन्य समेत अमेरिकी कारोबारी प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उप वाणिज्य मंत्री लिंग जी ने 20 अमेरिकी कंपनियों के साथ बैठक में कहा, शुल्क समस्या की जड़ अमेरिका में है।

### फलस्तीनी मकान, कृषि भूमि और बुनियादी ढांचे तबाह

# इजराइल ने गाजा के 50 प्रतिशत हिस्से को अपने नियंत्रण में लिया

» तेल अवीव, भाषा।

हमास के खिलाफ पिछले महीने युद्ध फिर से शुरू करने के बाद से इजराइल ने गाजा पट्टी में अपने प्रभाव का तेजी से विस्तार किया है और अब वहां 50 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र उसके नियंत्रण में है। इजराइली सैनिकों और अधिकार समूहों ने बताया कि सेना द्वारा नियंत्रित सबसे बड़ा निकटवर्ती क्षेत्र गाजा सीमा के आसपास है, जहां सेना ने फलस्तीनी मकानों, कृषि भूमि और बुनियादी ढांचे को इस हद तक तबाह कर दिया है कि अब वहां रहना असंभव है। हाल के सप्ताह में इस सैन्य बफर जोन का आकार दोगुना हो गया है। इजराइल का कहना है कि उसकी यह कार्रवाई अस्थाई रूप से जरूरी है ताकि सात अक्टूबर 2023 को हुए हमले के दौरान बंधक बनाए गए शेष लोगों को रिहा करने के लिए हमास पर दबाव बनाया जा सके। हमास द्वारा सात अक्टूबर 2023 को किए गए हमले के बाद यह युद्ध शुरू हुआ था। बहरहाल, मानवाधिकार समूहों और गाजा संबंधी मामलों के विशेषज्ञों का कहना है कि इजराइल के कब्जे वाली भूमि में क्षेत्र के उत्तर को दक्षिण से विभाजित करने वाला गलियारा भी शामिल है और इसका इस्तेमाल दीर्घकालिक नियंत्रण के लिए किया जा सकता है।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पिछले सप्ताह कहा था कि हमास की हार के बाद भी इजराइल गाजा में सुरक्षा नियंत्रण बनाए रखेगा और फलस्तीनियों को वहां से जाने के लिए मजबूर करेगा। इजराइल के पांच सैनिकों ने द एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को बताया कि इजराइली सीमा के निकट ध्वस्तीकरण और बफर जोन का व्यवस्थित विस्तार 18 महीने पहले युद्ध शुरू



होने के बाद से जारी है। टैंक दस्ते के साथ तैनात एक सैनिक ने कहा, उन्होंने (इजराइली बलों ने) वह सब कुछ नष्ट कर दिया जो वे कर सकते थे... (फलस्तीनियों के पास) वापस आने के लिए कुछ नहीं होगा, वे वापस नहीं आएंगे, कभी नहीं। हताहत हुए सैनिकों के बारे में पूछे जाने पर इजराइली सेना ने कहा कि सेना अपने देश की रक्षा के लिए और विशेष रूप से सात अक्टूबर के उस हमले के कारण तबाह हुए दक्षिणी समुदायों में सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और 251 बंधक बनाए गए थे। सेना ने कहा कि वह गाजा में आम नागरिकों को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहती और वह अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करती है। उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों से पता चलता है कि जिन इलाकों में कभी घनी आबादी थी वे अब मलबे में तब्दील हो गए हैं तथा संघर्ष विराम समझौता समाप्त होने के बाद से लगभग एक दर्जन नई इजराइली सैन्य चौकियां भी बन गई हैं।

## पोत परिवहन से होने वाले कार्बन उत्सर्जन पर वैश्विक कर लगाने के लिए विचार कर रहे हैं विश्व के देश



**संयुक्त राष्ट्र।** विश्व के देश वाणिज्यिक पोतों से होने वाले उत्सर्जन को लेकर उनसे शुल्क वसूलने के लिए एक समझौते पर पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं, जो दुनिया का पहला वैश्विक कार्बन कर होगा। अंतरराष्ट्रीय पोत परिवहन को नियंत्रित करने वाले अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ), ने इस क्षेत्र के लिए 2050 तक शुद्ध-शून्य ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि शून्य या लगभग शून्य उत्सर्जन वाले ईंधन का अधिक व्यापक उपयोग किया जाए। आईएमओ की समुद्री पर्यावरण संरक्षण समिति सोमवार से शुक्रवार तक लंदन में बैठक कर रही है। आईएमओ के सदस्य देशों की यह समिति समुद्री ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन पर मूल्य निर्धारण करने तथा स्वच्छ ईंधनों को चरणबद्ध तरीके से लागू करने के लिए समुद्री ईंधन मानक निर्धारित करने के वास्ते प्रस्तावित नए वैश्विक विनियमों को मंजूरी देने के लिए काम कर रही है। आईएमओ के महासचिव आर्सेनियो डोमिन्गुएज ने कहा कि ये उपाय जलवायु संबंधी आकांक्षाओं से कहीं अधिक हैं और ये वैश्विक स्तर पर परिचालन करने वाले जहाजों के लिए अनिवार्य हो जाएंगे। डोमिन्गुएज का मानना है कि उद्योगों को कार्बन प्रदूषण में कटौती करने के लिए और प्रयास करने चाहिए। जलवायु परिवर्तन के उपायों पर काम करने वाली ब्रिटेन स्थित गैर-लाभकारी संस्था ऑपर्चुनिटी ग्रीन में जलवायु कूटनीति की वरिष्ठ निदेशक एम्मा फेंटन ने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा वाले पोत परिवहन का भविष्य अधर में लटका हुआ है।

## यमन में अमेरिकी हवाई हमलों में चार लोगों की मौत: हूती विद्रोही



**दुबई।** हूती विद्रोहियों द्वारा नियंत्रित यमन की राजधानी सना में रविवार को संदिग्ध अमेरिकी हवाई हमलों में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। हूती संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। बहरहाल, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा साझा किए गए हमले के एक वीडियो से संकेत मिलता है कि हताहतों की संख्या हूती विद्रोहियों द्वारा बताई गई संख्या से संभवतः अधिक है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि सना में एक मकान को निशाना बनाया गया। उसने बताया कि इन हमलों में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य लोग घायल हो गए। इससे पहले रविवार को ईरान समर्थित हूती व्रिदोहियों ने कहा कि संदिग्ध अमेरिकी हवाई हमलों में उनके गढ़ सादा में कम से कम दो लोगों की जान चली गई और नौ अन्य घायल हो गए। हूती नियंत्रित समाचार चैनल अल-मसीरा द्वारा प्रसारित वीडियो में हमले में दो-मंजिला इमारत ढहती दिख रही है। इजराइल-हमास युद्ध के बाद हूती विद्रोहियों द्वारा पश्चिम एशिया में समुद्र में मालवाहक पोतों पर हमले किए जाने के कई मामले सामने आए हैं जिसके जवाब में अमेरिका हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर हवाई हमले कर रहा है। हूती विद्रोहियों द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अमेरिकी हमलों में अब तक कम से कम 69 लोग मारे जा चुके हैं। हूती विद्रोहियों ने इन हमलों में अपने सैन्य नेतृत्व में किसी के हताहत होने की बात स्वीकार नहीं की है जबकि ट्रंप द्वारा साझा किए गए वीडियो के बाद इस दावे पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ट्रंप ने ड्रोन से लिया गया 25 सेंकड का एक श्वेत-श्याम वीडियो साझा किया जिसमें 70 से अधिक लोग एक घेरे में इकट्ठे दिखाई दे रहे हैं तभी एक विस्फोट होता है। इसके बाद हमलास्थल पर एक बड़ा गड्ढा बन गया। हमले के स्थान और अन्य विवरण दिए बिना ट्रंप ने कहा, ए हूती विद्रोही हमले की तैयारी के लिए इकट्ठा हुए थे। अब ए कोई हमला नहीं करेंगे वे हमारे पोतों को फिर कभी निशाना नहीं बनाएंगे।

# गाजा में इजराइल ने अस्पतालों के पास हमला किया, कई पत्रकार मारे गए

» दीर अल-बला, भाषा।

गाजा पट्टी पर इजराइल ने दो प्रमुख अस्पतालों के बाहर स्थित तंबुओं पर रात में हमला किया, जिससे एक स्थानीय पत्रकार सहित कम से कम दो लोगों की मौत हो गई जबकि छह पत्रकारों समेत नौ अन्य घायल हो गए। स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अस्पताल के अनुसार, क्षेत्र में हुए अलग-अलग हमलों में 15 अन्य लोग भी मारे गए। अस्पताल के अनुसार, खान यूनिस में नासेर अस्पताल के बाहर मीडिया तंबू पर रात करीब दो बजे हमला हुआ, जिससे तंबू में आग लग गई और फलस्तीन टुडे समाचार वेबसाइट के रिपोर्टर यूसुफ अल-फकावी तथा एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। इस हमले में छह पत्रकार घायल हो गए। इजराइली सेना ने कहा कि उसने हमास के एक उग्रवादी पर हमला किया था। उसने कोई और जानकारी नहीं दी।

अस्पताल के अनुसार, इजराइल ने मध्य शहर दीर अल-बला में अल-अक्सा शहीद अस्पताल के किनारे स्थित तंबू पर भी हमला किया, जिससे तीन लोग घायल हो गए। नासेर अस्पताल के अनुसार, रात में अलग-अलग हमलों में छह महिलाओं और चार बच्चों समेत कुल 13 लोगों के शव भी मिले हैं। अल-अक्सा अस्पताल ने बताया कि दीर



अल-बला में एक घर पर हुए हमले में दो लोग मारे गए और तीन घायल हो गए। इजराइल ने पिछले महीने हमास के साथ युद्ध विराम समाप्त कर दिया था तथा हवाई और जमीनी हमले पुनः शुरू कर दिए थे। इजराइल ने मार्च की शुरुआत से ही खाद्य, ईंधन, दवा और मानवीय सहायता के आयात पर रोक लगा दी है। यहां 18 महीने से चल रहे युद्ध के दौरान हजारों लोगों ने अस्पताल परिसरों में लगाए गए तंबुओं में शरण ली है। इजराइल ने कई बार अस्पतालों पर छापे मारे हैं और हमास पर सैन्य उद्देश्यों के लिए अस्पतालों का उपयोग करने का आरोप लगाया है, हालांकि अस्पताल के कर्मचारियों ने इन आरोपों का खंडन किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### रूस की अदालत ने चोरी के मामले में दोषी अमेरिकी सैनिक की सजा घटाई

» मॉस्को, भाषा।

रूस में एक अपीलीय अदालत ने चोरी करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दोषी एक अमेरिकी सैनिक की सजा की अवधि सोमवार को कम कर दी। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती की खबर में यह जानकारी दी गई। अमेरिकी तथा रूसी अधिकारियों के अनुसार, 34 वर्षीय स्टाफ सार्जेंट गॉर्डन ब्लैक अपनी महिला मित्र से मिलने के लिए रूस के शहर व्लादिवोस्तोक आया था और यहां चोरी के आरोप के बाद मई 2024 में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। यह आरोप उसकी मित्र ने ही उस पर लगाया था।

एक महीने बाद, व्लादिवोस्तोक की एक अदालत ने उसे दोषी ठहराया और तीन साल तथा नौ माह जेल की सजा सुनाई। ब्लैक पर 10,000 रूबल (उस समय 115 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भी लगाया। ब्लैक ने सजा की अवधि कम करने का अनुरोध करते हुए एक क्षेत्रीय अदालत में अपील की थी लेकिन अदालत ने उसकी सजा को बरकरार रखा।

### पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सड़क दुर्घटना में 11 यात्रियों की मौत

» लाहौर, भाषा।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक सड़क दुर्घटना में महिला और बच्चों समेत कम से कम 11 यात्रियों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। आपातकालीन बचाव सेवा 1122 के प्रवक्ता के अनुसार, एक यात्री बस और एक तीन पहिया वाहन के बीच यह दुर्घटना रविवार रात जरानवाला में हुई। प्रवक्ता ने बताया कि बस जरानवाला से लाहौर जा रही थी तभी उसकी टक्कर तीन पहिया वाहन से हो गई और बस सड़क से नीचे उतर गई।

उन्होंने कहा, आठ यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां तीन लोगों ने दम तोड़ दिया। उनमें से तीन और लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्होंने कहा कि मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज़ ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

### पूर्व राष्ट्रपति कोविंद दुबई में होने वाले व्यापार सम्मेलन में भाग लेंगे

» दुबई, भाषा।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 23-24 अप्रैल को दुबई में होने वाले एक व्यापार शिखर सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। एससीएम मिडिल ईस्ट कॉन्क्लेव एंड अवार्ड्स 2025 की मेजबानी लॉजिस्टिक्स शक्ति नामक एक भारतीय थिंक टैंक करेगा, जो वैश्विक स्तर पर लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखलाओं को आगे बढ़ाने का काम करता है।

इस कार्यक्रम में भारत के पूर्व राष्ट्रपति बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे, जबकि संयुक्त अरब अमीरात के अर्थव्यवस्था मंत्रालय के अवर सचिव अब्दुल्ला अहमद अल सालेह सम्मानित अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। शिखर सम्मेलन में भारत-मध्य पूर्व आर्थिक गलियारे पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसमें वैश्विक व्यापार मार्गों को नया आकार देने, लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को बहाल करने और आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाने में इसकी परिवर्तनकारी भूमिका को तलाशा जाएगा।

## पाकिस्तान

### पख्तूनख्वा तथा बलूचिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों में बढ़ोतरी हुई

# अशांत खैबर पख्तूनख्वा में घुसपैठ की कोशिश कर रहे आठ आतंकियों को ढेर किया

» पेशावर, भाषा।

अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर घुसपैठ की कोशिश कर रहे आठ आतंकवादियों को पाकिस्तान के सुरक्षा बल ने मार गिराया और इस दौरान चार आतंकी घायल हो गए। सेना की मीडिया मामलों की शाखा ने यह जानकारी दी। प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) द्वारा नवंबर 2022 में सरकार के साथ संघर्ष विराम समाप्त करने के बाद पिछले एक साल में पाकिस्तान और खास कर यहां खैबर पख्तूनख्वा तथा बलूचिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों में बढ़ोतरी हुई है।

इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पांच और छह अप्रैल की मध्य रात्रि को उत्तरी वजीरिस्तान के हसन खेल के सामान्य क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा से घुसपैठ की कोशिश कर रहे खवारिज के एक समूह को देखा। इसमें कहा गया कि मुठभेड़ के बाद आठ आतंकवादी मारे गए और चार अन्य घायल हो गए। प्रांत द्वारा



फितना अल खवारिज शब्द का प्रयोग प्रतिबंधित टीटीपी के लिए किया जाता है। आईएसपीआर ने कहा, पाकिस्तान अंतरिम अफगान सरकार से सीमा के अपने हिस्से पर प्रभावी सीमा प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए लगातार कह रहा है। आईएसपीआर ने कहा कि पाकिस्तान के सुरक्षा बल अपनी सीमाओं को सुरक्षित रखने और देश से आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। घुसपैठ की इस विफल कोशिश से पहले, मार्च के अंत में उत्तरी वजीरिस्तान में भी इसी तरह के प्रयास किए गए थे जिन्हें नाकाम कर सुरक्षा बलों ने 16 आतंकवादियों को मार गिराया था। कुछ दिनों बाद खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों के साथ हुई चार अलग-अलग मुठभेड़ों में 11 आतंकवादी मारे गए - जिनमें से वजीरिस्तान के विभिन्न इलाकों में 10 आतंकियों को ढेर किया गया। पाकिस्तान संघर्ष एवं सुरक्षा अध्ययन संस्थान (पीआईसीएसएस) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च में देश में आतंकवादी हिंसा और सुरक्षा अभियान तेज हो गए हैं। देश में नवंबर 2014 के बाद पहली बार आतंकवादी हमलों की संख्या 100 के पार पहुंच गई है।


